राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

आम जन का आधार

लखनऊ से प्रकाशित

jagranmorchadaily@ gmail.com




वर्ष : 04 अंक : 357 | लखनऊ | बुधवार, 18 फरवरी 2026 | पृष्ठ : 12 | मूल्य 05 रुपया

विधानसभा में आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 पेश, वित्त मंत्री ने बताया संतुलित विकास का आदर्श उदाहरण

## मप्र की जीडीपी में 11.14 प्रतिशत वृद्धि, प्रति व्यक्ति आय बढ़कर हुई 1,69,050 रुपये हुई

भोपाल। मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने सदन में आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 प्रस्तुत किया। सर्वेक्षण के अनुसार, मध्य प्रदेश की जीडीपी में 11.14 प्रतिशत वृद्धि हुई है, जबकि प्रति व्यक्ति आय बढ़कर एक लाख 69 हजार 50 रुपये हो गई है।



उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने विधानसभा में आर्थिक बजट पेश करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश ने दूरदर्शी आर्थिक नीतियों के साथ संतुलित और समावेशी विकास का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया है। आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 में प्रस्तुत आँकड़ों से जाहिर है कि मध्य प्रदेश योजनाबद्ध, संतुलित और परिणामोन्मुख विकास पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश का विकास योजनाबद्ध, संतुलित और समावेशी रणनीति पर आधारित है। कृषि से उद्योग, सेवा से सामाजिक क्षेत्र और वित्तीय अनुशासन से सुशासन तक प्रत्येक क्षेत्र में निरंतर प्रगति हुई है।

उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत को विश्व की मजबूत अर्थव्यवस्था बनाने मध्यप्रदेश पूरी क्षमता के साथ तैयार है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने आर्थिक समृद्धि के जो कदम उठाये हैं, उनके परिणाम मिलना शुरू हो गये हैं।

उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने विधानसभा में प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्ष 2025-26 अग्रिम अनुमान में राज्य का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) प्रचलित भाव पर 16,69,750 करोड़ रूपये आँका गया है, जो वर्ष 2024-25 के 15,02,428 करोड़ रुपये की तुलना में 11.14 प्रतिशत वृद्धि दर्शाता है। इसी प्रकार स्थिर (2011-12) भाव पर जीएसडीपी 7,81,911 करोड़ रुपये अनुमानित है, जो 8.04 प्रतिशत की वास्तविक वृद्धि को प्रतिबिंबित करता है। उन्होंने कहा कि आर्थिक विस्तार केवल मूल्य वृद्धि का परिणाम नहीं, बल्कि वास्तविक उत्पादन और गतिविधियों में वृद्धि का परिणाम है।

देवड़ा ने कहा कि राज्य में प्रति व्यक्ति आय में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2011-12 में प्रचलित भाव पर 38,497 रुपये रही प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2025-26 में बढ़कर 1,69,050 रुपये हो गई है। स्थिर (2011-12) भाव पर यही आय 76,971 रुपये तक पहुँच गई है। उन्होंने कहा कि यह आय स्तर में सुधार का संकेत है, जो जीवन की गुणवत्ता में सकारात्मक परिवर्तन को रेखांकित करता है।

देवड़ा ने वर्ष 2025-26 में प्रचलित भाव पर सकल राज्य मूल्य वर्धन (जीएसवीए) में प्राथमिक क्षेत्र का योगदान 43.09 प्रतिशत, द्वितीयक क्षेत्र का 19.79 प्रतिशत तथा तृतीयक क्षेत्र का 37.12 प्रतिशत रहा। स्थिर भाव पर यह संरचना क्रमशः 33.54 प्रतिशत, 26.18 प्रतिशत और 40.28 प्रतिशत रही। इससे जाहिर है कि कृषि आधारित आधार को मजबूती देते हुए राज्य की अर्थव्यवस्था में उद्योग और सेवा क्षेत्रों में भी संतुलित विस्तार हुआ है। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, प्राथमिक क्षेत्र में वर्ष 2025-26 में कुल सकल राज्य मूल्य वर्धन 6,79,817 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 6,33,532 करोड़ रुपये की तुलना में 7.31 प्रतिशत वृद्धि दर्शाता है। इस क्षेत्र में फसलें 30.17 प्रतिशत भागीदारी के साथ प्रमुख घटक रहीं। पशुधन, वानिकी, मत्स्य एवं जलीय कृषि तथा खनन एवं उत्खनन का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## देश में एआई में दो सालों में आएगा 200 अरब डॉलर निवेश: अश्विनी वैष्णव

नई दिल्ली,। केंद्रीय इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में कहा कि आने वाले दो वर्षों में भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) क्षेत्र की पांचों परतों में 200 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश आने की उम्मीद है। जोखिम पूंजी कंपनियां गहन तकनीक स्टार्टअप्स, बड़े समाधान और अनुप्रयोगों, अत्याधुनिक मॉडल्स पर शोध और बुनियादी ढांचा और ऊर्जा परतों में निवेश कर रही हैं। इस मौके पर केंद्रीय इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद भी मौजूद रहे। वैष्णव ने यहां भारत मंडपम में एक सत्र में कहा कि भारत की एक बड़ी ताकत यह है कि देश की 51 प्रतिशत बिजली उत्पादन क्षमता स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों से आती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता और स्वच्छ ऊर्जा के प्रति प्रतिबद्धता के कारण यह संभव हुआ है। एआई के लिए ऊर्जा परत में निवेश का यह बड़ा लाभ भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाएगा। उन्होंने एआई के संभावित खतरों को बताते हुए कहा कि वैश्विक नेताओं के बीच इस बात पर सहमति बन रही है कि एआई का इस्तेमाल अच्छे कार्यों के लिए होना चाहिए और इसके हानिकारक प्रभावों को रोकना जरूरी है। इसके लिए केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि तकनीकी और कानूनी दृष्टिकोण अपनाना होगा। भारत का कृत्रिम बुद्धिमत्ता सुरक्षा संस्थान कई शैक्षणिक संस्थानों के साथ मिलकर ऐसे तकनीकी समाधान तैयार कर रहा है, जो एआई के दुष्प्रभावों को रोक सकें। एनवीडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेनसन हुआंग के सम्मेलन में शामिल न होने पर वैष्णव ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से आने में असमर्थता जताई, लेकिन अपनी वरिष्ठ टीम को भेजा है। एनवीडिया भारत की कई कंपनियों के साथ मिलकर एआई ढांचा और सॉफ्टवेयर के बड़े निवेश कर रहा है। वैष्णव ने कहा कि भारत अपने मजबूत आईटी सेक्टर में तकनीकी बदलाव को रणनीतिक रूप से संभाल रहा है। सरकार, उद्योग और शिक्षा संस्थानों के सहयोग से कर्मचारियों की प्रतिभाओं को निखारना, नई प्रतिभा तैयार करना और भविष्य की पीढ़ियों को तैयार करना प्रमुख उद्देश्य है। एआई आधारित रीस्किलिंग और 100 से अधिक कॉलेजों में पाठ्यक्रम सुधारों के जरिए युवाओं को वैश्विक अवसरों के लिए तैयार किया जा रहा है।





### बारामती विमान हादसे में एएआईबी ने कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर से डेटा लेने के लिए सहायता मांगी

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार की बारामती हवाई अड्डे के पास 28 जनवरी को मौत होने के बाद विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने मंगलवार को महत्वपूर्ण अपडेट जारी किया है। एएआईबी ने दुर्घटनाग्रस्त हुए 'लीयरजेट 45' विमान के कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) से डेटा प्राप्त करने के लिए विशेष सहायता मांगी है। बारामती में हुए लियरजेट 45 (वीटी-एसएसके) दुर्घटना की जांच को लेकर नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बताया कि इस विमान में दो स्वतंत्र उड़ान रिकॉर्डर लगे हुए थे। दुर्घटना के दौरान दोनों रिकॉर्डर लंबे समय तक तीव्र गर्मी के संपर्क में रहे और आग से क्षतिग्रस्त हो गए। मंत्रालय के मुताबिक डिजिटल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (डीएफडीआर) को एएआईबी फ्लाइट रिकॉर्डर प्रयोगशाला में सफलतापूर्वक डाउनलोड कर लिया गया है।कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) की भी विस्तृत तकनीकी जांच चल रही है। डेटा पुनर्प्राप्ति में विशेष सहायता के लिए निर्माता देश के मान्यता प्राप्त प्रतिनिधि से संपर्क किया गया है।

मंत्रालय के मुताबिक एएआईबी एक व्यापक, निष्पक्ष और साक्ष्य-आधारित जांच सुनिश्चित करने के लिए सभी निर्धारित तकनीकी और प्रक्रियात्मक प्रोटोकॉल का पूरी निष्ठा से पालन कर रहा है। ब्यूरो पारदर्शिता के प्रति पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है और जांच के उचित चरण में आगे की जानकारी साझा करेगा। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने सभी हितधारकों से अनुरोध किया है कि वे अटकलों से बचें और स्थापित प्रक्रियाओं के अनुसार जांच प्रक्रिया को आगे बढ़ने दें।

### अमित शाह, गडकरी समेत कई नेताओं ने वासुदेव बलवंत फड़के को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी समेत कई नेताओं ने महान क्रांतिकारी वासुदेव बलवंत फड़के की पुण्यतिथि पर मंगलवार को श्रद्धांजलि अर्पित की।

अमित शाह ने एक्स पोस्ट में कहा कि महान स्वाधीनता सेनानी और अमर बलिदानी फड़के ने अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध सशस्त्र क्रांति की नींव को मजबूत किया। उन्होंने युवाओं को मातृभूमि की स्वतंत्रता के ध्येय से जोड़ा।

गडकरी ने मराठी में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के प्रथम क्रांतिकारी वासुदेव बलवंत फड़के की स्मृति दिवस पर उन्हें नमन करता हूं। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उन्हें मां भारती का वीर सपूत, सशस्त्र संगठन 'रामोशी' का नायक और आद्य क्रांतिवीर बताते हुए उनके बलिदान दिवस पर नमन किया। उन्होंने कहा कि मातृभूमि की स्वाधीनता के लिए दिया गया उनका सर्वोच्च बलिदान युगों-युगों तक प्रेरणा देता रहेगा। मध्य प्रदेश के ुख्यमंत्री मोहन यादव ने फड़के की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने मातृभूमि को स्वतंत्र कराने के लिए कोली, भील तथा धांगड़ समुदाय को एकत्र कर 'रामोशी' संगठन स्थापित किया और पुणे नगर में स्वतंत्रता की चेतना को सुदृढ़ किया। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने क्रांतिकारी एवं बलिदानी फड़के को नमन करते हुए कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में सशस्त्र क्रांति का शंखनाद करने वाले फड़के ने देशवासियों को एकजुट होकर स्वाधीनता के लिए संघर्ष का आह्वान किया ।

## एआई भारत को ज्ञान महाशक्ति बनाएगा : धर्मेंद्र प्रधान

नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026' में कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) भारत की तकनीकी प्रगति की यात्रा में नया अध्याय जोड़ेगा और देश को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। भारत मंडपम में शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित ल्लपुशिंग द फ्रंटियर ऑफ एआई इन इंडियाङ्क विषयक विशेष सत्र में प्रधान ने कहा कि यह सम्मेलन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी पहल का हिस्सा है। इसका उद्देश्य भारत में एआई के विकास को प्रोत्साहित करना और वैश्विक मंच पर देश की क्षमता को प्रदर्शित करना है। भारत तीव्र गति से एआई को अपनाते हुए वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनने की दिशा में अग्रसर है और 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की प्राप्ति में एआई की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। प्रधान ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में एआई का उपयोग और एआई आधारित शिक्षा एक-दूसरे के पूरक हैं। आज की युवा पीढ़ी नई सोच और नवाचार की क्षमता से परिपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से एआई को अपनाने, इसके माध्यम से स्वयं को सशक्त बनाने और नए समाधान विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय युवाओं के प्रयास ही भारत को वैश्विक एआई मानचित्र पर अग्रणी शक्ति के रूप में स्थापित करेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य के अनुरूप शिक्षा प्रणाली में एआई के एकीकरण को मंत्रालय का प्रमुख प्रयास बताते हुए उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में डिजिटल प्लेटफॉर्म, नीतिगत ढांचे, संस्थागत सुधार, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, कौशल विकास और उन्नत अनुसंधान-नवाचार के लिए एआई-समर्थ आधारभूत संरचना तैयार की गई है। इस सत्र का उद्देश्य भारत के राष्ट्रीय एआई-इन-एजुकेशन रोडमैप को तैयार करना और उद्योग, शिक्षाविदों तथा सरकार के बीच सहयोग को मजबूत करना है।





कार्यक्रम में शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि समिट में शिक्षा के विभिन्न स्तरों- प्रारंभिक शिक्षा, कौशल विकास, अनुसंधान और वैश्विक नेतृत्व में एआई के संरचित एकीकरण पर सार्थक चर्चा हुई। उन्होंने मंत्रालय और स्किल इंडिया पवेलियन का भी दौरा किया, जहां भारत-केंद्रित एआई समाधानों का प्रदर्शन किया गया।ठ उल्लेखनीय है कि पिछले एक दशक में शिक्षा मंत्रालय ने डिजिटल प्लेटफॉर्म, नीतिगत ढांचे, संस्थागत सुधार और व्यापक क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के माध्यम से एआई-सक्षम शिक्षा की नींव मजबूत की है। बजट घोषणा के बाद सरकार ने आईआईटी मद्रास में एआई फॉर एजुकेशन के लिए उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की है।

सत्र में उद्योग जगत और निवेश पारिस्थितिकी तंत्र के प्रमुख प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इनमें ज़ोहो कॉर्पोरेशन के संस्थापक और सीईओ डॉ. श्रीधर वेम्बू, इन्फ्लेक्शन के टेक्नोलॉजिस्ट और इनोवेशन लीडर डॉ. विभु मित्तल, पीक ड्ढ्ठ पार्टनर्स के प्रबंध निदेशक राजन आनंदन, आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल, आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रो. वी. कामकोटि, आईआईटी बॉम्बे की प्रो. सुनीता सरावगी सहित अन्य विशेषज्ञ शामिल थे। इस सत्र का संचालन आईआईटी जम्मू के निदेशक प्रोफ़ेसर मनोज एस. गौर ने किया। चर्चा में एआई के जिम्मेदार उपयोग, स्वदेशी नवाचार, राष्ट्रीय शिक्षण प्लेटफॉर्म, शासन ढांचे और उद्योगऽअकादमिकऽसरकार सहयोग को मजबूत करने पर जोर दिया गया। सत्र का उद्देश्य शिक्षा में एआई के लिए राष्ट्रीय रोडमैप तैयार करना और इसे व्यापक स्तर पर लागू करने की दिशा में ठोस रणनीति विकसित करना था।

## बारामती विमान हादसे में एएआईबी ने कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर से डेटा लेने के लिए सहायता मांगी



नई दिल्ली। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार की बारामती हवाई अड्डे के पास 28 जनवरी को मौत होने के बाद विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने मंगलवार को महत्वपूर्ण अपडेट जारी किया है। एएआईबी ने दुर्घटनाग्रस्त हुए 'लीयरजेट 45' विमान के कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) से डेटा प्राप्त करने के लिए विशेष सहायता मांगी है। बारामती में हुए लियरजेट 45 (वीटी-एसएसके) दुर्घटना की जांच को लेकर नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बताया कि इस विमान में दो स्वतंत्र उड़ान रिकॉर्डर लगे हुए थे। दुर्घटना के दौरान दोनों रिकॉर्डर लंबे समय तक तीव्र गर्मी के संपर्क में रहे और आग से क्षतिग्रस्त हो गए। मंत्रालय के मुताबिक डिजिटल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (डीएफडीआर) को एएआईबी फ्लाइट रिकॉर्डर प्रयोगशाला में सफलतापूर्वक डाउनलोड कर लिया गया है।कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) की भी विस्तृत तकनीकी जांच चल रही है। डेटा पुनर्प्राप्ति में विशेष सहायता के लिए निर्माता देश के मान्यता प्राप्त प्रतिनिधि से संपर्क किया गया है। मंत्रालय के मुताबिक एएआईबी एक व्यापक, निष्पक्ष और साक्ष्य-आधारित जांच सुनिश्चित करने के लिए सभी निर्धारित तकनीकी और प्रक्रियात्मक प्रोटोकॉल का पूरी निष्ठा से पालन कर रहा है। ब्यूरो पारदर्शिता के प्रति पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है और जांच के उचित चरण में आगे की जानकारी साझा करेगा। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने सभी हितधारकों से अनुरोध किया है कि वे अटकलों से बचें और स्थापित प्रक्रियाओं के अनुसार जांच प्रक्रिया को आगे बढ़ने दें।

## एआई से स्वास्थ्य क्षेत्र में आएगा बड़ा बदलाव: अनुप्रिया

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने मंगलवार को कहा कि भारत की विशाल एवं विविध जनसंख्या ग्रामीण-शहरी विभाजन और संक्रामक एवं गैर-संक्रामक बीमारियों का दोहरा बोझ देश के सामने बड़ी चुनौती है। इससे निपटने के लिए तकनीक का इस्तेमाल बेहद जरूरी है और भारत ने अपने राष्ट्रीय स्वास्थ्य ढांचे में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का व्यापक एकीकरण किया है। अनुप्रिया पटेल ने यहां भारत मंडपम में 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' से पहले आयोजित विशेष सत्र में कहा कि एआई को केवल तकनीक अपनाने के रूप में नहीं देखा जा रहा, बल्कि इसे देश की विशिष्ट चुनौतियों का रणनीतिक समाधान माना जा रहा है। आज स्वास्थ्य क्षेत्र की पूरी शृंखला में एआई का इस्तेमाल हो रहा है। बीमारी की निगरानी से लेकर रोकथाम, जांच और इलाज तक एआई बहुत ज्यादा कारगर है। एआई स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ा बदलाव लाने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था में एआई का इस्तेमाल कई स्तरों पर हो रहा है। बीमारी की शुरुआती पहचान, समय पर रोकथाम, सटीक जांच और बेहतर इलाज के लिए एआई आधारित उपकरण काम कर रहे हैं। एआई से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ रही है और यह ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बीच की खाई को कम करने में भी मदद करेगा। अनुप्रिया पटेल ने कहा कि एआई आधारित रोग निगरानी प्रणाली से बीमारियों का फैलाव पहले ही पकड़ में आ जाता है। इसी तरह एआई से जांच और निदान तेज और सटीक हो रहा है। इलाज के दौरान एआई डॉक्टरों को बेहतर निर्णय लेने में मदद कर रहा है। भारत की स्वास्थ्य चुनौतियों को देखते हुए एआई का इस्तेमाल केवल विकल्प नहीं बल्कि आवश्यकता है। विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने में स्वास्थ्य क्षेत्र की मजबूती बेहद जरूरी है और एआई इसमें अहम भूमिका निभा रहा है।





## मनरेगा बचाओ आंदोलन, लखनऊ जाते कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी, लोकतंत्र पर हमला : कांग्रेस


हिरासत में लिये गये कांग्रेसी नेता

ललितपुर। मनरेगा बचाओ कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कार्यकर्ता ललितपुर से लखनऊ विधानसभा घेराव के लिए रवाना हुए थे। इसी दौरान ललितपुर कोतवाली पुलिस ने कांग्रेसजनों का पीछा करते हुए लखनऊ में छावनी परिषद क्षेत्र से उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार जनहित के मुद्दों पर उठने वाली आवाज को दबाने के लिए पुलिस का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि मनरेगा जैसे रोजगारपरक कार्यक्रम को कमजोर करने के खिलाफ शांतिपूर्ण ढंग से विरोध दर्ज कराने जा रहे कांग्रेस जनों की गिरफ्तारी लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि इस सरकार की तानाशाही से लोकतंत्र को खत्म नहीं किया जा सकता। हम कांग्रेसी जब तक जीवित हैं और जब तक सांस है, तब तक इस तानाशाही के खिलाफ आवाज उठाते रहेंगे। जब-जब सरकार डरती है, तब-तब पुलिस को आगे कर देती है नेताओं ने कहा। गिरफ्तार किए गए कांग्रेस जनों में प्रदेश सचिव बलवंत सिंह राजपूत, पिछड़ा वर्ग प्रदेश महासचिव पवन विश्वकर्मा, महिला जिलाध्यक्ष नेहा तिवारी, पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष रामभरोसे कुशवाहा, सुनील कुमार राय सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि मनरेगा और आम जनता के अधिकारों पर हमले नहीं रुके, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## जानकीपुरम में सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव व रचनात्मक प्रदर्शन का आयोजन



### हर एक को आपदा से निपटने की जानकारी आवश्यक है.... मनोज वर्मा

जागरण मोर्चा

लखनऊ । एक मजबूत और जागरूक राष्ट्र के लिए समाज के हर व्यक्ति को आपदा से निपटने की जानकारी अवश्य होनी चाहिए। ये बात सीनियर असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर मनोज वर्मा ने छात्राओं को प्रशिक्षण के दौरान कही।

जानकीपुरम के सेक्टर आई स्थित सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव और रचनात्मक प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं की सैकड़ों छात्राएं प्रतिभाग कर रही हैं। इस दरमियान उन्हें विभिन्न विषयों की जानकारी भी प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में आज आपदा प्रबंधन विषय की जानकारी सिविल डिफेंस के अधिकारी राष्ट्रपति पदक से अलंकृत मनोज वर्मा ने प्रदान की।

मनोज वर्मा ने छात्राओं को आपदा विषय की महत्ता बताते हुए कहा कि विभिन्न प्रकार की आपदाओं को और उनसे निपटने की जानकारी प्रत्येक को होनी चाहिए। कोई भी आग पर हम तभी काबू पा सकते है जब हम आग के बारे में जानकारी रखते हो। विद्यालय में लगे रासायनिक उपकरण को चलाना सभी को आना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को रासायनिक उपकरण के चलाने की विस्तृत जानकारी दी। इसी के साथ छात्राओं को बम्बू और कंबल के द्वारा बनावटी स्ट्रेचर बनाने का तरीका सिखाया और घायल को उस पर ले जाने का अभ्यास भी कराया, जिसे सभी छात्राओं ने बहुत ही रुचि के साथ सीखा। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सुधा तिवारी ने मनोज वर्मा का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर छात्राओं के साथ साथ विद्यालय की शिक्षिका निधि राय, निशा मिश्रा, स्मृति बिसरिया, शुभ्रा, झरना यादव, सहित एडवोकेट कंचन भी उपस्थित रही।

## लखनऊ- अर्जुना क्रिकेट लीग अंडर 16 सीजन 2026 के अंतर्गत आज दो मै च खेले गये, जिसमे आर्गानेकस्ट लाइफ साइंस ने पालिसी मंडी को 8 विकेट से, तथा द क्रिकेट स्कूल को पिकैडली पैंथर ने 7 विकेट से हराया ।

जागरण मोर्चा

लखनऊ । लखनऊ राजधानी के मल्टी एक्टिविटी ग्राउंड आशियाना मे चल रही किरन फाउंडेशन के तत्वावधान में रनिक स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित तथा जैन ज्वेलर्स के सरंक्षण में विख्यात क्रिकेट कोच दीपक त्रिपाठी के दिशानिर्देशों पर आयोजित अर्जुना क्रिकेट लीग अंडर 16 के आज के पहले मैच में आर्गानेकस्ट लाइफ साइंस ने पालिसी मंडी को 8 विकेट से करारी हार दी ।







टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पालिसी मंडी की टीम के बल्लेबाजो ने आर्गानेकस्ट लाइफ साइंस के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की, तथा 6 विकेट के नुक्सान पर 203 रनों का बढिया स्कोर खडा किया । साद अनीस ने 37 रन, चित्रांश पांडे ने 34 आदर्श मनधानी ने 28, प्रियांशु अग्रहरि ने 26 तथा कप्तान कार्तिक तिवारी के 24 रनों के संयुक्त प्रयास से 6 विकेट के नुक्सान पर 203 रनों का मजबूत स्कोर खडा किया । आर्गानेकस्ट लाइफ साइंस की ओर से गेंदबाजी करते हुए अमन कुमार ने 35/2, उतकर्ष द्विवेदी ने 26/2, अक्षत तिवारी ने 36/1 तथा विरेन सिंह ने 33/1 विकेट हासिल किया । लक्ष्य का पीछा करने उतरी आर्गानेकस्ट लाइफ साइंस की टीम ने हरीकिशन के 39 गेंदो पर धुआंधार 109 रनों की मदद से मात्र 17.2 ओवर 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया, हरीकिशन के अतिरिक्त उतकर्ष द्विवेदी ने 43 गेंदो पर 56, कृष्णा यादव वः 21 गेंदो पर 20, तथा विरेन पी सिंह ने 3 गेंदो पर 11 रन बनाए ।

पालिसी मंडी के गेंदबाजों मे से मात्र आयुष शर्मा ही एक विकेट हासिल करने में सफल रहे ।

दिन के दूसरे मैच में द क्रिकेट स्कूल को पिकैडली पैंथर ने 7 विकेट से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया, पहले बल्लेबाजी करते हुए द क्रिकेट स्कूल की टीम ने निर्धारित 30 ओवर्स मे से 24 ओवरो मे 110 रन बनाकर आल आउट हो गयी,

द क्रिकेट स्कूल की ओर से नीरज कौशल ने 30 गेंदो पर 4 चौंको तथा एक छक्के की मदद से सर्वाधिक 34 रनों की तथा मोहम्मद हसनैन ने 27 गेंदो पर 5 चौंको की मदद से 29 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली अन्य कोई भी बल्लेबाज कोई उल्लेखनीय योगदान नही दे सका ।

पिकैडली पैंथर की ओर से घातक गेंदबाजी करते हुए अग्रिम पाण्डेय ने 6 ओवर की गेंदबाजी में 2 मेडन डालते हुए मात्र 6 रन देकर 3 विकेट, तथा श्लोक असथाना ने 4 ओवर मे मात्र 13 रन खर्च कर 3 विकेट हासिल किए, प्रणव गुप्ता ने 32/2, आदित्य यादव ने 26/1, तथा तन्मय दिक्षित ने 5/1 विकेट हासिल किया ।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी पिकैडली पैंथर की टीम ने मात 13 ओवर मे 3 विकेट के नुक्सान पर लक्ष्य हासिल कर 7 विकेट से जीत दर्ज की ।

पिकैडली पैंथर की ओर से

श्लोक असथाना ने 25 गेंदो पर 5 चौंको तथा 4 गगनचुम्बी छक्को की मदद से 51 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली, आदित्य यादव 21 गेंदो पर 3 चौंको तथा 2 छक्को की मदद से 28 रन बनाए, काव्यांश सिंह ने 11/12 रन, शाश्वत यादव ने 13/10 रन, तथा प्रांजल मिश्रा 10 गेंदो पर 7 रन बनाकर नाबाद रहे ।

द क्रिकेट स्कूल की ओर से अजिजुर्रहमान, अभिषेक तथा मौर्या जी ने क्रमशः एक एक विकेट हासिल किया ।

आज के मैच मे मुख्य अतिथी अखिलेश शुक्ला सर तथा हिमांशु कालरा सर रहे, जिनका विख्यात कोच तथा टूर्नामेंट के संयोजक दीपक त्रिपाठी ने ग्राउंड पर स्वागत किया ।

मुख्य अतिथी अखिलेश शुक्ला सर तथा हिमांशु कालरा सर ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरुस्कृत किया तथा मैन आफ मैच रहे खिलाड़ियों को ट्राफी प्रदान की ।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान की लखनऊ महानगर में कार्यशाला संपन्न

जागरण मोर्चा




लखनऊ । पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान की लखनऊ महानगर कार्यशाला हजरतगंज स्थित हलवासिया कोर्ट सभागार में सम्पन्न हुई। कार्यशाला को मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री संजय राय, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर नीरज सिंह और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने संबोधित किया।

संजय राय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन कार्यकर्ता आधारित है।भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करता है और प्रशिक्षण से उसकी क्षमता, दक्षता और वैचारिक क्षमता का विकास होता है। प्रशिक्षण पार्टी की सतत प्रक्रिया और अभिन्न अंग है उन्होंने कहा कि व्यक्ति निर्माण से ही सशक्त संगठन का निर्माण होता है।

संजय राय ने बताया कि 7 मार्च से 14 अप्रैल तक दो दिवसीय मंडल कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा जिसमें रात्रि प्रवास भी शामिल है।

डॉ नीरज सिंह ने कहा कि दीनदयाल जी का जीवन प्रकाश स्तंभ है। उन्होंने राष्ट्र प्रथम, एकात्म मानववाद, अंत्योदय और अनेकता में एकता की अवधारणा दी जो पार्टी के मूल आधार है और प्रशिक्षण कार्यशाला के माध्यम से पार्टी पंडित जी और संस्थापक सदस्यों की विचारधाराओं को आत्मसात करने के लिए प्रेरित करती है। कार्यशाला से कार्यकर्ताओ में सेवा, समर्पण तथा राष्ट्रहित की भावना और अधिक प्रखर होगी। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि प्रशिक्षण महाअभियान संगठनात्मक एकजुटता को और मजबूत करेगा तथा आगामी दायित्वों के निर्वहन में कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यशाला में बड़ी स्क्रीन पर पीपीटी डिस्प्ले के माध्यम से पार्टी के नवाचार, पंच परिवर्तन, आगामी कार्यक्रम और अन्य करणीय कार्यो को भी दर्शाया गया और उनके संबंध में प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला में अवध क्षेत्र, लखनऊ महानगर व मंडल स्तर के पदाधिकारी और कार्यशाला संयोजक व सहसंयोजक उपस्थित रहे।

## VFS Global की अपील: समय से पहले करें वीज़ा आवेदन, धोखाधड़ी से रहें सतर्क

जागरण मोर्चा

लखनऊ । पीक ट्रैवल सीज़न से पहले ठ्ठक्क्ष क्द्यध्थ्थ्द्य ने भारत में वीज़ा आवेदकों के लिए परामर्श जारी कर समय से पहले आवेदन करने और वीज़ा धोखाधड़ी से बचने की अपील की है। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि वीज़ा अपॉइंटमेंट केवल उसकी आधिकारिक वेबसाइट या संबंधित दूतावास की वेबसाइट के माध्यम से ही बुक किए जाएँ।

दक्षिण एशिया की मुख्य परिचालन अधिकारी युम्मी तलवार ने कहा कि अंतिम समय में किए गए आवेदन से अनावश्यक तनाव और देरी बढ़ती है, साथ ही आवेदक ठगों के जाल में फँस सकते हैं। अधिकांश देश यात्रा तिथि से 180 दिन (6 माह) पहले तक वीज़ा आवेदन स्वीकार करते हैं, इसलिए यात्रियों को अग्रिम योजना बनानी चाहिए। कंपनी ने आवेदकों को याद दिलाया कि: वीज़ा अपॉइंटमेंट केवल आधिकारिक माध्यमों से ही बुक करें।

## टीईटी के नाम पर शिक्षकों की 'मॉब लिंचिंग' करना चाह रही भाजपा सरकार: महेंद्र सिंह

### संसद में अध्यादेश लाकर आरटीई एक्ट में संशोधन क्यों नहीं कर रही केंद्र सरकार

जागरण मोर्चा

लखनऊ। आम आदमी पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने आज केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार की उलटी चाल ने अनुभवी शिक्षकों को सड़क पर लाने की साजिश रच दी है और इसके खिलाफ आप शिक्षक प्रकोष्ठ ने अब बिगुल फूंक दिया है। उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि ''अध्यादेश लाओ या गद्दी छोड़ो'' क्योंकि गुरुओं के सम्मान से समझौता आम आदमी पार्टी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।

महेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार टीईटी (ट्ठक्त्ठ) के नाम पर अनुभवी शिक्षकों की 'मॉब लिंचिंग' करना चाहती है । यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि कल तक जो बच्चों का भविष्य संवार रहे थे, आज वे खुद अपनी पात्रता की जंग लड़ रहे हैं, लेकिन शिक्षकों का यह दर्द सुनने वाला सत्ता में कोई नहीं बैठा है। सरकार की नीयत पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षक-विरोधी नीतियों का अंत अब करीब है क्योंकि 2011 से पहले नियुक्त गुरुओं को 'अयोग्य' कहना उनकी दशकों की निष्ठा और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान का घोर अपमान है। उन्होंने सवाल किया कि जो सरकार बड़े-बड़े पूंजीपतियों के लाखों-करोड़ों के कर्ज माफ करने के लिए रातों-रात नियम बदल सकती है, वही सरकार आज इन लाखों शिक्षकों का घर बचाने के लिए संसद में अध्यादेश लाकर आरटीई एक्ट में संशोधन क्यों नहीं कर रही है? क्या दशकों का शिक्षण अनुभव एक दो घंटे की कागजी परीक्षा से छोटा हो गया है? ?उन्होंने कहा कि 50 साल की उम्र में पहुँच चुके शिक्षकों को, जिन्होंने हजारों छात्रों को डॉक्टर और इंजीनियर बनाकर देश की सेवा में लगाया, उन्हें आज 'पात्रता परीक्षा' के नाम पर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने जल्द ही अध्यादेश का रास्ता साफ नहीं किया, तो आम आदमी पार्टी शिक्षकों के सम्मान की इस लड़ाई को गांव-गांव और गली-गली तक ले जाएगी ।

# झूलेलाल जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग

### सिंधी समाज की चेट्टी चंद मेला कमेटी की बैठक में लिया निर्णय

### 20 मार्च को धूमधाम से मनाई जाएगी जयंती

जागरण मोर्चा



लखनऊ। चेट्टी चंद मेला कमेटी के पदाधिकारियों की इंदिरा नगर झूले लाल भवन में हुई बैठक में हुई। इस बैठक में भगवान झूलेलाल की जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने की मांग की गई।

चेट्टी चंद मेला कमेटी के प्रवक्ता अशोक मोतियानी ने बताया कि देश के कई प्रांतों में जैसे (राजस्थान, मध्य प्रदेश गुजरात) सहित अन्य राज्यों में भगवान झूलेलाल जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित है। जल्द ही मेला कमेटी के पदाधिकारी मुख्यमंत्री से मिलकर इससे लागू करने का अनुरोध करेंगे। मेला कमेटी अध्यक्ष रतन मेघानी महामंत्री संजय जसवानी कोषाध्यक्ष सतेन्द्र भावनानी, दर्पण लखमानी, हंसराज राजपाल, राजू जसवानी सतीश लखमानी, अमर नाथ चौधरी ने संयुक्त रूप से बताया कि भगवान झूलेलाल जयंती धूम धाम से मनाए जाने की तैयारियों में सिन्धी समाज जुट गया है। 20 मार्च को सिन्धी समुदाय अपने ईष्ट देव भगवान झूले लाल जी की जयंती धूम धाम से मनाई जाएगी। सिन्धी बाहुल्य क्षेत्रों से भगवान झूलेलाल की शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

## सीबीगंज में नौवीं की छात्रा रहस्यमय ढंग से गायब, फरदीपुर में रास्ते में रोकी गई कॉलेज छात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** जिले में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर दो अलग-अलग घटनाओं ने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक ओर सीबीगंज में कक्षा नौ की छात्रा रहस्यमय परिस्थितियों में घर से लापता हो गई, तो दूसरी ओर फरीदपुर में कॉलेज जाती छात्रा ने छेड़खानी और दुष्कर्म की धमकी का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

सीबीगंज थाना क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उनकी नौवीं में पढ़ने वाली बेटी रविवार रात घर में सोई थी, लेकिन सोमवार सुबह वह अचानक गायब मिली। कमरे में उसका कोई सामान बिखरा नहीं था, जिससे परिजन सन्न रह गए। आसपास और रिश्तेदारों में तलाश के बावजूद छात्रा का कोई सुराग नहीं लगा। पिता का कहना है कि बेटी किसी से मोबाइल फोन पर बात किया करती थी। इस जानकारी के बाद पुलिस ने कॉल डिटेल रिपोर्ट निकलवाकर जांच तेज कर दी है। इंस्पेक्टर प्रदीप चतुर्वेदी ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सभी संभावित पहलुओं पर जांच की जा रही है।

वहीं फरीदपुर थाना क्षेत्र की एक छात्रा ने गांव नगरिया विक्रम निवासी सचिन और उमेश पर गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्रा का कहना है कि रविवार शाम साहूकारा मोड़ पर दोनों ने उसे रोककर छेड़खानी की और विरोध करने पर दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी दी।

## 2.72 करोड़ से 30 हजार पौधों की मियावाकी, कूड़े के पहाड़ पर उगेगा जंगल

# सराय तल्फी में 40 साल पुराने कूड़े के पहाड़ का होगा कायाकल्प

- मंडल की सबसे हरी भरी मियावाकी विकसित करने का दावा
- देशी प्रजातियों के पौधों का उच्च घनत्व में रोपण



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में नगर निगम ने सराय तल्फी स्थित लगभग 40 साल पुराने कूड़े के पहाड़ को खत्म कर वहां मियावाकी वन विकसित करने की योजना बनाई है। 2.72 करोड़ रुपये की लागत से करीब 30 हजार पौधे लगाए जाएंगे। अधिकारियों का कहना है कि यह मंडल की सबसे घनी और हराभरी मियावाकी होगी।

नगर निगम पर्यावरण अभियंता राजीव कुमार राठी का कहना है कि वर्षों से जमा कचरे के निस्तारण के बाद अब भूमि के समतलीकरण के बाद चरणबद्ध तरीके से पौधरोपण किया जाएगा। इसके लिए जापान की मियावाकी तकनीक अपनाई जाएगी, जिसमें कम क्षेत्रफल में अधिक घनत्व के साथ देशी प्रजातियों के पौधे लगाए जाते हैं। इससे तीन से पांच साल में घना जंगल तैयार हो जाता है।

परियोजना के तहत मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने, जैविक खाद के उपयोग और नियमित सिंचाई की व्यवस्था की जाएगी। उनका कहना है कि इससे न केवल क्षेत्र का पर्यावरण सुधरेगा बल्कि आसपास के इलाकों में वायु गुणवत्ता में भी सुधार होगा।

### ऐसे बनेगा कूड़े के पहाड़ पर हरित वन

सराय तल्फी के 40 साल पुराने डंपिंग साइट को हरित क्षेत्र में बदलने के लिए नगर निगम ने 2.72 करोड़ रुपये की कार्ययोजना तैयार की है। परियोजना के तहत करीब 30 हजार देशी प्रजातियों के पौधे उच्च घनत्व में रोपे जाएंगे।

जापानी मियावाकी तकनीक से तीन से पांच वर्ष में घना जंगल विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। स्थानीय लोगों को भी पौधरोपण और संरक्षण से जोड़ने की योजना है, ताकि हरित क्षेत्र को दीर्घकाल तक सुरक्षित रखा जा सके।



इसका उद्देश्य न केवल पुराने डंपिंग साइट का निस्तारण करना है बल्कि शहर में हरे-भरे क्षेत्र बढ़ाकर वायु गुणवत्ता और पर्यावरण को सुधारना भी है। जनता को भी पौधारोपण और संरक्षण में शामिल किया जाएगा ताकि वन दीर्घकाल तक सुरक्षित रहे।

राजीव कुमार राठी, पर्यावरण अभियंता नगर निगम

# एसपी सिटी ने डॉग स्क्वायड के साथ परखी कोर्ट परिसर की सुरक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय





**बरेली।** कोर्ट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंगलवार को पुलिस प्रशासन ने व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया। एसपी सिटी मानुष पारीक, सीओ सिटी फर्स्ट आशुतोष शिवम भी मौके पर मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान कोर्ट के अंदर और बाहर हर सुरक्षा बिंदु का बारीकी से परीक्षण किया गया।

सुरक्षा अभियान के तहत डॉग स्क्वायड, बम निरोधक दस्ता, पीएसी और स्थानीय पुलिस बल की संयुक्त टीम ने पूरे परिसर की सघन तलाशी ली। संदिग्ध वस्तुओं की जांच के लिए विशेष उपकरणों का इस्तेमाल किया गया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि न्यायालय परिसर जैसे संवेदनशील स्थान पर किसी भी तरह की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एसपी सिटी ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर कैमरों की मॉनिटरिंग व्यवस्था देखी। लगेज चेकिंग प्वाइंट पर तैनात कर्मियों को विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए। हवालात, पार्किंग स्थल और प्रवेश द्वारों की सुरक्षा व्यवस्था भी परखी गई। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सख्ती के साथ संवेदनशील व्यवहार रखने, आम लोगों और वकीलों के साथ शालीनता से पेश आने तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान कोर्ट परिसर की सुरक्षा से जुड़े नोडल अधिकारी के साथ बैठक कर सुरक्षा मानकों को और सुदृढ़ करने पर चर्चा हुई। इस दौरान परिसर में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने पर सहमति बनी, ताकि निगरानी तंत्र को और मजबूत किया जा सके और हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके। पुलिस प्रशासन ने दोहराया कि कोर्ट परिसर में आने वाले वकीलों, न्यायिक कर्मचारियों और आम नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से समय-समय पर सुरक्षा समीक्षा और औचक निरीक्षण किए जाते रहेंगे, जिससे किसी भी संभावित खतरे को पहले ही रोका जा सके।

## बदायूं रोड पर बस रहीं दो अवैध कॉलोनियां ध्वस्त




जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बदायूं रोड करीब 30 बीघा जमीन पर बिना स्वीकृति प्लॉटिंग कर सड़क, नाली और बाउंड्रीवाल खड़ी की जा रही थी। बीडीए की टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों साइटों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर दी।

बीडीए उपाध्यक्ष डॉ ए मनिकंडन ने बताया कि पहली कार्रवाई में करीब 10 बीघा जमीन पर भूखंडों का चिन्हांकन कर सड़क डाल दी गई थी, नालियां बन रही थीं और चारदीवारी खड़ी की जा रही थी। वहीं दूसरी जगह करीब 20 बीघा क्षेत्र में भी बिना अनुमति प्लॉट काटे जा रहे थे। नालियां और बाउंड्रीवाल बन चुकी थीं। जांच में सामने आया कि बीडीए से कोई लेआउट स्वीकृत नहीं कराया गया था। टीम ने मशीन बुलाकर बन रही संरचनाओं को तोड़ा और प्लॉटिंग के निशान भी मिटवा दिए।

कार्रवाई प्राधिकरण के सहायक अभियंता गजेन्द्र पाल शर्मा, अवर अभियंता सुरेन्द्र द्विवेदी और प्रवर्तन टीम की मौजूदगी में हुई। बीडीए उपाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि बिना स्वीकृत मानचित्र और लेआउट के की जाने वाली कोई भी प्लॉटिंग कानूनन अवैध है और उस पर सीधे ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

बीडीए उपाध्यक्ष डॉ ए मनिकंडन ने आम नागरिकों को आगाह किया है कि जमीन या मकान खरीदने से पहले यह जरूर जांच लें कि संबंधित कॉलोनी को बीडीए से स्वीकृति मिली है या नहीं। वरना खरीदार भी नुकसान उठाएंगे और कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

## आज चाँद नज़र आया तो मस्जिदों में शुरु होगी नमाज़-ए-तरावीह

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** आज आसमान में रमज़ान शरीफ का चाँद नज़र आ गया तो शहर की सभी प्रमुख दरगाहों,खानकाहों व मस्जिदों में नमाज़-ए-तरावीह शुरू हो जायेगी। और आज चाँद नजर नही आया तब फिर 19 फरवरी से नमाज़ा-ए-तरावीह शुरू हो जाएगी। इसको लेकर सभी मस्जिदों में तैयारियां पूरी कर ली गयी है। नमाज़ियों की सहूलियत के हिसाब से अलग-अलग मस्जिदों में मुक़म्मल क़ुरान के दिन तय कर दिए है। कारोबारियों की सहूलियत के लिए दो शिफ्टों में भी तरावीह का इंतज़ाम किया गया है। दरगाह आला हज़रत के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि मुक़म्मल कुरान का सिलसिला 6 वे रमज़ान से 27 वे रमज़ान तक चलेगा। शहर में सबसे पहले पुराना शहर बालजती स्कूल के पास छठे रोज़ो को गुरुड़ वाली मस्जिद में कुरान मुकम्मल होगा। 26 वे रोज़े को दरगाह आला हज़रत स्थित रज़ा मस्जिद, दरगाह शाहदाना वली व किला की शाही जामा मस्जिद जसोली की पीराशाह मस्जिद समेत अधिकांश मस्जिदों में मुक़म्मल होगा। आज़म नगर की जामुन वाली मस्जिद में दो शिफ्टों में तरावीह की नमाज़ा अदा की जाएगी। पहला मुकम्मल 22 वे रमज़ान को होगा। वहीं दूसरी शिफ्ट रात 10 बजे शुरू होगी जिसका मुकम्मल 14 वे रोज़े को होगा। खननू मोहल्ले की मस्जिद अबू बक्र में 8 वे रोज़े को मुक़म्मल होगा। 10 वे सिटी सब्ज़ी मंडी की एक मीनार मस्जिद में। 11 वे रोज़े को ख़ानक़ाह-ए-वामिकिया मे। 14 रोज़ो को सैलानी की ताड़ वाली मस्जिद,21 वे रोज़े को सैलानी की हबीबिया मस्जिद में। 27 वे रोज़े को सबसे आखिर में बाजार संदल खान स्थित दरगाह वली मियां में कुरान मुकम्मल किया जाएगा।

# महाजन अस्पताल में युवती से छेड़छाड़, सुरक्षा गार्ड पर मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे परिजनों को क्या पता था कि वहीं उनकी इज्जत पर हमला हो जाएगा। महाजन अस्पताल में सोमवार देर रात एक युवती से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोप अस्पताल के ही सुरक्षा कर्मी पर है। युवती की तहरीर पर बारादरी थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

पीलीभीत के गजरौला निवासी युवती अपने परिजनों के साथ अस्पताल में भर्ती मरीज की देखभाल के लिए आई थी। वह ढ्ढष्ट के सामने हाल में परिवार के साथ सो रही थी। रात करीब एक से डेढ़ बजे के बीच उसे महसूस हुआ कि कोई उसके साथ अशोभनीय हरकत कर रहा है। जैसे ही युवती की आंख खुली, सामने का नजारा देख उसके होश उड़ गए। आरोप है कि अस्पताल का सुरक्षा गार्ड अमर उसके बेहद करीब बैठा था और उसके साथ छेड़छाड़ कर रहा था।

### शोर मचाते ही भागा गार्ड

युवती के शोर मचाते ही आरोपी वहां से भागकर ढ्ढष्ट की ओर चला गया। कुछ ही देर बाद वह गलती हो जाने की बात कहकर माफी मांगने लगा। लेकिन तब तक मामला बिगड़ चुका था और अस्पताल में हड़कंप मच गया। पीड़िता ने तुरंत अस्पताल प्रशासन को सूचना दी। इसके बाद उसे थाने ले जाया गया, जहां लिखित शिकायत दी गई। युवती ने साफ कहा है कि अस्पताल परिसर में लगे ष्टष्टञ्जङ्क कैमरों की फुटेज खंगाली जाए, जिससे सच्चाई सामने आ सके।

इस घटना ने अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। जहां मरीज जिंदगी और मौत से जूझ रहे हों, वहां तीमारदारों की सुरक्षा ही खतरे में पड़ जाए तो सवाल उठना लाजमी है। बारादरी पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### अस्पताल प्रबंधन का बयान

महाजन अस्पताल के मालिक राजेश कुमार महाजन ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में अभी-अभी आया है। उन्होंने बताया कि घटना की आंतरिक जांच कराई जा रही है। यदि किसी भी कर्मचारी की संलिप्तता पाई जाती है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## छात्रा से दुष्कर्म करने वाला अनस गिरफ्तार, परिजन फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में हाईस्कूल की छात्रा से कथित दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

पीड़िता के पिता की तहरीर पर दर्ज मुकदमे में दूसरे समुदाय के मोहम्मद अनस को मुख्य आरोपी बनाया गया है। उसके साथ दो सगी बहनों और माता-पिता को भी नामजद किया गया है। पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी के परिजन घर छोड़कर फरार हो गए।

पीड़िता के परिजनों के अनुसार, छात्रा रविवार को कॉलेज के वार्षिकोत्सव में शामिल होने गई थी। शाम को मोहम्मद अनस उसे बाइक से घर छोड़ने आया। उस समय छात्रा की हालत सामान्य नहीं थी। होश आने पर छात्रा ने आरोप लगाया कि सहेली उसे अपने घर ले गई, जहां उसे नशीला पदार्थ दिया गया। इसके बाद सहेली के भाई अनस ने उसके साथ दुष्कर्म किया और वीडियो वायरल करने की धमकी दी।

तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने छात्रा का मेडिकल परीक्षण कराया और साक्ष्य संकलन शुरू कर दिया। नामजद अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। सीओ नवाबगंज नीलेश मिश्रा ने बताया कि आरोपी अनस को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है। अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम लगाई गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# महर्षि चौक से श्यामगंज पुल तक बनेगी मॉडल सड़क

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने और मुख्य मार्गों को आधुनिक रूप देने की दिशा में नगर निगम ने बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (सीएम ग्रिड योजना) के तीसरे चरण में अब महर्षि चौक से श्यामगंज पुल तक करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी सड़क को 36 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जाएगा। परियोजना का प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है और स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू होगा।

परियोजना की जानकारी देते हुए एक्सईएन राजीव राठी ने बताया कि सड़क को आधुनिक मानकों के अनुरूप तैयार किया जाएगा। वर्तमान में सड़क के बीच स्थित डिवाइडर की चौड़ाई लगभग 0.7 मीटर है, जिसे बढ़ाकर 1.2 मीटर किया जाएगा। इससे सड़क का स्वरूप अधिक आकर्षक होगा और यातायात संचालन भी सुरक्षित व सुव्यवस्थित बनेगा।

### सड़क को मिलेगा स्मार्ट लुक

इस परियोजना के तहत बिजली की सभी लाइनों को भूमिगत किया जाएगा। इससे वर्षों से सड़कों के ऊपर फैले तारों के जाल से मुक्ति मिलेगी और दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी। दोनों ओर मजबूत और समतल फुटपाथ बनाए जाएंगे, जिससे पैदल चलने वाले लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। साथ ही डिवाइडर और किनारों पर पौधारोपण कर मार्ग को हरित और सुंदर बनाया जाएगा। नगर निगम का दावा है कि इस मार्ग पर वर्तमान में यातायात का दबाव काफी अधिक रहता है। नई सड़क, चौड़े डिवाइडर और बेहतर ट्रैफिक प्रबंधन से जाम की समस्या में राहत मिलेगी। इससे आसपास के व्यापारियों और स्थानीय निवासियों को सीधा लाभ मिलेगा।

### दूसरे चरण का काम भी जारी

सीएम ग्रिड योजना के दूसरे चरण में स्टेडियम रोड पर डेलापीर से स्टेडियम तक निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। एक ओर का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि दूसरी ओर का काम शीघ्र पूर्ण होने की संभावना है। प्रेमनगर क्षेत्र में भी विकास कार्य प्रगति पर हैं। नगर आयुक्त संजीव मौर्य ने बताया कि तीसरे चरण की डीपीआर शासन को भेज दी गई है। स्वीकृति मिलते ही कार्य प्रारंभ कराया जाएगा और पूर्व स्वीकृत परियोजनाओं को भी तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। शहर की प्रमुख सड़कों के इस कायाकल्प से बरेली को आधुनिक और व्यवस्थित यातायात तंत्र की ओर एक मजबूत कदम माना जा रहा है।

## मेडिसिटी के पास चल रहा था स्पा, बारादरी पुलिस ने मारा छापा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** पीलीभीत बाईपास रोड पर अस्पतालों की कतार के बीच स्पा के नाम पर शर्मनाक धंधा चल रहा था। सूचना मिलते ही बारादरी पुलिस ने दबिश दी। छापे की भनक लगते ही अंदर अफरा-तफरी मच गई और कई लोग मौके से खिसक गए।

बारादरी क्षेत्र के मेडिसिटी हॉस्पिटल के बराबर स्थित सर्वोत्तम हॉस्पिटल की दूसरी मंजिल पर कथित स्पा सेंटर में देह व्यापार चल रहा था। स्थानीय लोगों का कहना है कि सेकेंड फ्लोर पर बने इस स्पा सेंटर में संदिग्ध युवकों और युवतियों की आवाजाही बढ़ गई थी। देर रात तक आना-जाना और बंद कमरों में गतिविधियां आसपास के लोगों को खटकने लगीं। आखिरकार लोगों ने हिम्मत कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। अचानक हुई कार्रवाई से अंदर मौजूद लोगों में भगदड़ जैसे हालात बन गए। पुलिस ने स्पा सेंटर का ऑफिस तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया और मौजूद लोगों से पूछताछ की। बताया जा रहा है कि कुछ लोग पुलिस के पहुंचने से पहले ही निकल भागे।

अस्पताल जैसी संवेदनशील जगह के ठीक बगल में ऐसे धंधे के आरोप सामने आने से इलाके में नाराजगी है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि परिवारों और मरीजों की आवाजाही वाले क्षेत्र में इस तरह की गतिविधियां सामाजिक माहौल को बिगाड़ रही हैं। लोगों ने प्रशासन से सख्त और स्थायी कार्रवाई की मांग की है। बारादरी इंस्पेक्टर धनंजय पांडे ने बताया कि स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार चलने की सूचना मिली थी, पुलिस टीम के साथ स्पा सेंटर पर छापा मारा गया, लेकिन स्पा सेंटर पहले से ही बंद था।

# एक वर्ष से हैंड पंप खराब, सचिव पर फर्जी आख्या लगाने का आरोप



जैतीपुर-शाहजहांपुर। विकासखंड में जनसुनवाई पोर्टल के दुरुपयोग का मामला सामने आया है। गोरा बकैनिया ग्राम पंचायत के ग्राम कटहा में एक साल से खराब पड़े सरकारी हैंडपंप की शिकायत पर कर्मचारियों ने कथित तौर पर फर्जी आख्या लगाकर निस्तारण कर दिया।कटहा निवासी सर्वेश के मकान के सामने स्थित यह हैंडपंप पिछले एक वर्ष से खराब है। कई बार शिकायत के बावजूद जब इसे ठीक नहीं किया गया, तो सर्वेश ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। आरोप है कि इसके बाद भी हैंडपंप सही नहीं हुआ और कर्मचारियों ने पोर्टल पर फर्जी आख्या लगा दी। सर्वेश ने बताया कि सचिव ने उनके घर के सामने खराब हैंडपंप की शिकायत पर फर्जी आख्या लगाकर रिपोर्ट सहायक विकास अधिकारी पंचायत को भेजी। निस्तारण रिपोर्ट में मिस्त्री द्वारा हैंडपंप सही करते हुए एक फोटो भी लगाया गया है, जिसे सर्वेश ने पूरी तरह फर्जी बताया है। उनका कहना है कि फोटो की लोकेशन दूसरी है। उन्होंने उच्च अधिकारियों से इस फर्जी आख्या लगाने वाले कर्मचारी की जांच कर कार्रवाई करने और शीघ्र हैंडपंप सही कराने की मांग की है। इस संबंध में सहायक विकास अधिकारी पंचायत पवन कुमार ने बताया कि आख्या पंचायत सचिव ने लगाई है। वहीं, खंड विकास अधिकारी मनीष दत्त ने आश्वासन दिया कि हैंडपंप को शीघ्र ही सही करा दिया जाएगा।

# श्री रामचन्द्र मिशन आश्रम में प्रवाहित हुई ध्यान, भक्ति और साधना की त्रिवेणी



शाहजहांपुर। श्री राम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडिटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक पूज्य कमलेश डी. पटेल 'दाजी' के सान्निध्य में राम चन्द्र मिशन आश्रम में आयोजित बसंत उत्सव के दूसरे चरण के दूसरे दिन का शुभारंभ सामूहिक ध्यान साधना से हुआ। देश-विदेश से पधारे सहस्रों अभ्यासी एकात्म भाव से ध्यान में लीन होकर मानव कल्याण एवं विश्व शांति की मंगल कामना करते दिखाई दिए। सम्पूर्ण आश्रम परिसर शांति, श्रद्धा और साधना के आलोक से आलोकित हो उठा। इस अवसर पर पूज्य दाजी ने अपने संदेश में बाबूजी महाराज के वचनों का स्मरण कराते हुए कहा कि आत्मा अपनी जंजीरों से मुक्त होना चाहती है, और यही सर्वोच्च स्तर की महत्वाकांक्षा का स्वरूप है। हम वही बनना चाहते हैं, जो वास्तव में हम हैं, किंतु जिसे हम विस्मृत कर बैठे हैं। बाबूजी महाराज ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है कि हमारा लक्ष्य ईश्वर के साथ पूर्ण रूप से एकमय होना है और जब तक ध्येय की प्राप्ति न हो, तब तक विश्राम नहीं करना चाहिए। लक्ष्य के प्रति जागरूकता बनी रहे तो आलस्य स्वयं ही पराजित हो जाता है। ध्यान सत्र के उपरांत मिशन के अभ्यासी एवं ख्यातिलब्ध भजन गायक चरन प्रीत ने अपने मधुर स्वर और संगीत से सजा दो घर गुलशन सा मेरे सरकार आए हैंङ्क तथा ल्लालाजी की याद में हम सब खो जाएँ जैसे भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे पूरा पंडाल भक्ति और अध्यात्म की रसधारा में सराबोर हो उठा। आयोजन को सफल बनाने में कान्हा आश्रम प्रबंधक विनीत राणावत, माधो गोपाल अग्रवाल, ए.के. गर्ग, सुयश सिन्हा, राजीव श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार सिंह, शुभम सक्सेना, जोन प्रभारी सौमेंद्र त्यागी, सहित अनेक साधकों का सराहनीय योगदान रहा।

### बसंत उत्सव में शामिल होने रामचन्द्र मिशन आश्रम पहुंचे पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद पुष्पगुच्छ भेंटकर किया दाजी का अभिनंदन

शाहजहांपुर। श्री रामचन्द्र मिशन आश्रम में चल रहे बसन्त उत्सव में आज देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद भी अपने तीन दिन के प्रवास पर ध्यान साधना करने पहुंचे। रिलायंस में बने हैलीपैड में जब उनका हैलीकॉप्टर पहुंचा तो यहा जिला अधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने उनका स्वागत किया। यहां से पूर्व राष्ट्रपति भारी काफिले के साथ आश्रम पहुंचे। यहां पहुंचने पर उनका मिशन के सचिव उमा शंकर बाजपेई,संयुक्त सचिव अर्जुन अग्रवाल, श्री गोपाल अग्रवाल, केंद्र प्रभारी सर्वेश चंद्रा, राज गोपाल अग्रवाल आदि ने उनका स्वागत किया। पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने आश्रम पहुंचकर पूज्य दाजी को पुष्पगुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया।इसके बाद पूर्व राष्ट्रपति श्री कोविंद ने पूज्य दाजी से मुलाकात की और ध्यान किया।

# पूर्व माध्यमिक विद्यालय में कम्प्यूटर लैब का उद्घाटन



मिर्ज़ापुर-शाहजहांपुर। पूर्व माध्यमिक विद्यालय पृथ्वीपुर-कलान में नेचर बायो फूड्स कलान किसान परियोजना के तहत पांच कम्प्यूटर उपलब्ध कराए गए। मंगलवार को नवस्थापित कम्प्यूटर लैब का उद्घाटन उपजिलाधिकारी कलान अभिषेक प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान कृष्ण पाल सिंह, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष वीरभान, इको लाइफ फाउंडेशन के अध्यक्ष नवरत्न सिंह, नेचर बायो फूड्स के क्षेत्रीय प्रबंधक रवि राजौरा, छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी ने कहा कि कम्प्यूटर शिक्षा आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इससे बच्चों को आधुनिक शिक्षा से जुड़ने और भविष्य में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ऐराज मियां ने क्षेत्रीय प्रबंधक रवि राजौरा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कम्प्यूटर लैब से विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा का लाभ मिलेगा। इस दौरान कम्प्यूटर शिक्षिका विभा शर्मा, राजवीर सिंह, नक्षत्र पाल, अंकित गुप्ता सहित कई अभिभावक उपस्थित रहे।

## नगर निगम में जनसुनवाई, 10 शिकायतें आईं, 2 का मौके पर निस्तारण



शाहजहांपुर। नगर निगम कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र ने की। यह जनसुनवाई सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक ल्लसम्भवङ्क कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित हुई। जनसुनवाई में शहर के लोगों ने साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट (प्रकाश बिंदु), नाली निर्माण और कर विभाग से जुड़ी अपनी समस्याएं रखीं। नगर आयुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समय से समाधान किया जाए। कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 2 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। बाकी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त एस.के. सिंह, संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी, अन्य अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

## मनरेगा प्रदर्शन के लिए लखनऊ जा रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष समेत कई कार्यकर्ता हिरासत में



शाहजहांपुर। मनरेगा बचाव संघर्ष अभियान के तहत लखनऊ में विधानसभा घेराव के लिए जा रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता उर्फ मुन्ना समेत कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इस दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच नोकझोंक भी हुई। जानकारी के अनुसार, कांग्रेस पार्टी ने लखनऊ में विधानसभा घेराव का आह्वान किया था। शाहजहांपुर से जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता लखनऊ जाने की तैयारी कर रहे थे। सोमवार शाम लोधीपुर स्थित उनकी दुकान पर रणनीति बनाई जा रही थी और करीब दस वाहन भी तैयार कर लिए गए थे। पुलिस को सूचना मिलने पर भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने लगभग दो दर्जन पदाधिकारियों को हिरासत में लेकर दुकान के अंदर बैठा दिया और बाहर से लोहे का चैनल बंद कर दिया। करीब तीन घंटे बाद सभी को उनके घरों पर छोड़ा गया और नजरबंद कर दिया गया। कांग्रेस पदाधिकारियों का कहना है कि उन्हें मंगलवार सुबह 11 बजे तक लखनऊ पहुंचना था, लेकिन पुलिस ने रोक दिया। उन्होंने कहा कि वे अपनी आवाज दबने नहीं देंगे और हर हाल में लखनऊ जाने का प्रयास करेंगे। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियातन कार्रवाई की गई है।

# 67 हज यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण व टीकाकरण



शाहजहांपुर। राज्य हज समिति के निर्देश पर जनपद से हज यात्रा पर जाने वाले आजमीन-ए-हज का स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण कार्यक्रम पुराने जिला चिकित्सालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकों की टीम ने सभी हज यात्रियों की विस्तृत जांच की और जरूरी टीके लगाए। टीम में डॉ. शोएब अली (चिकित्सा अधिकारी), मोहम्मद जावेद, अहमद सिद्दीकी, जहीम खान तथा स्टाफ नर्स पिंकी, शालिनी शर्मा और स्नेहा सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। सभी यात्रियों को टीकाकरण के साथ पोलियो की खुराक भी दी गई। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी.पी. श्रीवास्तव ने यात्रियों को यात्रा के दौरान खान-पान, स्वच्छता और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सावधानी बरतने की सलाह दी। कार्यक्रम में कुल 67 हज यात्रियों का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी व्यवस्थाएं सुचारू रहीं, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मदरसा नुरुल हुदा बिजलीपूरा के प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां, मोईन खान, शारिक अली खान, साजिद अली खान, अब्दुल कादिर खान, निफासत अली खान, सविहा सुल्ताना, गुलाम कादिर तथा हज ट्रेनर मोहम्मद मशकूर खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# इंस्टा पर हुई मोहब्बत ने युवक को पहुंचाया सीखचों के पीछे

### नाबालिग किशोरी 17 दिन से वन स्टॉप सेंटर पर 10 दिन से आरोपी युवक पुलिस हिरासत में ,आरोपी छुड़वाने को दो युवकों ने ठगे डेढ़ लाख

### पीड़िता के कोर्ट में हुए बयान का अवलोकन का होगी कार्यवाही –कोतवाल



तिलहर-शाहजहांपुर। इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती प्यार में बदलते ही प्रेमी युगल फरार हो गया। दलित हिन्दू लड़की और समुदाय विशेष का लड़का होने के चलते पहले लड़की पुलिस के हवाले कर दी गई। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को भी हिरासत में ले लिया। जो परिजनों के मुताबिक बीते दस दिन से थाने की हवालात में रखा गया है। वहीं युवक को छुड़ाने के एवज में दो युवकों द्वारा डेढ़ लाख रुपए ऐंठ लेने का आरोपी के मजदूर पिता ने आरोप लगाया है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की दलित नाबालिग किशोरी को इंस्टा पर प्रेम प्रसंग के चलते समुदाय विशेष का एक युवक बीती 28 जनवरी को भगा ले गया था। जिसकी पीड़ित पिता ने नगर के मोहल्ला नजर पुर निवासी सलीम समेत चार लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी क्रम में एक फरवरी को उक्त लड़की नाटकीय ढंग से कोतवाली पुलिस के हवाले कर दी गई। जिसे पुलिस ने वन स्टॉप सेंटर भेज दिया। जो मंगलवार यानी 17 वें दिन तक सेंटर पर ही है। जबकि रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपी युवक को भी दस दिन पूर्व परिजनों ने पुलिस के हवाले कर दिया था। जिसे मंगलवार को 10 वें दिन तक पुलिस हिरासत में रखने का परिजनों ने आरोप लगाया गया है। आरोपी युवक के पिता अलीहसन ने बताया कि उसी के मोहल्ले के हाशिम तथा खैरपुर निवासी अरमान ने उससे लड़के सलीम को थाने से ही मामला रफा दफा कर छुडबाने की कहकर डेढ़ लाख रुपए की मांग की। वह मजदूरी बेलदारी का काम करता है। उसने रिश्तेदारों से उधर रकम लेकर तथा घर की चीज वस्त गिरवीं डालकर एक बार एक लाख तथा दूसरी बार 50 हजार रुपए हाशिम व अरमान को दिए थे। बकौल अली हसन उसका बेटा पिछले कई दिन से हवालात में रखे जाने पर उसने जब उक्त दोनों से बेटे को छुड़वाने या उसकी रकम वापस करने को कहा तो उक्त दोनों आज कल छोड़े जाने की कहकर टाल मटोल करते रहे। अलीहसन ने बताया कि उसका बेटा तो जयपुर में सिलाई का काम करता था। वह कैसे उस लड़की के चक्कर में आया इसकी उसे कोई जानकारी नहीं है। सलीम मंगलवार को दसवें दिन तक उसका बेटा पुलिस के कब्जे में है। वहीं हाशिम व अरमान रुपए बापस न करने और धमकी देकर उसे परेशान कर रहे हैं। यह कहते कहते पीड़ित पति पत्नी बिलख पड़े और बोले बेटा भी नहीं छुटा और जैसे तैसे जुटा कर दी गई डेढ़ लाख की रकम भी चली गई। विडंबना यह है कि कई कई दिन लोगों को हिरासत में रख कर मानवाधिकार कानून की धज्जियां उड़ाई जाने के बाद भी आयोग भी उक्त मामलों का संज्ञान लेने की जहमत नहीं उठा रहा है। उधर कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया संबंधित मामले की पीड़िता नाबालिग है।जबकि आरोपी युवक बालिग है। उन्होंने बताया कि पीड़िता के कोर्ट में बयान हो गए है। बयानों का अवलोकन कर कार्यवाही की जाएगी।

### विवेकानन्द यूथ एवार्ड के लिए आवेदन आमंत्रित, एक सप्ताह में करें प्रस्ताव जमा

शाहजहांपुर। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विवेकानन्द यूथ एवार्ड (व्यक्तिगत) हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र युवा एक सप्ताह के भीतर अपना प्रस्ताव जिला युवा कल्याण एवं प्रा.वि.द. अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। यह पुरस्कार उन युवाओं को दिया जाएगा जिन्होंने राष्ट्रीय विकास और सामाजिक सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया है। इनमें खेलकूद, सामाजिक वृक्षारोपण, परिवार कल्याण, अल्प बचत, रक्तदान, नशामुक्ति अभियान, जल संरक्षण, पुस्तकालय एवं वाचनालय की स्थापना व संचालन, जैविक खेती, सौर ऊर्ज़ा संयंत्र स्थापना, स्वच्छता कार्यक्रम, राष्ट्रीय एकीकरण, साक्षरता अभियान, आपदा प्रबंधन, मतदाता जागरूकता, स्वास्थ्य, अनुसंधान, कला, संस्कृति और साहित्य, मानवाधिकार संरक्षण, पर्यटन, पारंपरिक चिकित्सा, सक्रिय नागरिकता, सामुदायिक सेवा, खेल एवं शैक्षिक उत्कृष्टता तथा स्मार्ट लर्निंग जैसे क्षेत्र शामिल हैं। जिला प्रशासन ने युवाओं से अपील की है कि वे अपने उत्कृष्ट कार्यों का विवरण निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रस्तुत कर इस सम्मान के लिए आवेदन करें।

### एन्युटी भुगतान के लिए धार्मिक संस्थाएं 2 सप्ताह में करें दावा प्रस्तुत

शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया है कि जनपद की वे सभी धार्मिक संस्थाएं, जो एन्युटी रजिस्टर में दर्ज हैं और राजस्व परिषद स्तर से डीबीटी प्रणाली के माध्यम से एन्युटी प्राप्त करना चाहती हैं, वे आगामी दो सप्ताह के भीतर अपना दावा प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि से 2 सप्ताह के अंदर संबंधित संस्थाओं को अपना अद्यतन विवरण जिलाधिकारी कार्यालय में जमा करना होगा। इसके साथ इच्छा पत्र, बैंक खाते का विवरण (रद्द चेक या पासबुक की प्रमाणित छायाप्रति) तथा संस्था का पूरा विवरण देना अनिवार्य है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर दावा प्रस्तुत न करने पर यह माना जाएगा कि संबंधित संस्था एन्युटी प्राप्त करने की इच्छुक नहीं है, और उसकी सूचना शून्य मानी जाएगी।

### रमजान से पहले साफ-सफाई व रोशनी की व्यवस्था कराने की मांग

तिलहर-शाहजहांपुर। मोहल्ला कटरा स्थित दरगाह हजरत सैयद शाह शम्सुद्दीन मियां रहमतुल्लाह अलैह के सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने रमजान उल मुबारक के पवित्र माह को देखते हुए नगर पालिका परिषद तिलहर के अधिशासी अधिकारी को पत्र भेजकर जरूरी व्यवस्थाएं कराने की मांग की है। पत्र में बताया गया कि 19 फरवरी से रमजान का महीना शुरू हो रहा है। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग सहरी, इफ्तार और तरावीह की नमाज के लिए मस्जिदों में पहुंचते हैं। ऐसे में मस्जिदों और आसपास के इलाकों में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाने, नालियों की नियमित सफाई कराने और कूड़ा उठान की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई है। साथ ही टूटी सड़कों और गड्ढों की मरम्मत, रात्रि में पर्याप्त प्रकाश के लिए स्ट्रीट लाइट दुरुस्त कराने तथा बिजली व्यवस्था सुचारु रखने को कहा गया है। मस्जिदों के आसपास घूम रहे आवारा पशुओं को हटवाने की भी मांग की गई है, ताकि नमाजियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सज्जादा नशीन ने अपील की है कि नगर में शांति, स्वच्छता और भाईचारे के माहौल में रमजान का पवित्र महीना संपन्न कराने के लिए आवश्यक कदम शीघ्र उठाए जाएं।

### पति से विवाद के बाद महिला ने लगाई फांसी

शाहजहांपुर। शहर के सदर बाजार क्षेत्र में 40 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से पहले महिला का अपने पति से फोन पर विवाद हुआ था। मरने से पहले महिला ने एक वीडियो बनाकर अपनी मौत के लिए पति और एक अन्य महिला को जिम्मेदार ठहराया है। मृतका की पहचान पिंकी शुक्ला के रूप में हुई है। वह मूल रूप से हरदोई जिले के बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र की रहने वाली थीं। उनकी शादी करीब 20 साल पहले चिनौर निवासी दीपक शुक्ला से हुई थी। उनका 18 वर्षीय बेटा अंश शुक्ला है। रविवार शाम पिंकी ने घर की ऊपरी मंजिल पर कमरे में दुपट्टे से फांसी लगा ली। परिजनों के अनुसार, आत्महत्या से पहले पिंकी का पति से फोन पर विवाद हुआ था। महिला ने वीडियो में पति पर दूसरी महिला से संबंध होने का आरोप लगाया है और खुद को मानसिक रूप से परेशान किए जाने की बात कही है। घटना की जानकारी तब हुई जब पति ने बेटे को मां को देखने के लिए कहा। बेटा ऊपर कमरे में पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा खोलने पर मां को फंदे पर लटका पाया गया। परिवार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और महिला का मोबाइल फोन भी जांच के लिए जब्त कर लिया है। थाना प्रभारी ब्रजेश सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

### सीएचसी में आशा कार्यकर्ताओं का छठे दिन भी प्रदर्शन, बकाया भुगतान की मांग तेज

जैतीपुर-शाहजहांपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर आशा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन लगातार छठे दिन भी जारी रहा। कार्यकर्ताओं ने अपने बकाया भुगतान और अन्य मांगों को लेकर सीएचसी परिसर में धरना दिया और चिकित्सा प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। आशा कार्यकर्ताओं का कहना है कि जब तक उनका पिछला बकाया भुगतान नहीं किया जाएगा, तब तक उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भुगतान से संबंधित सही जानकारी उन्हें सीधे सीएचसी प्रशासन द्वारा दी जानी चाहिए। साथ ही बीसीपीएम (ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर) पर आशाओं के साथ खराब व्यवहार करने का भी आरोप लगाया। कार्यकर्ताओं की मुख्य मांग है कि सभी कार्यों का भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में किया जाए और पैसे की मांग करने वाले किसी भी व्यक्ति की निष्पक्ष जांच हो। इसके अलावा उन्होंने कैंटीन को सुचारु रूप से चलाने, आशाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने वालों पर कार्रवाई करने, प्रसव व नसबंदी के दौरान पर्याप्त एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध कराने तथा एएनएम से बिल वाउचर पर समय से हस्ताक्षर कराने की मांग उठाई। आशा कार्यकर्ताओं ने यह भी बताया कि परिवार नियोजन से जुड़ी सुविधाओं के अलावा अन्य आवश्यक सामग्री उन्हें उपलब्ध नहीं कराई जा रही है, जिससे काम करने में परेशानी हो रही है। प्रदर्शन में पूनम सिंह, खुशबू मिश्रा, शारदा, चांदनी, पिंकी पाल, फूलन देवी, माया देवी, रीना, सरोज यादव, पूजा देवी, आरती रिंकी, पूनम देवी और सुलेखा सहित कई आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

### सड़क से फूटी 10 फीट ऊंची पानी की धार, सीवर पाइप फटने की आशंका

शाहजहांपुर। शहर के चैक इलाके में सोमवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अचानक सड़क के बीचों-बीच से पानी की तेज धार निकलने लगी। पानी की यह धार करीब 10 फीट ऊंचाई तक पहुंच गई। लोगों ने तुरंत इसका वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना चैक कोतवाली क्षेत्र की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पानी का दबाव इतना ज्यादा था कि तेज आवाज के साथ सड़क से फव्वारे की तरह पानी ऊपर उठने लगा। अचानक हुई इस घटना से आसपास के लोग घबरा गए। प्रारंभिक आशंका है कि सीवर लाइन का पाइप फटने से यह घटना हुई है। जल निगम के अधिशासी अभियंता ने बताया कि उन्हें फिलहाल इस घटना की जानकारी नहीं थी। उन्होंने कहा कि ज्यादा दबाव आने पर पाइप फट सकता है और मामले की जांच कराई जाएगी। गौरतलब है कि शहर में पहले सड़कों का निर्माण हुआ, उसके बाद सीवर लाइन डालने के लिए खुदाई की गई। काम पूरा होने के बाद सड़कों की मरम्मत तो कराई गई, लेकिन कई जगह फिर से गड्ढे बन गए हैं। पीडब्ल्यूडी विभाग इन गड्ढों के लिए सीवर कार्य को जिम्मेदार बताता रहा है। इस समय भी शहर की कई सड़कों पर गड्ढे बने हुए हैं। होली के त्योहार को देखते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को त्योहार से पहले सभी गड्ढे भरने के निर्देश दिए हैं।

### 819 अंकों के साथ शाहजहांपुर बना ओवरऑल चैंपियन

शाहजहांपुर। मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में शाहजहांपुर ने 819 अंक हासिल कर ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। प्रतियोगिता में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक दोनों स्तरों पर जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्राथमिक स्तर पर शाहजहांपुर 159 अंकों के साथ प्रथम और बदायूं 129 अंकों के साथ द्वितीय रहा, जबकि उच्च प्राथमिक स्तर पर शाहजहांपुर ने 660 अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया और बदायूं 343 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। व्यक्तिगत चैंपियनशिप में प्राथमिक बालक वर्ग में बरेली के अल्तमस, प्राथमिक बालिका वर्ग में शाहजहांपुर की रूबी, उच्च प्राथमिक बालक वर्ग में पीलीभीत के पुष्पेंद्र और उच्च प्राथमिक बालिका वर्ग में बदायूं की दीक्षा विजेता रहीं। प्रतियोगिता के दौरान लंबी कूद, 400 मीटर दौड़, कबड्डी, खो-खो, तैराकी, कुश्ती, फुटबॉल, क्रिकेट, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, योगासन, कराटे, समूहगान और एकांकी जैसी विभिन्न स्पर्धाओं में शाहजहांपुर के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। तैराकी की कई स्पर्धाओं में आदित्य, निर्देश, शिवम और आशुतोष ने स्वर्ण पदक जीते, वहीं कुश्ती के अलग-अलग भार वर्गों में शाहजहांपुर और बदायूं के खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। बालक और बालिका वर्ग की टीम स्पर्धाओं क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी, बास्केटबॉल और हैंडबॉल में भी शाहजहांपुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अधिकांश खिताब अपने नाम किए। पूरे आयोजन में खिलाड़ियों ने खेल भावना और अनुशासन का परिचय देते हुए जिले का नाम रोशन किया।

# कोतवाली पुलिस से उठा पीड़ित परिवार का विश्वास, जांच अधिकारी और थाना बदलने की करी मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय।



थाने में पुलिस से नोकझोक करते पीड़ित परिवारजन और अधिवक्ता

पीलीभीत। संदिग्ध परिस्थितियों में प्रापर्टी डीलर के कार्यालय के बाहर रस्सी से लटक रहे मृतक अनिल के शव का प्रकरण दिन-प्रतिदिन नया मोड़ लेता जा रहा है। मृतक के बड़े भाई ने एसपी से मिलकर जांच अधिकारी और थाना बदलने की मांग करी है।

राजनैतिक हस्तक्षेप के बाद सोमवार को प्रापर्टी डीलर वेद प्रकाश कश्यप को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। मृतक के बड़े भाई रामऔतार ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्रा को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि पूरे प्रकरण में कोतवाली पुलिस की कार्यशैली संतोषजनक नहीं हैं। रामऔतार ने बताया कोतवाली पुलिस की ओर से धाराओं में भी गड़बड़ी करने की आशंका है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, आरोपित पक्ष आर्थिक रूप से सशक्त एवं प्रभावशाली है, जिनके पारिवारिक संबंध पुलिस विभाग से भी जुड़े बताए जा रहे हैं। यही कारण है कि विवेचना अधिकारी की निष्पक्षता को लेकर आशंकाएँ व्यक्त की जा रही हैं। प्रार्थी का कहना है मंत्री के कहने के बाद भी कोतवाल सतेंद्र कुमार पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं करी गई है। आरोप है कि धारा 103 बीएनएस के स्थान पर धारा 108 बीएनएस में प्रकरण को परिवर्तित करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे अपराध की गंभीरता कम हो सके। प्रार्थी ने जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज शिकायत संख्या 40015126003501 के माध्यम से भी यह मांग उठाई गई है कि प्रकरण की जांच को संबंधित थाना कोतवाली से हटाकर किसी अन्य थाने अथवा स्वतंत्र इकाई को सौंपा जाए। एसपी ने पीड़ित परिवार को न्याय का आश्वासन दिया है और कहा कि उनके साथ किसी भी तरह का भेदभाव नहीं किया जाएगा और निष्पक्ष जांच के आधार पर ही अग्रिम कार्यवाही को अमल में लाया जाएगा।

# जपनीत ने ली जेसीआई के अध्यक्ष पद की शपथ

जागरण मोर्चा, कार्यालय




पीलीभीत। जेसीआई मिडटाउन की 41वीं इंस्टॉलेशन सेरेमनी का आयोजन बेन-हर पब्लिक स्कूल में किया गया। कार्यक्रम में जेएफएफ जपनीत सिंह ने अध्यक्ष पद की शपथ लेकर अपनी नई टीम के साथ कार्यभार ग्रहण किया। सेक्रेटरी पद की जिम्मेदारी जेएफए पार्थ मित्तल ने संभाली। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जोन प्रेसिडेंट गौरव सेठ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नेशनल बाइस प्रेसीडेंट गुरदित्त सिंह सहमी ने नेतृत्व विकास, सेवा कार्यों, जेसीआई की सामाजिक भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। निवर्तमान अध्यक्ष जेएफएफ अमन अग्रवाल ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने अपनी टीम के साथ किए गए सेवा कार्यों, सामाजिक परियोजनाओं और संगठनात्मक उपलब्धियों को साझा किया। इंस्टॉलेशन ऑफिसर जेएफएफ शुभम टंडन ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। नवगठित टीम में अभिजीत सिंह, राहुल राम चंदानी, कपिल अग्रवाल, सृजन थम्मन, करण भल्ला, सजल अग्रवाल, शुभम शुक्ला, गुरसेवक सिंह, शुभम गोयल, संचित अग्रवाल, अक्षत महतिया को शामिल किया गया। सभी पदाधिकारियों ने शपथ लेकर संगठन के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। डायरेक्टर्स में आशीष सिंह, सत्यम अग्रवाल, परेश जिंदल, सचिन सहानी, अर्पित अग्रवाल, रजत सहानी, केतन अग्रवाल, मोहित राम चंदानी, प्रशांत, आशीष महाजन एवं राघव कोहली को शामिल किया गया। सभी ने संगठन के उद्देश्यों के अनुरूप सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन सृजन थम्मन ने किया। हर्ष कंचन, अदिति कंचन, यश बंसल, निमिश अग्रवाल सहित समारोह में बड़ी संख्या में जेसीआई सदस्य और शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# तमाशबीन बनी भीड़, लेकिन घायलों के मददगार बने जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि


भाजपा के जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. गुरभाग सिंह घायलों उपचार के दौरान

जागरण मोर्चा, कार्यालय

पूरनपुर। इंसानियत आज भी जिंदा है, इसका जीवंत उदाहरण देखने को मिला। पीलीभीत-पूरनपुर हाईवे पर हुए एक सड़क हादसे में घायल मां-बेटी को तड़पता देख भाजपा के जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. गुरभाग सिंह ने बिना एक पल गंवाए अपनी निजी कार रोक दी और दोनों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर मानवता की अनूठी मिसाल पेश की। कोतवाली क्षेत्र के गांव भोपतपुर सकरिया निवासी पलविंदर कौर पत्नी सतेंद्र पाल सिंह अपनी बेटी खुशनप्रीत के साथ जरूरी काम से पूरनपुर आ रही थीं। जैसे ही वे पीलीभीत- पूरनपुर हाईवे पर बगिया फॉर्म के पास पहुंचीं, सामने से तेज रफ्तार बाइक और स्कूटी की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मां-बेटी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं।

हादसे के बाद मौके पर भीड़ तो जुट गई, लेकिन मदद के लिए कोई आगे नहीं बढ़ा।भीड़ देखकर रुकवाई कार, खुद संभाली कमान उसी दौरान पीलीभीत से लौट रहे डॉ. गुरभाग सिंह ने सड़क पर भीड़ देख अपनी कार रुकवाई। हालात समझते ही उन्होंने एंबुलेंस या पुलिस का इंतजार किए बिना दोनों घायलों को अपनी कार में बैठाया और सीधे पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंच गए। अस्पताल पहुंचते ही उन्होंने घायल बेटी को अपनी गोद में उठाकर इमरजेंसी कक्ष तक पहुंचाया। उनकी तत्परता देखकर अस्पताल स्टाफ भी तुरंत सक्रिय हो गया और दोनों का उपचार शुरू किया गया। महिला की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कुछ देर बाद परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। वहां मौजूद मरीजों, तीमारदारों और अस्पताल स्टाफ ने भाजपा नेता की संवेदनशीलता और तत्परता की खुलकर सराहना की।

# त्रिवेणी घाट पर विकास की गूंजरू जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने पांच पक्के घाटों का किया शिलान्यास



जागरण मोर्चा, कार्यालय

पूरनपुर। गोमती नदी के पावन त्रिवेणी घाट पर अब विकास की नई इबारत लिखी जाएगी। वर्षों से कच्चे और असुविधाजनक घाट पर स्नान करने को मजबूर श्रद्धालुओं को जल्द ही पक्के, सुरक्षित और व्यवस्थित घाट की सौगात मिलने जा रही है। जिला पंचायत की ओर से यहां पांच पक्के घाटों के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ कर दिया गया।शिलान्यास कार्यक्रम में जिला पंचायत प्रतिनिधि डॉ. गुरभाग सिंह ने यूथ इन एक्शन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शत्रुद्र प्रताप सिंह की गरिमामय उपस्थिति में नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गोमती भक्त और ग्रामीण मौजूद रहे। श्रद्धालुओं को मिलेगी सुरक्षित स्नान सुविधा जिला पंचायत की योजना के अनुसार त्रिवेणी घाट पर पांच पक्के घाटों का निर्माण कराया जाएगा। घाट के दोनों ओर मजबूत और चैड़ी सीढ़ियां बनाई जाएंगी, ताकि स्नान के दौरान फिसलन या दुर्घटना की आशंका कम हो। बरसात और बाढ़ के समय भी घाट सुरक्षित रहे, इसे ध्यान में रखकर निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही पूरे घाट क्षेत्र का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। साफ-सफाई, समतलीकरण और बैठने की व्यवस्था भी विकसित की जाएगी, जिससे धार्मिक आयोजनों और पर्वों के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिल सके।त्रिवेणी घाट क्षेत्र में गोमती भक्तों की विशेष आस्था का केंद्र है। अमावस्या, पूर्णिमा और अन्य पर्वों पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। अब पक्के घाट बनने से न केवल सुविधा बढ़ेगी, बल्कि क्षेत्र की धार्मिक पहचान भी मजबूत होगी।ग्रामीणों में उत्साह शिलान्यास कार्यक्रम में गांव के गोमती भक्तों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। प्रमुख रूप से लक्ष्मण प्रसाद वर्मा, रोजगार सेवक बच्चूलाल, सचिन, संजू, रोशनलाल, सियाराम, मास्टर मस्तान, हनीफ, विवेक वर्मा, अभिषेक, करन शर्मा, विनोद, रहीश सहित दर्जनों ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

## कृषक संघ गोष्ठी का आयोजन कर किसानो दी जानकारी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

पूरनपुर। कृषक संघ गोष्ठी का आयोजन कर किसानो को विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान बडी संख्या में किसान मौजूद रहे। तहसील क्षेत्र के गांव दिलाबरपुर में कृषक संघ गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे बडी संख्या में किसान पहुंचे। कृषक संघ गोष्ठी में पीलीभीत मील के उपमहा प्रबंधक गन्ना शिव स्वरूप सिंह पहुंचे। उन्होंने किसानों के साथ खेत की गहरी जुताई करने के फायदे, अर्ली प्रजाति में 15023,0118, 14201, 16202, 18231 की बुवाई के बारे में जानकारी किसानों को दी। किसानों को मिल की ओर से मिलने वाले अनुदान के वारे में जानकारी दी।इसके अलावा अस्वीकृत प्रजाति 91269 एचआर 119, पीबी 92, 93, 95 आदि की बुवाई ना करने की वात किसानों को बताई। बुवाई के समय कूंड से कूंड की दूरी 3 से 4 फीट एवं ट्रेंच द्वारा अधिक से अधिक बुवाई करने की सलाह दी। भूमि शोधन के लिए पांच लीटर ट्राइकोडर्मा द्वारा उपचार करने के बारे में बताया। दो आंखें के टुकड़े की बुवाई एवं थियोफ़ेनेट मिथाइल द्वारा उपचारित करके ही बुवाई करने की सलाह दी। खाद उर्वरक में यूरिया सिंगल सुपर फास्फ़ेट पोटाश का प्रयोग करने, पेड़ी प्रबंधन,बेसिक कोटा के महत्व आदि के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान गोष्ठी में सहायक प्रबंधक संजीव यादव सहित बडी संख्या में किसान मौजूद रहै।

## आवारा पशुओं को पकडकर गौशाला भेजा गया

जागरण मोर्चा, कार्यालय

पूरनपुर। ग्रामीणों की फसल के लिए मुसीबत का सबब बने आवारा पशुओं को पकडकर कजरी निरंजनपुर गौशाला भेजा गया। जिससे ग्रामीणों को अब राहत मिलेगी। घुंघचाई क्षेत्र में आवारा पशुओं की भरमार है। किसानों की फसलों को नष्ट कर देते है। किसान रात दिन आवारा पशुओं से फसल बचाने के लिए खेतों पर रहने को मजबूर हो रहे है। इसके साथ ही हाईवे पर भी झुंड वना रहता है। इसके अलावा लोगों को भी नुकसान पहुंच रहे है। 14 फरवरी को घुंघचाई के ग्राम पंचायत सचिवालय में उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह, खंड विकास अधिकारी हेमंत यादव,विधायक पुत्र ऋतुराज पासवान ने आवारा पशुओं को लेकर सचिवों और क्षेत्री प्रधानो व पूर्व प्रधानों की बैठक बुलाई गई थी। जिसमे क्षेत्र के प्रधान व क्षेत्रीय पंचायतों के सचिव भी मौजूद रहे थे। बैठक में सोमवार से पशुओं को पकड़वाए जाने को लेकर चर्चा हुई थी। इसी को लेकर सोमवार को क्षेत्र की ग्राम पंचायत कैशोपुर में 50 आवारा पशुओं को पकडकर पंचायत सचिवालय में एकत्र किया गया। इसके बाद लोगों के सहयोग से उनको ट्रैक्टर ट्रालियों से भरकर कजरी निरंजनपुर गौशाला ले जाया गया। ग्राम पंचायत अधिकारी राहुल कनौजिया ने बताया कैशोपुर से पचास आवारा पशुओं को पकड़ कर कजरी निरंजनपुर गौशाला भेजा गया है।

## बंदरो के आतंक से ग्रामीण परेशान

जागरण मोर्चा, कार्यालय

पूरनपुर। दिन प्रतिदिन बंदरों का आतंक निरंतर बढ़ता जा रहा है। बंदरों के आतंक से गांव दिलाबरपुर के लोग परेशान हैं। लोगों पर हमला कर बंदर आए दिन किसी ना किसी व्यक्ति पर हमला कर उनको घायल कर चुके हैं।

दिलाबरपुर सहित दर्जनों गांवो में दिन प्रतिदिन बंदरों की संख्या निरंतर बढ़ रही हैं। घर में रखे सामान को बंदर उठाकर ले जाते हैं। इतना ही नहीं बल्कि घरों के आगे रास्तों पर बंदर झुंड बनाकर बैठ जाते हैं जिससे लोगों का घरों में से बाहर निकलना दूभर हो जाता है। लोगों ने अपने घरों की छतों पर चढ़ना बंद किया हुआ है। अधिकांश लोगों ने बंदरों के खौफ की वजह से अपने घरों की बालकनी में स्टील या फिर लोहे की ग्रिल लगवाई हुई है। मौका मिलते ही बंदर अचानक से लोगों पर हमला कर घायल कर देते हैं।

## साइकिल सवार के बाइक ने मार टक्कर, गंभीर घायल, पुलिस को दी तहरीर

जागरण मोर्चा,बिलसंडा। शारदा देवी ने बताया कि हमारे पिता रामदयाल पुत्र संभारी लाल निवासी ग्राम भैनपुरा घर से ग्राम कैंचुआ बाजार के लिए निकले ही थे, गांव से कुछ ही दूरी पर पहाड़गंज रोड पर पहुंचे कि पीछे से आ रही है, अनियंत्रित मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी। जिससे साइकिल गिरने से पिता गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिसके उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिस मामले पुलिस को तहरीर दी गई है।

## पुलिस ने गस्त के दौरान कच्ची शराब ले जाते एक को पकड़ा

जागरण मोर्चा,बिलसंडा। पुलिस ने गस्त दौरान तुलापुर पुलिया के पास पगार रोड पर जाता हुआ रामोतार पुत्र शिवदयाल निवासी ग्राम इरादतपुर पगार के पास से काफी मात्रा में शराब बरामद कर रिपोर्ट दर्ज की है।

## भाजपा नेता नेतृत्व में पूर्व मंत्री विधायक पुत्र ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारम्भ

जागरण मोर्चा, कार्यालय

पूरनपुर। सेहरामऊ क्षेत्र के लोगों को आवागमन की बड़ी सुविधा मिली है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की दो रोडवेज बसों का मंगलवार को पूर्व मंत्री डॉ. विनोद तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया। ये बसें सेहरामऊ उत्तरी से शाहजहांपुर तथा महुआ गुंदे से पीलीभीत जिला मुख्यालय के लिए संचालित की जाएंगी। भाजपा नेता अचलेन्द्र मिश्रा (अचल) के अथक प्रयासों से बस सेवा शुरू कराई गई है। महुआ गुंदे से पीलीभीत होते हुये बरेली के लिए रोडवेज बस सेवा का यह पहला शुभारम्भ है। महुआ गुंदे में पूर्व मन्त्री डॉ. विनोद तिवारी,विधायक पुत्र रितुराज पासवान एवं अचलेन्द्र मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ कियब।जबकि सेहरामऊ उत्तरी से शाहजहांपुर के लिए पूर्व मंत्री विनोद तिवारी, निखिल मिश्रा एवं अचलेन्द्र मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया। यह बस करीब दो वर्ष से बंद पड़ी थी जिसे अब दोबारा चालू कराया गया है। बस सेवा शुरू होने से क्षेत्र के ग्रामीणों, छात्रों, मरीजों और व्यापारियों को जिला मुख्यालय तक आने-जाने में काफी सहूलियत मिलेगी। शुभारम्भ के दौरान क्षेत्रवासियों में खुशी और उत्साह का माहौल देखा गया।

# विकास और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर दिया जोर, फूलबाबू जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा सपा कार्यालय

## पूर्व मंत्री का जगह-जगह किया गया स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय।



पीलीभीत। उत्तर प्रदेश सरकार में कई बार मंत्री रहे अनीस अहमद खान 'फूलबाबू' के लखनऊ स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय से जनपद पीलीभीत में प्रथम आगमन के अवसर पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों द्वारा अभूतपूर्व, ऐतिहासिक एवं भव्य स्वागत किया गया। उनके आगमन की सूचना मिलते ही पूरे जिले में उत्साह की लहर दौड़ पड़ी और कार्यकर्ताओं में खासा जोश देखने को मिला। खनंका पुल से शुरू हुआ स्वागत काफिला रोहनिया, बीसलपुर (चांद मस्जिद), ईदगाह, पटेल नगर पुलिया, पुराना पीलीभीत बस स्टैंड, बरखेड़ा, सिमरिया, पौटा तथा केजीएनदृटू नकटादाना स्थित समाजवादी पार्टी कैम्प कार्यालय पीलीभीत तक भव्य रूप से जारी रहा। विभिन्न स्थानों पर फूलमालाओं, गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा, और नारों के साथ उनका जोरदार अभिनंदन किया गया। युवा समर्थकों ने बाइक रैली के माध्यम से स्वागत किया, वहीं वरिष्ठ नेताओं और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने उन्हें अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। पूरे मार्ग में ‟समाजवादी पार्टी जिंदाबाद” और ‟फूलबाबूष का स्वागत है” के नारों से वातावरण गूंजता रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, युवजन सभा के कार्यकर्ता तथा क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में कैम्प कार्यालय पर आयोजित सभा में उन्होंने सभी समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे क्षेत्र के विकास, भाईचारे और सामाजिक न्याय की भावना को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। स्वागत समारोह में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां 'फूलबाबू' के पार्टी में शामिल होने पर स्वागत एवं हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उनका आगमन संगठन के लिए अत्यंत शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि अनीस अहमद खां 'फूलबाबू' के लंबे राजनीतिक अनुभव, व्यापक जनाधार और प्रशासनिक क्षमता से पार्टी को जनपद में नई मजबूती मिलेगी। 'फूलबाबू' ने अपने भव्य स्वागत से भावुक होकर पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, नेतागणों एवं क्षेत्र की जनता का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह अभूतपूर्व स्वागत उनके व्यक्तिगत सम्मान का नहीं, बल्कि समाजवादी विचारधारा, संघर्ष और जनसेवा की राजनीति का सम्मान है। उन्होंने कहा कि वे पार्टी नेतृत्व के मार्गदर्शन में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान की रक्षा करने और हर वर्गकृकिसान, नौजवान, व्यापारी, मजदूर एवं अल्पसंख्यककृकी आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य करेंगे। फूलबाबू ने बताया कि जनपद के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी और रोजगार जैसे मूलभूत मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर समाजवादी पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएं और आने वाले समय में पार्टी को और अधिक मजबूत बनाएं। सपा के जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने पूर्व मंत्री के पार्टी में शामिल होने पर उन्हें बधाई दी। इस दौरान सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, पूर्व प्रत्याशी बीसलपुर दिव्या गंगवार, शहर विधानसभा अध्यक्ष हाजी इम्तियाज अल्वी, अकील अहमद अंसारी ,फैजान अली खां एडवोकेट, गयासुद्दीन मंसूरी, धनपति वर्मा एडवोकेट,अमित पाठक आदि मौजूद रहे।

# भारत के विभाजन के दंश का शिकार

भारत के विभाजन के दंश का शिकार 27 वर्ष का एक युवक पाकिस्तान से सिर्फ तीन कपड़ों में भारत आता है। यहां आने पर अमृतसर के गुरूद्वारा में रूकता है। पर सिर्फ 10-15 दिनों में ही उसकी आत्मा छटपटाने लगती है। ऐसा कैसे चलेगा। वहां से रोजी- रोटी की तलाश में निकल पड़ता है। रास्ते में एक व्यक्ति से 40 रुपये में एक भैंस खरीदता है तथा हाथों-हाथ उसे 102 रुपये में बेच कर उस व्यक्ति को 40 रुपये वापस देकर अपनी कुशाग्र व्यावसायिक बुद्धि का परिचय देता है। कुछ ही समय बाद युवक कलकत्ता (अब कोलकाता) चला आता है तथा अपनी लगन, मेहनत, निष्ठा के बलबूते अरबों रुपये का साम्राज्य खड़ा कर लेता है। परिस्थिति ने इस युवक को पढ़ने का मौका तो नहीं दिया, पर आगे एक ऐसी घटना हुई कि इन्होंने शिक्षण संस्थानों की एक श्रृंखला ही स्थापित कर दी, जहां आज हजारों बच्चे प्रति वर्ष उच्च कोटि की शिक्षा प्राप्त कर न सिर्फ अपनी आजीविका चला रहे हैं, बल्कि देश का नाम भी रोशन कर रहे हैं। कैसे हुआ यह चमत्कार। इस लेख के जरिये मैं इसकी एक झलक दिखाना चाहता हूं, क्योंकि इस महान व्यक्तित्व की वर्षों की लम्बी साधना को थोड़े से शब्दों में नही बांधा जा सकता।

यह मेरा सौभाग्य है कि इस हस्ती का सानिध्य, स्नेह व अपनापन कुछ वर्षों तक मुझे भी मिला। इस शख्सियत का नाम है सरदार जोधसिंह। इन्होंने गाय-भैंस व दूध के कारोबार में विशाल सम्पत्ति अर्जित की । इनके द्वारा स्थापित शिक्षण संस्थानों की श्रृंखला का नाम है- जेआईएस ग्रुप। एक फरवरी 1920 को जन्में जोधसिंह का स्वर्गवास 25 जनवरी 2018 को हुआ है। सरदार जोधसिंह का जन्म अविभाजित पंजाब के मोन्टोगोमेरी जिले के एक सुदूरवर्ती गांव में हुआ था। 1947 में भारत विभाजन के बाद ये वहां से चले आये। लानेवाले ने अमृतसर गुरूद्वारा के पास छोड़ दिया। अब इन्ही के शब्दों में- 'पाकिस्तान से तीन कपड़े में आने के बाद 10-15 दिन तो गुरुद्वारे में गुजारे। पर सोचा, ऐसा कैसे चलेगा। कुछ धंधा- पानी तो करना चाहिए। मैंने गुरुद्वारे में रह रहे कुछ गांव वालों से पूछा कि वे कहां रहते हैं और क्या करते हैं। जवाब मिला- लुधियाना। मैंने पूछा कि मेरे लिए जगह है। बताया गया कि पूरी जगह खाली पड़ी है। बस निकल पड़ा। रास्ते में एक व्यक्ति भैंस ले जाते हुए दिखायी पड़ा। पूछा- बड़े मिया भैंस बेचेंगे। उसने कहा- हां। मैंने कहा- पाकिस्तान से आये हैं, मेरे पास पैसे नहीं है। मैं इस भैंस के 40 रुपये दे सकता हूँ। थोड़ी देर बाद। बड़े मियां राजी हो गये और उनसे लेकर वह भैंस मैंने 102 रुपये में बेच दी तथा उनके 40 रुपये दे दिये।

इसके कुछ समय बाद सरदार जी कलकत्ता आ गये। यहाँ उन्होंने गाय-भैंस व दूध का धंधा शुरू किया, जो जोर- शोर से चल पडा। यहाँ तक कि कई सरकारी डेयरियों मे इनका दूध सप्लाई होने लगा। फिर तो बंगाल में इनकी कई खटालें (जहाँ सामूहिक रूप से गाय भैंसें रखी जाती हैं, बंगाल में उसे खटाल कहते हैं) हो गयीं। ऐसी ही एक बहुत बड़ी खटाल कमरहट्टी स्थित मेरे घर के पास थी। कहते हैं, वहां करीब 4-5 हजार गाय-भैंसे थीं।

उस इलाके में एक विद्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह में मेरा परिचय इनसे हुआ था। यह सिलसिला वर्षों चला । 15 अगस्त, सरस्वती पूजा के साथ विभिन्न समारोहों में हम मिलते रहे। मैंने एक बात और नोटिस की। वो कभी भाषण नहीं देते थे। उनके हिस्से की खानापूरी मुझे ही करनी पड़ती थी। शुरू-शुरू में कुछ बातें आशीर्वाद स्वरूप ही बोलने के लिए मैं जोर देता था तो वे मेरी पीठ थपथपा कर कहते- पुत्तर, आप अच्छा बोलते हो। आप ही बोलो। बाद में मुझे समझ में आया कि सरदार जी बोलने से ज्यादा कर्म करने में विश्वास करते थे। हां स्कूलों को आर्थिक मदद करने में कोई कोताही नहीं बरतते थे। आगे चल कर इसी खटाल के एक हिस्से में इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना की गयी, जिसका उद्घाटन तत्कालीन मुख्यमंत्री ज्योति बसु ने किया था। मुझे भी सरदार जी ने इस समारोह में आमंत्रित किया था। उन्होंने ज्योति बसु को तलवार भेंट की थी।

अब मैं बताता हूं कि वह घटना क्या धी, जिसकी वजह से दूध व्यवसाय के साथ ही सरदार जोधसिंह शिक्षण संस्थानों के निर्माण में जुट गये और जेआईएस ग्रुप ही बना डाला। उन्ही के शब्दों में-' मैं नहीं पढ़ सका, क्योंकि पैसे नहीं थे। पर बाद में जब पैसे हुए तो बड़े लड़के को पढ़ने के लिए स्कूल ले गया। वहां उन लोगों ने हमसे अंग्रेजी में बात की। अब न मुझे अंग्रेजी आती थी न मेरे लड़के को। हम अपनी बात उन्हें समझा नहीं पाये। अतः मेरे लड़के को दाखिला नहीं मिला। मुझे अफसोस हुआ। झटका-सा लगा। बस मन में विचार आया कि ऐसे शिक्षण संस्थान बनाये जायें, जहां इस तरह की बातें न हो और बच्चे भी जीवन में कुछ बन पाये।'

इसके बाद सरदार जोधसिंह ने अपने भाई ईश्वर सिंह के साथ मिलकर जेआईएस ग्रुप की स्थापना की। जेआईएस का अर्थ है जोध ईश्वर सिंह। इस समय इस ग्रुप के तहत शिक्षण संस्थानों का एक विशाल जाल है, जिसके तहत हजारों विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। प्रथम इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना आसनसोल में 1998 में , इसके बाद कल्याणी में 2000 में इंजीनियरिंग कालेज, नारूला इन्स्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी (जिसका उद्घाटन ज्योति बसु ने किया था ) 2001 में तथा पहला गैर सरकारी डेन्टल कालेज पानीहाटी में 2003 में स्थापित हुआ। एक बार मैंने सरदार जोधसिंह से इन कालेजों के बारे में उनका साक्षात्कार लेना चाहा तो उन्होंने साफ लहजे में कहा- देखो पुत्तर, मैं तो अंगूठाछाप हूं। मुझसे गाय- भैंस के बारे में किसी भी तरह की बात पूछ सकते हो, कालेजों के बारे में कुछ पूछना हो तो बच्चों से पूछो। आप कल्पना कर सकते हैं कि आज के जमाने में थोड़ा सा पढ़ा-लिखा धनाढ्य व्यक्ति अपनेआप को ऐसे दिखाता है, मानो वह विद्यासागर का अवतार हो, पर जेआईएस ग्रुप का प्रतिष्ठाता चेयरमैन अपने आप को खुलेआम अंगूठाछाप बताता है।

थोड़ी देर के लिए मान भी लिया जाये कि जोधसिंह जी को परिस्थितिवश स्कूली शिक्षा न मिली हो, तो भी यह तो मानना ही पड़ेगा कि उनके अन्दर किसी दैवीय शक्ति की बदौलत ज्ञान का भंडार रहा होगा, तभी तो जानवरों के बीच रहनेवाले ने विद्या के इतने मंदिर बनवाये। इतना ही नहीं श्री जोधसिंह ने 2014 में राज्य का पहला गैर सरकारी विश्वविद्यालय बनवाया, जिसके चांसलर इस समय इनके बड़े सुपुत्र तरणजीत सिंह है, जिन्हें कभी अंग्रेजी न जानने के कारण स्कूल में दाखिला नहीं मिला था। इस समय तो पूरे जेआईएस ग्रुप तथा अन्य कारोबार की कमान भी इनके हाथ में है। इनके सुपुत्र सरदार समरप्रीत सिंह भी काफी होनहार हैं, जो विश्वविद्यालय के डायरेक्टर होने के साथ-साथ अन्य कामकाज भी संभाल रहे हैं।

अंत में यदि एक बात का जिक्र न करूँ तो यह लेख अधूरा लगेगा। कहते हैं हर सफल व्यक्ति की सफलता के पीछे उसकी धर्मपत्नी का हाथ होता है। यह बात उनकी सहधर्मिणी सरदारनी सतनाम कौर पर पूरी तरह लागू होती है। 15 अप्रैल 1929 को जन्मी कौर जेआईएस ग्रुप की चेयरपर्सन थीं। कामकाज संभालने के साथ आप धर्मपारायण भी थीं। डनलप स्थित घर के आसपास अनाथ बच्चों की देखभाल तथा गरीब तबके के लोगों की सहायता करती रहती थीं। वे इलाके में गुरूमाता के नाम से जानी जातीं थी। पति के गुजरने के मात्र 4 साल के अन्दर ही 11 जनवरी 2022 को वे भी उनके पास चलीं गयीं। जोधसिंह जी अपनी उम्र के ढलान में भले ही डनलप वाले घर में अधिकतर रहने लगे थे, पर पंजाभिला स्थित खटाल वाले घर को कभी नहीं भूले। उनका कहना

# आनंद का अवसर है कि भारत में दोनों उत्सव साथ-साथ

हृदयनारायण दीक्षित

हमारी दृष्टि के सामने अनेक वस्तुएं आती हैं। उनमें से कुछ हमारी भौतिक सत्ता पर अधिकार कर लेती हैं और भौतिक सत्ता का ज्ञान हवा हो जाता है। अद्वैत दर्शन के अनुसार, ङ्कस्थूल या सूक्ष्म जगत में आत्मा की अभिव्यक्ति ही सौंदर्य है।ङ्क प्रकृति बहुरूपिया है। ब्रह्म एक है। अभिव्यक्तियां अनेक हैं। प्रकृति में रूप हैं। रंग हैं। सौंदर्य है। रस है। नाद है। गंध है। पृथ्वी सगंधा है। प्रकृति के रूप और रंग का आनंद सौंदर्यबोध देता है। बसंत की वायु नाचते, गीत गाते, डरते डरते, चुपके-चुपके हमें सहलाते हुए चली जाती है। कोयल बोलती है। कोयल की बोली आनंदित करती है। कोयल का गीत सुनाई पड़ता है। हम उन्हें छू नहीं सकते। अरस्तू ने कला को प्रकृति की अनुकृति बताया है। भारतीय संस्कृति और दर्शन की परंपरा में ऋतुओं के रुपायन के साथ नृत्य और गीत का भी सुंदर विकास हुआ। महाभारत में संगीत का स्पष्ट उल्लेख है। अर्जुन ने इन्द्र से अस्त्र विद्या सीखी। वनपर्व के अनुसार अर्जुन ने युधिष्ठिर से कहा, मैं विराटनगर की स्त्रियों को गीत, नृत्य और वाद्य की शिक्षा दूंगा।ङ्क महाभारत में संगीत और प्रकृति की आत्मीयता साफ सुनाई पड़ती है। यहां अलग-अलग राग हैं। दिवसों और प्रहारों के भी राग हैं। ऋग्वेद में बताया गया है कि संगीत और वाणी को सात स्वरों में मापा गया है। सरगम संगीत का माप है, स, रे, ग , म, प, ध, नी, स नाम से विख्यात भारतीय सरगम दुनिया का प्राचीनतम सुरमाप है। भारतीय रागों में प्रकृति की छटा है और छटा सुनाई भी पड़ती है। सौंदर्य को ध्वनि रूप प्रस्तुत करना बड़ा काम है। ध्वनि कान से भीतर जाती है और दृश्य आंख से। जो आंख से दर्शनीय है, उसे कान से सुनना कठिन है। लेकिन भारत में ऐसा असंभव संपन्न हो पाया। भारत में 6 ऋतुएं हैं और प्रत्येक ऋतु का अपना राग है। भैरव, डिंडोल, मेघ, श्रीराग, दीपक तथा मालकोश मुख्य राग हैं। यहां प्रत्येक राग अर्थ देता है। जिसका विवाह पांच रागिनियों से हुआ है। इस तरह कुल 6 राग और 30 रागिनियां होती हैं। गीत संगीत की व्याख्या करना इस छोटे से आलेख में संभव नहीं है और मैं स्वयं इसका अधिकारी नहीं हूं।

भारत के संविधान निर्माताओं ने भारतीय संस्कृति के मूल तत्वों को ठीक से जाना था इसलिए उन्होंने भारतीय संस्कृति के अनुरूप चित्र संविधान में जोड़े थे। उन्होंने संविधान की हस्तलिखित प्रति में सांस्कृतिक राष्ट्रभाव वाले 23 चित्र सम्मिलित किए। मुखपृष्ठ पर राम और कृष्ण तथा भाग 1 में सिन्धु सभ्यता की स्मृति वाले मोहनजोदड़ो काल की मोहरों के चित्र हैं। भाग 2 नागरिकता वाले अंश में वैदिक काल के गुरूकुल आश्रम का दिव्य चित्र है। भाग 3-मौलिक अधिकार वाले पृष्ठ पर श्री राम की लंका विजय व भाग 4-राज्य के नीति निर्देशक तत्वों वाले पन्ने पर कृष्ण अर्जुन उपदेश वाले चित्र हैं। भाग 5 में महात्मा बुद्ध, भाग 6 में स्वामी महाबीर और भाग 7 में सम्राट अशोक के चित्र हैं। भाग 8 में गुप्त काल, भाग 9 में विक्रमादित्य, भाग 10 में नालंदा विश्वविद्यालय, भाग 11 में उड़ीसा का स्थापत्य, भाग 12 में नटराज, भाग 13 में भगीरथ द्वारा गंगावतरण, भाग 14 में मुगलकालीन स्थापत्य, भाग 15 में शिवाजी और गुरू गोविन्द सिंह, भाग 16 में महारानी लक्ष्मीबाई, भाग 17 व 18 में क्रमशः गांधी जी की दाण्डी यात्रा व नोआखाली दंगों में शान्ति मार्च, भाग 19 में नेताजी सुभाष, भाग 20 में हिमालय, भाग 21 में रेगिस्तानी क्षेत्र व भाग 23 में लहराते हिन्दु महासागर की चित्रावलि है। संविधान पारण के बाद अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा ल्लअब सदस्यों को संविधान की प्रतियों पर हस्ताक्षर करने हैं एक हस्तलिखित अंग्रेजी की प्रति है, इस पर कलाकारों ने चित्र अंकित किये हैं, दूसरी छपी हुई अंग्रेजी व तीसरी हस्तलिखित हिन्दी की। (संविधानसभा कार्यवाही खण्ड 12 पृष्ठ 4261) भारतीय संस्कृति और इतिहास के छात्रों के लिए संविधान की चित्रमय प्रति प्रेरक हैं। संविधान राष्ट्र का धारक होता है। यह राजधर्म है। भारत का संविधान दुनिया के किसी भी लिखित संविधान से बड़ा है। इसके कुछ हिस्से सामान्य संविधानों से उच्च स्तरीय हैं। भारत के संविधान निर्माताओं ने देश को संघ राज्य घोषित किया था। प्रत्यक्षतया भारत राज्यों का संघ है। संघीय ढांचे को लेकर अक्सर बहस चलती है। भारत अमेरिकी संघ जैसा संघ नहीं है।

कल भारतीय गणतंत्र की 76वीं वर्षगांठ है। राष्ट्र अपने गणतंत्र दिवस को लेकर बहुत उत्साहित है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में गणतंत्र दिवस की तैयारियां जोरों पर हैं। अतिरिक्त गणतंत्र का उत्सव और बसंत पंचमी साथ-साथ हैं। वैसे गणतंत्र दिवस और बसंत पंचमी एक दिन के ही उत्सव नहीं हैं। बसंत पंचमी हर बरस आती है। हवाओं में भी गंध होती है। फूलों का यौवन आकर्षित करता है। यह आकर्षण दैहिक नहीं है। शीत ऋतु विदा हो रही है और बसंत उत्सव विस्तृत हो रहा है। नदियां शांत प्रशांत होकर बह रही हैं। बसंत पंचमी सरस्वती की भी जन्मतिथि है।

आनंद का अवसर है कि भारत में दोनों उत्सव साथ-साथ आते हैं। महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की 'सरस्वती वंदना' राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय है, ङ्कवर दे, वीणावादिनी वर दे! प्रिय स्वतंत्र-रव अमृत-मंत्र नव भारत में भर दे! वर दे, वीणावादिनी वर दे।ङ्क उत्सवों के कर्मकाण्ड प्रायः सरस्वती वंदना से शुरू होते हैं। सरस्वती वाग्देवी हैं। ज्ञानदात्री हैं। सिद्धिदात्री हैं। वे सामान्य ज्ञान तो देती ही हैं। ऋग्वेद के ऋषि कहते हैं, ङ्ककवि सरस्वती की कृपा से ही बनते हैं और प्रतिष्ठित होते हैं।ङ्क भारत की स्मृतियों के भीतर भी सरस्वती बहती हैं। इसी सरस्वती के तट पर यज्ञ होते थे। गीत गाए जाते थे। ज्ञान की आराधना होती थी। ऋषियों ने सरस्वती को नदीतमा कहा है। कुछ इतिहास के विद्वान सरस्वती को कवि की कल्पना मानते हैं। लेकिन सरस्वती का पता चल चुका है। वैज्ञानिक खोजों से सिद्ध हो या न हो, सरस्वती भारत की श्रुति में और स्मृति में पहले से ज्यादा प्रवाहमान होकर बहती हैं।

बसंत का रूप मनोहारी सुंदरता में दिखाई पड़ता है। मगर स्पर्श में नहीं आता। मन करता है कि फूल की गंध का स्पर्श करूँ। रूप, रस, गंध, सौंदर्यबोध के परिणाम हैं और भारतवासियों का सौंदर्यबोध विश्व में अनूठा है। पौराणिक काल में बसंत को मदनोत्सव भी कहा गया है और मदनोत्सव कोई कर्मकाण्ड नहीं है। प्रकृति के सत्य को देखना पर्याप्त नहीं है। प्रकृति को शिव कल्याणकारी भी होना चाहिए और सत्य व शिव सौंदर्यविहीन नहीं हो सकते। सत्य सत्य है और वही शिव भी है और वही सुंदर। भारतीय सौंदर्यबोध गहरा है। ब्रह्म संपूर्णता है। ब्रह्म का बोध आनंददाई होता है और सौंदर्य का बोध अस्थाई। पूर्वज जानते थे कि सौंदर्य का आकर्षण अल्पकालिक होता है और सौंदर्यबोध भी। संस्कृत कवियों ने सौंदर्य की भावना को एकाग्रता लाने वाला बताया है। अभिनव गुप्त ने इसे दीत विधना पतीत कहा है।

हमारी दृष्टि के सामने अनेक वस्तुएं आती हैं। उनमें से कुछ हमारी भौतिक सत्ता पर अधिकार कर लेती हैं और भौतिक सत्ता का ज्ञान हवा हो जाता है। अद्वैत दर्शन के अनुसार, ङ्कस्थूल या सूक्ष्म जगत में आत्मा की अभिव्यक्ति ही सौंदर्य है।ङ्क प्रकृति बहुरूपिया है। ब्रह्म एक है। अभिव्यक्तियां अनेक हैं। प्रकृति में रूप हैं। रंग हैं। सौंदर्य है। रस है। नाद है। गंध है। पृथ्वी सगंधा है। प्रकृति के रूप और रंग का आनंद सौंदर्यबोध देता है। बसंत की वायु नाचते, गीत गाते, डरते डरते, चुपके-चुपके हमें सहलाते हुए चली जाती है। कोयल बोलती है। कोयल की बोली आनंदित करती है। कोयल का गीत सुनाई पड़ता है। हम उन्हें छू नहीं सकते।

अरस्तू ने कला को प्रकृति की अनुकृति बताया है। भारतीय संस्कृति और दर्शन की परंपरा में ऋतुओं के रुपायन के साथ नृत्य और गीत का भी सुंदर विकास हुआ। महाभारत में संगीत का स्पष्ट उल्लेख है। अर्जुन ने इन्द्र से अस्त्र विद्या सीखी। वनपर्व के अनुसार अर्जुन ने युधिष्ठिर से कहा, ङ्कमैं विराटनगर की स्त्रियों को गीत, नृत्य और वाद्य की शिक्षा दूंगा।ङ्क महाभारत में संगीत और प्रकृति की आत्मीयता साफ सुनाई पड़ती है। यहां अलग-अलग राग हैं। दिवसों और प्रहारों के भी राग हैं।

ऋग्वेद में बताया गया है कि संगीत और वाणी को सात स्वरों में मापा गया है। सरगम संगीत का माप है, स, रे, ग , म, प, ध, नी, स नाम से विख्यात भारतीय सरगम दुनिया का प्राचीनतम सुरमाप है। भारतीय रागों में प्रकृति की छटा है और छटा सुनाई भी पड़ती है। सौंदर्य को ध्वनि रूप प्रस्तुत करना बड़ा काम है। ध्वनि कान से भीतर जाती है और दृश्य आंख से। जो आंख से दर्शनीय है, उसे कान से सुनना कठिन है। लेकिन भारत में ऐसा असंभव संपन्न हो पाया।

भारत में 6 ऋतुएं हैं और प्रत्येक ऋतु का अपना राग है। भैरव, डिंडोल, मेघ, श्रीराग, दीपक तथा मालकोश मुख्य राग हैं। यहां प्रत्येक राग अर्थ देता है। जिसका विवाह पांच रागिनियों से हुआ है। इस तरह कुल 6 राग और 30 रागिनियां होती हैं। गीत संगीत की व्याख्या करना इस छोटे से आलेख में संभव नहीं है और मैं स्वयं इसका अधिकारी नहीं हूं।

भारत के संविधान निर्माताओं ने भारतीय संस्कृति के मूल तत्वों को ठीक से जाना था इसलिए उन्होंने भारतीय संस्कृति के अनुरूप चित्र संविधान में जोड़े थे। उन्होंने संविधान की हस्तलिखित प्रति में सांस्कृतिक राष्ट्रभाव वाले 23 चित्र सम्मिलित किए। मुखपृष्ठ पर राम और कृष्ण तथा भाग 1 में सिन्धु सभ्यता की स्मृति वाले मोहनजोदड़ो काल की मोहरों के चित्र हैं। भाग 2 नागरिकता वाले अंश में वैदिक काल के गुरूकुल आश्रम का दिव्य चित्र है। भाग 3-मौलिक अधिकार वाले पृष्ठ पर श्री राम की लंका विजय व भाग 4-राज्य के नीति निर्देशक तत्वों वाले पन्ने पर कृष्ण अर्जुन उपदेश वाले चित्र हैं। भाग 5 में महात्मा बुद्ध, भाग 6 में स्वामी महाबीर और भाग 7 में सम्राट अशोक के चित्र हैं। भाग 8 में गुप्त काल, भाग 9 में विक्रमादित्य, भाग 10 में नालंदा विश्वविद्यालय, भाग 11 में उड़ीसा का स्थापत्य, भाग 12 में नटराज, भाग 13 में भगीरथ द्वारा गंगावतरण, भाग 14 में मुगलकालीन स्थापत्य, भाग 15 में शिवाजी और गुरू गोविन्द सिंह, भाग 16 में महारानी लक्ष्मीबाई, भाग 17 व 18 में क्रमशः गांधी जी की दाण्डी यात्रा व नोआखाली दंगों में शान्ति मार्च, भाग 19 में नेताजी सुभाष, भाग 20 में हिमालय, भाग 21 में रेगिस्तानी क्षेत्र व भाग 23 में लहराते हिन्दु महासागर की चित्रावलि है।

संविधान पारण के बाद अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा ल्लअब सदस्यों को संविधान की प्रतियों पर हस्ताक्षर करने हैं एक हस्तलिखित अंग्रेजी की प्रति है, इस पर कलाकारों ने चित्र अंकित किये हैं, दूसरी छपी हुई अंग्रेजी व तीसरी हस्तलिखित हिन्दी की।ङ्क (संविधानसभा कार्यवाही खण्ड 12 पृष्ठ 4261) भारतीय संस्कृति और इतिहास के छात्रों के लिए संविधान की चित्रमय प्रति प्रेरक हैं।

संविधान राष्ट्र का धारक होता है। यह राजधर्म है। भारत का संविधान दुनिया के किसी भी लिखित संविधान से बड़ा है। इसके कुछ हिस्से सामान्य संविधानों से उच्च स्तरीय हैं। भारत के संविधान निर्माताओं ने देश को संघ राज्य घोषित किया था। प्रत्यक्षतया भारत राज्यों का संघ है। संघीय ढांचे को लेकर अक्सर बहस चलती है। भारत अमेरिकी संघ जैसा संघ नहीं है। अमेरिकी संघ में राज्य स्थाई इकाइयां हैं और भारत में संसद द्वारा एक राज्य को दूसरे राज्य में आधा या पूरा समाहित किया जा सकता है। संविधान के अनेक प्रसंग हैं। 26 जनवरी इसी संविधान के लागू होने की महत्वपूर्ण तिथि है। बसंत की मस्ती में संविधान के प्रसाद का सुख और आनंद लीजिए। आप सबको गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।

(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)

# भारत की वैश्विक स्थिति और भी मजबूत

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारत की उपस्थिति आज आर्थिक, औद्योगिक, कृषि, तकनीकी, ऊर्ज़ा और सैन्य क्षेत्रों में दुनिया के अग्रणी देशों के समकक्ष पहुंच गई है। विश्व में भारत जनसंख्या के नजरिए से दूसरे स्थान पर है। दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का ऐतिहासिक मुकाम हासिल हमने किया है। क्रय शक्ति समानता के आधार पर भारत पहले से ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। विनिर्माण और औद्योगिक क्षेत्र में भी भारत ने बड़ा उछाल दर्ज किया है। एशिया मैन्युफैक्चरिंग इंडेक्स में भारत शीर्ष 10 देशों में शामिल है और मोबाइल फोन निर्माण के क्षेत्र में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक बन चुका है। इसी तरह फार्मास्युटिकल उद्योग में भारत को दुनिया की ल्लफार्मेसीङ्क कहा जाता है क्योंकि यह जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा वैश्विक आपूर्तिकर्ता और फार्मा उत्पादन में शीर्ष तीन देशों में शामिल है।

इसी तरह से कृषि क्षेत्र में भारत की वैश्विक स्थिति और भी मजबूत है। वह आज दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है। दालों और मसालों के उत्पादन में भारत विश्व में पहला स्थान रखता है, जबकि चावल और गेहूं के उत्पादन में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। चीनी उत्पादन और उपभोग दोनों में भारत वैश्विक स्तर पर दूसरे स्थान पर है। वस्तुतः ये आँकड़े बताते हैं कि भारत खाद्य सुरक्षा में आत्मनिर्भर होने के साथ ही वैश्विक खाद्य आपूर्ति में भी अहम भूमिका निभा रहा है।

प्रौद्योगिकी और डिजिटल क्षेत्र में भारत की स्थिति लगातार मजबूत हो रही है। आईटी और सॉफ्टवेयर सेवाओं के निर्यात में भारत दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल है और कई रिपोर्टों के अनुसार यह क्षेत्र भारत को वैश्विक स्तर पर पहला या शीर्ष स्थान दिलाता है। यूपीआई जैसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से भारत आज डिजिटल लेनदेन के मामले में दुनिया के सबसे बड़े देशों में शामिल हो चुका है, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक मॉडल के रूप में देखा जा रहा है।

ऐसे ही अन्य प्रमुख क्षेत्रों की बात करें तो भारत की पर्यटन अर्थव्यवस्था अब दुनिया की आठवीं सबसे बड़ी पर्यटन अर्थव्यवस्था बन चुकी है। सैन्य शक्ति के मामले में ग्लोबल फायरपावर इंडेक्स जैसी रैंकिंग के अनुसार भारत के पास दुनिया की चौथी सबसे शक्तिशाली सेना है। ऊर्ज़ा क्षेत्र में सौर तथा पवन ऊर्ज़ा क्षमता के मामले में भारत आज दुनिया के शीर्ष पाँच देशों में शामिल है। इसके साथ ही कच्चा इस्पात उत्पादन में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर है। निश्चित ही ये सभी आंकड़ें हमें उत्साह से भर देते हैं, किंतु इसके बाद भी विश्व के देशों के बीच विश्वास बहाली में अभी भी हमको अनेक कदम सफलता से पार करने की आवश्यकता है। कहना होगा कि अभी भी भारत दुनिया के देशों में अपने को लेकर वह भरोसा नहीं पैदा कर पाया है, जोकि उसे लेकर होना ही चाहिए, क्योंकि उसका मुख्य ध्येय वाक्य वसुधैव कुटुंबकम्‌ अर्थात पूरी धरती ही एक परिवार है में निहित है। किंतु 2026 की पासपोर्ट रैंकिंग के आए आंकड़े क्या कहते हैं यह कि 2026 में भारत 80वें स्थान पर है, जो पिछले साल के मुकाबले पांच पायदान ऊपर जरूर आया है, किंतु संतोष जनक या उत्साहवर्धक नहीं हैं। हालांकि 2025 में भारत 85वें पायदान पर था, यह सच है कि हमारी स्थीति पहले से लगातार सुधर रही है और वर्तमान में भारतीय पासपोर्ट धारकों को अब 55 देशों में वीजा फ्री या वीजा ऑन अराइवल सुविधा मिलती है। माना कि यह सुधार सकारात्मक संकेत देता है, लेकिन साथ में ये भी विचार किया जाए कि हमसे आगे 54 देश कौन से हैं इस साल सिंगापुर का पासपोर्ट दुनिया का सबसे शक्तिशाली घोषित किया गया। इसका अर्थ यह है कि सिंगापुर का पासपोर्ट रखने वाला व्यक्ति बिना वीजा 192 देशों में यात्रा कर सकता है। सिंगापुर के बाद दूसरे स्थान पर जापान और साउथ कोरिया हैं, जिन्हें 188 देशों में वीजा फ्री एंट्री मिलती है।

यूरोप के कई देश तीसरे और चौथे पायदान पर हैं, जबकि संयुक्त अरब अमीरात ने बीते दो दशकों में 57 पायदान की छलांग लगाते हुए खुद को टॉप 5 में पहुंचा दिया है। अमेरिका की स्थिति भी चर्चा में है, पिछले साल गिरावट के बाद अमेरिका फिर टॉप 10 में लौट आया है और 179 देशों में वीजा फ्री पहुंच के साथ 10वें स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और मलेशिया भी टॉप 10 में जगह बनाने में सफल रहे हैं। इसके उलट दुनिया के सबसे कमजोर पासपोर्ट की सूची में अफगानिस्तान सबसे नीचे है। अफगान पासपोर्ट के साथ केवल 24 देशों में बिना वीजा यात्रा संभव है, उसके बाद सीरिया (100वें), इराक (99वें), पाकिस्तान (98वें), यमन और सोमालिया जैसे देश हैं। ये रिपोर्ट कहती है कि आज सबसे मजबूत और सबसे कमजोर पासपोर्ट के बीच 168 देशों का अंतर हो चुका है। पाकिस्तान 98वें रैंक में आकर टॉप 100 में आने में कामयाब हो गया। पिछले साल यह 103 पर था। अब इसमें बड़ा प्रश्न यह है कि क्या हम अपनी तुलना इस संदर्भ में बांग्लादेश, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल या अपने अन्य पड़ौसी देशों से करें क्या ये तुलना सही होगी या फिर हमें विकास के शीर्ष देशों और चीन, जर्मनी, कोरिया, जापान के साथ अमेरिका, युरोप के बड़े और सफल देशों के साथ अपनी तुलना करनी चाहिए!

इस हेनले पासपोर्ट इंडेक्स की नवीनतम रिपोर्ट में वैश्विक रैंकिंग में चीन इस वर्ष 59वें स्थान पर है। चीनी पासपोर्ट धारक अब दुनिया के 81 देशों में बिना पूर्व वीजा (वीजा-मुक्त या आगमन पर वीजा) के यात्रा कर सकते हैं। पिछले एक दशक में चीन की रैंकिंग में काफी सुधार हुआ है। 2015 में यह 94वें स्थान पर था, जो अब 59वें पर आ गया है। इसी तरह से टॉप 10 में शामिल सिंगापुर समेत जैसा कि बताया गया है कि आज जापान, साउथ कोरिया, डेनमार्क, लक्जमबर्ग, स्पेन, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, आयरलैंड, इटली, नीदरलैंड, नॉर्वे, हंगरी, पुर्तगाल, स्लोवाकिया, स्लोवेनिया, यूएई, क्रोएशिया, चेकिया, एस्टोनिया, माल्टा, न्यूजीलैंड, पोलैंड, ऑस्ट्रेलिया, लातविया, लिकटेंस्टाइन, यूनाइटेड किंगडम, कनाडा, आइसलैंड, लिथुआनिया, मलेशिया और दसवें नंबर पर अमेरिका इसमें शामिल है। यहां ध्यान देने योग्य है कि कई देश इस सूची में दूसरे से लेकर 9वें स्थान पर एक साथ होने के कारण से इतने देशों के नाम यहां दिखाई दे रहे हैं, हमारे लिए विचारणीय यह है कि इसमें कई देश आज ऐसे भी शामिल हैं जो बहुत छोटे इतने कि भारत के एक राज्य से भी छोटे हैं, तब भी वे हमसे ल्लपासपोर्ट इंडेक्सङ्क में आगे हैं! इसका मतलब यह है कि वैश्विक बहाली और भरोसेमंद राष्ट्र बनने के लिए हमें अभी बहुत आगे तक जाना है ।

# भाषण व चार्ट प्रतियोगिता में छात्र–छात्राओं ने लिया हिस्सा

रामपुरः राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन सुबह प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में आयोजित किया। शिविर का शुभारंभ डॉ जागृति मदान धीगड़ा के निर्देशन एंव स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं द्वारा उत्साह पूर्वक किया।

स्वयंसेवकों एवं स्वयं सेविकाओं द्वारा रैली आयोजित की। जिसके तहत ग्राम भुर्जी की मड़ैया में जोश पूर्वक नारे लगाते हुए हर्षोल्लास से निकाली। स्वयंसेवकों द्वारा भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के प्रेरक तत्वों पर चर्चा जल संसाधन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाई गयी।दोपहर में गोष्ठी का आयोजन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा पर दीप जलाकर एवं अतिथि को पुष्प हार पहनाकर स्वागत किया।गोष्ठी में डॉ. पवन कुमार ने विद्यार्थियों को योग के बारे में बताया। कार्यक्रम में डॉ.माया भारती,डॉ. अख्तर हुसैन,डॉ. अब्दुल लतीफ, डॉ. वी के राय,डॉ. मुजाहिद अली उपस्थित रहे। डॉ. अब्दुल लतीफ( हिन्दी विभाग) ने छात्र छात्राओं को सामाजिक समस्याओं व देश की प्रगति से संबंधित व्याख्यान दिया। डॉ. वी के राय ने भारत के संघर्ष, गुलामी, स्वतंत्रता, डिजिटल साक्षरता, अपराध व भारत की संस्कृति पर चर्चा की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ईरम नईम,डॉ.प्रमोद कुमार, डॉ.नरेश कुमार, डॉ. घनश्याम सरोज उपस्थित रहे। पर्यावरण संरक्षण व भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम में भाषण व चार्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अल्बाब रजा, सिमरन प्रजापति, हर्षिता, रिम्मी , फैजान, नेहा , विनीता , अनस, जैनब , आदि छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता

# 33 परीक्षार्थियों ने छोड़ी गणित की परीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुरः केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद सीबीएसई की गणित की परीक्षा से 33 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। 10 वीं की परीक्षा में 3773 पंजीकृत थे। इनमें 3740 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा दो सचल दलों की देखरेख में हुई। सुबह से ही परीक्षा केंद्रों के बाहर विद्यार्थियों की हलचल दिखाई दी। परीक्षार्थियों की अच्छी तरह से तलाशी लेने के बाद केंद्रों पर प्रवेश किया। सेंट मेरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रवेश द्वारा सघन जांच की गई। केंद्र प्रभारी और टीम ने विद्यार्थियों की तलाशी ली। जनपद में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं 17 मंगलवार से शुरू हुई है। परीक्षा में 6100 विद्यार्थी पंजीकृत है। इनमें कक्षा 10 वीं 3400, 12 वीं 2700 परीक्षार्थी है। परीक्षा लिए ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेंट मेरी सीनियर सेकेंडरी, दयावती मोदी अकादमी, केंद्रीय विद्यालय, सेंट पॉल्स सेकेंडरी स्कूल, सनवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेंट एंथोनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल, लीड इंटरनेशनल स्कूल स्वार, आरएएन पब्लिक स्कूल बिलासपुर, ब्रहमदत्त स्कूल, होली चाइल्ड स्कूल बिलासपुर, न्यू ऐज पब्लिक स्कूल बिलासपुर में बने केंद्र पर हुई है। परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू होकर दोपहर 12 बजे समाप्त हुई।

**जनपद के 13 केंद्रों पर शांतिपूर्ण हुई सीबीएसई परीक्षा**

मंगलवार को हुई सीबीएसई की गणित की परीक्षा 33 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक कड़ी सुरक्षा में शांतिपूर्ण ढंग से हुई। एनके तिवारी, सिटी कोआर्डिनेटर।
फोटो 08 ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में परीक्षार्थियों की चेकिंग करते सचल दल की टीम।

# सीएमएस के पिता का निधन, सुपुर्दे खाक

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुरः जिला महिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के पिता का बीमारी के कारण मंगलवार की रात दो बजे निधन हो गया। निधन होने की खबर मिलने पर सीएमएस के आवास पर तांता लगा गया। दोपहर एक बजे जनाजे की नमाज के बाद गौसिया मस्जिद स्थित कब्रिस्तान में दफन किया गया।

सीएमएस डॉ.अनवर सादात ने बताया कि उनके पिता मोहम्मद हनीफ 79 साल के थे। दो माह पहले ब्रेन हैमरेज की दिक्कत थी। जो शाहबाद गेट स्थित नोवा अस्पताल में उपचार करा रहे थे। सोमवार को जहां उनकी अचानक हालत बिगड़ गई। उनको उपचार के लिए अपैक्स अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान रात दो बजे निधन हो गया। निधन की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। जहां उनको सीधा घर लाया गया। निधन होने पर सीएमएस के आवास पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों को तांता लगा रहा। सीएमओ डॉ.दीपा सिंह, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.संतोष कुमार, डॉ. बीसी सक्सेना, डॉ.केके चहल, डॉ.शशांक झा, डॉ.राजेश गंगवार, डॉ.पराग अग्रवाल, डॉ. इरफान, डॉ.शबाना, डॉ.वकास, अस्पताल मैनेजर याकूब अली, चीफ फार्मासिस्ट अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे।



**निधन की सूचना मिलने पर सीएमएस के आवास पर लगा तांता**



## सिर्फ मदद नहीं, भविष्य की भी चिंता

हादसे के बाद शिवानी का जीवन कैसे चलेगा, डीएम ने इसकी भी चिंता की। परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि शिवानी को उसकी ग्राम पंचायत में ही दैनिक कार्यों के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराया जाए। प्रशासन की इस पहल से अब पीड़ित परिवार को एक दीर्घकालिक आसरा मिल सकेगा।

## पुलिस ने किया सीएचसी काउंसलर के मकान में हुई चोरी का खुलासा, दो चोर गिरफ्तार

शाहबादः 7 फरवरी को शहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला काउंसलर के मकान में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। हालांकि अभी एक आरोपी फरार है। सीओ देवकीनंदन और कोतवाल प्रदीप कुमार ने संयुक्त रूप से चोरी का खुलासा करते हुए चोरों से बरामद किया गया सामान और चोरों को मीडिया के सामने पेश किया। 7 फरवरी को शाहबाद के सीएचसी में दिनदहाड़े महिला कर्मचारी शाजिया निगार के कमरे का ताला तोड़कर आभूषण और नकदी चोरी किए गए थे। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सीएचसी काउंसलर शाजिया निसार की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज करते हुए घटना के खुलासे में जुट गई। एसआई रमेश चंद्र द्वारा घटना की विवेचना की।

# कक्षा 10 के सूचना प्रौद्योगिकी के लिए और कक्षा 12 के कंप्यूटर साइंस के विद्यार्थियों के लिए

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। -व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल के कंप्यूटर साइंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी प्रवक्ता संज्ञापति मिश्रा ने बताया कि विद्यार्थी घर पर सीबीएसई के विगत वर्षों के प्रश्न-पत्रों को जितना अधिक हो सके, सॉल्व करने का अभ्यास करें। इससे उनकी तैयारी मजबूत होगी। उन प्रश्नों को गंभीरता पूर्वक पढ़ें जो विगत वर्षों के प्रश्न पत्र में बार-बार पूछे गए हैं।अभ्यास की विधि में एक निश्चित समय-सीमा निर्धारित करें, जैसे वास्तविक परीक्षा की भांति 3 घंटे,निर्धारित समय में सभी प्रश्न हल करें, बिना रुकावट के,सॉल्व करने के बाद उत्तरों की जांच करें और त्रुटियों का विश्लेषण करें। इससे विद्यार्थी की शुद्धता और दक्षता बढ़ेगी। परीक्षा हॉल में तनाव रहित होकर वे बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। समय प्रबंधन की आदत भी पड़ेगी। परीक्षा स्थल पर सबसे पहले पूरे प्रश्न पत्र को बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ें। सभी बहुविकल्पीय प्रश्नों के विकल्पों को सावधानीपूर्वक जांचें और सही विकल्प स्पष्ट रूप से लिखें। प्रश्न पत्र में पैराग्राफ, कोड या उदाहरण से प्रश्न आ सकते हैं, इसलिए कार्य, वेरिएबल, मेथड हेडर, प्रीकंडीशन (आरंभिक स्थिति) और पोस्टकंडीशन (अंतिम स्थिति) को अंडरलाइन करें। समय प्रबंधन रणनीति में अपने समय को ध्यानपूर्वक मॉनिटर करें; किसी एक प्रश्न पर अधिक समय न व्यतीत करें ताकि सभी प्रश्नों के लिए पर्याप्त समय शेष रहे। पहले 5-10 मिनट प्रश्न पत्र पढ़ने में लगाएं, उच्च अंकों वाले प्रश्नों को प्राथमिकता दें और अंत में 10 मिनट समीक्षा के लिए रखें। प्रत्येक प्रश्न के सभी भागों (चरणों) को चरणबद्ध तरीके से हल करने का प्रयास करें। आंशिक उत्तर भी स्पष्ट लिखें, क्योंकि सीबीएसई में पार्शल मार्किंग की सुविधा है, विशेषकर घ्भप्द्धधद्ध/ट्ठड्ढ्र कोडिंग या दधद्बध्द्भ्द्धद्बदभ-थ्थपद्दद प्रश्नों में,थ्योरी आधारित प्रश्नों को हल करते समय उन्हें क्रमबद्ध तरीके से पॉइंट-टू-पॉइंट लिखना अंकों प्राप्त करने में आसानी प्रदान करता है। इससे उत्तर स्पष्ट, संरचित और परीक्षक के लिए मूल्यांकन योग्य बन जाता है। उत्तर की शुरुआत परिभाषा से करें, फिर नियम/चरणों को पॉइंट्स में लिखें, अंत में उदाहरण जोड़ें। इससे पूर्णता मिलती है और अधिकतम अंक सुनिश्चित होते हैं।



कोडिंग एवं उत्तर लेखन

प्रोग्रामिंग उत्तरों को व्यवस्थित रखेंः उचित इंडेंटेशन, अर्थपूर्ण वेरिएबल नाम, सफाईपूर्ण लेखन अपनाएं। कोड लिखने से पूर्व समाधान की योजना बनाएं और लाइनों के बीच स्थान छोड़ें। डायग्राम,फ्लोचार्ट लेबल करें, रफ वर्क को क्रॉस करें तथा प्रश्न नंबर मार्जिन में लिखें। किसी भी वस्तुनिष्ठ प्रश्न को हल करते समय उसकी परिभाषा के साथ-साथ उदाहरण भी अवश्य लिखें। इससे मूल्यांकनकर्ता को आपके उत्तर को दोनों माध्यमों से समझने में सहायता मिलती है और आपके अंक पूरी तरह सुनिश्चित हो जाते हैं।

# डॉ. गौरव वार्ष्णेय को राज्य अध्यापक पुरस्कार 2025 से नामित किए जाने पर हुआ सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। डॉ. गौरव वार्ष्णेय को वर्ष 2025 के राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए नामित किया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने उन्हें सम्मानित कर जनपद का मान बढ़ाने के लिए बधाई दी।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में शिक्षाविदों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का वातावरण उत्साह, प्रेरणा और गर्व से परिपूर्ण था। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय ने डॉ. गौरव वार्ष्णेय को प्रशस्ति-पत्र एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके समर्पण, अनुशासन और नवाचारपूर्ण कार्यों की सराहना की। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि डॉ. गौरव वार्ष्णेय ने शिक्षा को केवल एक पेशा नहीं, बल्कि समाज निर्माण का माध्यम माना है। उनके द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, अनुशासित शैक्षणिक वातावरण और नवाचारों के माध्यम से विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिक्षक किसी भी जनपद की अमूल्य धरोहर होते हैं और इनकी उपलब्धियां अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने डॉ. गौरव वार्ष्णेय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में विद्यालय के शैक्षणिक परिणामों में उल्लेखनीय सुधार किया है। उनके मार्गदर्शन में छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने विद्यालय में नामांकन बढ़ाने, छात्र उपस्थिति सुधारने और ड्रॉपआउट दर कम करने के लिए विशेष अभियान चलाए, जिनका सकारात्मक परिणाम सामने आया। डॉ. गौरव वार्ष्णेय ने विद्यालय प्रबंधन में पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने के लिए अभिनव उपाय अपनाए। उन्होंने अभिभावकों, पूर्व छात्रों एवं स्थानीय समुदाय को विद्यालय की गतिविधियों से जोड़कर संसाधनों की उपलब्धता बढ़ाई। विद्यालय में आधारभूत संरचना के विकास, कंप्यूटर शिक्षा के विस्तार, पुस्तकालय सुदृढ़ीकरण तथा विज्ञान प्रयोगशाला के आधुनिकीकरण में उनका विशेष योगदान रहा है। डॉ. गौरव वार्ष्णेय ने डिजिटल शिक्षण पद्धतियों को अपनाते हुए तकनीकी संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया। स्मार्ट कक्षाओं, प्रोजेक्टर आधारित शिक्षण तथा टीएलएम (शिक्षण-अधिगम सामग्री) के प्रयोग से उन्होंने शिक्षण प्रक्रिया को अधिक रोचक एवं प्रभावी बनाया। उन्होंने विद्यार्थियों की व्यक्तिगत शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विशेष कक्षाओं एवं मार्गदर्शन सत्रों का आयोजन किया, जिससे कमजोर छात्रों को भी आगे बढ़ने का अवसर मिला। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. गौरव वार्ष्णेय ने जिलाधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक सहित समस्त प्रशासन का आभार व्यक्त किया। डॉ. गौरव वार्ष्णेय की यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि समर्पण, परिश्रम और सकारात्मक दृष्टिकोण से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त की जा सकती है। जनपद उनके इस सम्मान से गौरवान्वित है।शिक्षा जगत उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।



डॉ. गौरव वार्ष्णेय को सम्मानित करते डीएम और डीआईओएस

## कलेक्ट्रेट में हुई पंचायत में किसानों ने समस्याओं को लेकर की चर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुरः भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की पंचायत जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह गंगवार के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में स्थित पार्क में हुई। जिसके बाद किसानों की 6 सूत्रीय मांगों को लेकर नगर मजिस्ट्रेट को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष ने पंचायत को संबोधित करते हुए कहा की पर्यावरण और जल संरक्षण का भविष्य में स्वास्थ्य और जनमानस बेहद असर पड़ने वाला है। वर्तमान में कैंसर जैसी भयानक बीमारियां फैल रही हैं, जिसका एकमात्र कारण पर्यावरण में प्रदूषित हवा है इसके लिए, सरकारी जमीन जैसे गुल, चकरोड, नहर किनारे चौड़ी नालों किनारे सिंचाई विभाग और नहर विभाग की सरकारी जमीनों पर पौधे लगाए जाने चाहिए। प्रत्येक वर्ष वन विभाग उद्यान विभाग ग्राम पंचायत द्वारा वृक्षारोपण कार्य किया जाता है। वह सिर्फ कागजों तक ही सीमित रहता है कार्य जमीन पर हकीकत में होना चाहिए। इस मौके पर सरदार अवतार सिंह, सुनील मौर्य, फरीद खां, बाबर खां, रामनाथ, राहत अली, जुनैद खां, रामपाल पटेल, बाबू राम, अब्दुल रज्जाक खान,अनिल बघेल, मुताहिर खान, नीरज कुमार, मुशीब अली खान, समर खान, समी खान, प्रेमपाल गंगवार, राजकुमार मौर्य, पप्पू मालिक, फूल सिंह गंगवार, विजयपाल कैशप, रामप्रताप गंगवार, जगजीत सिंह सहित बड़ी संख्या मैं किसान मौजूद रहे।

## बाइकों की आमने सामने की टक्कर में तीन घायल, दो रेफर

शाहबादःमंगलवार को शाहबाद के सिरौली रोड पर दो बाईकों की आमने सामने की टक्कर में तीन लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। जिनको उपचार के लिए सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने घायलों को प्राथमिक उपचार देकर दो लोगों की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार शाहबाद के गुजरेला निवासी आदेश और नितेश सामान लेने बाइक पर सवार होकर शाहबाद आ रहे थे। वहीं सुहावा गांव निवासी मिस्कीन शाहबाद से अपने गांव जा रहे थे। रास्ते में भगवन्तपुर के पास दोनों की बाईकों में आपस में भिड़ंत हो गई। जिसमें तीनों लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। जिनको एंबुलेंस की मदद से शाहबाद सीएचसी में भर्ती कराया।डॉक्टरों ने तीनों घायलों को प्राथमिक उपचार देकर आदेश और मिस्कीन को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## 11 हजार की लाइन ने झुलसाए सपने, डीएम ने पोंछे आंसू

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुरः घर की छत, जो बच्चों के लिए सबसे सुरक्षित खेल का मैदान मानी जाती है, वही कमोरा गांव की शिवानी के लिए जिंदगी भर का दर्द बन गई। 11 केवी की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलसी इस बेटी के जख्मों पर अब प्रशासन ने मरहम लगाने की कोशिश की है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने न केवल पीड़ित परिवार को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता सौंपी, बल्कि शिवानी के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए उसे गांव में ही रोजगार दिलाने की भी संवेदनशील पहल की है। मामला मिलक तहसील के ग्राम कमोरा का है। 2 जनवरी 2026 को जनता दर्शन में शिवानी के पिता निर्मल सिंह अपनी लाचारी और बेटी का दर्द लेकर जिलाधिकारी के पास पहुंचे थे। उन्होंने बताया था कि कैसे हंसती–खेलती शिवानी नौ वर्ष पहले छत पर खेलते वक्त 11 हजार वोल्ट के करंट की चपेट में आ गई थी। उस हादसे ने न सिर्फ बेटी को शारीरिक रूप से तोड़ा, बल्कि परिवार को भी आर्थिक संकट में डाल दिया था। पिता की पीड़ा को समझते हुए डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने मामले को गंभीरता से लिया। उन्होंने तत्काल विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता श्री सत्येन्द्र चौहान को तलब कर मदद के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में आज कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम ने शिवानी को बिजली विभाग द्वारा संकलित 50,000 रुपये का चेक सौंपा। यह राशि भले ही शिवानी के शारीरिक कष्ट को कम न कर सके, लेकिन इलाज और जरूरतों के लिए एक बड़ा सहारा जरूर बनेगी।

## स्वार में नकली कैल्शियम बेचते पकड़ा गया दुकानदार, किसानों के हुआ धोखा

जागरण मोर्चा कार्यालय

स्वारः क्षेत्र में किसानों के शोषण का एक और मामला सामने आया है। फसल की पैदावार बढ़ाने के नाम पर किसानों को नकली खाद और दवाइयां बेची जा रही हैं, जिससे वे आर्थिक रूप से बर्बाद हो रहे हैं।

मंगलवार को नकली कैल्शियम बेचने की सूचना पर गुड़गांव से आई यारा कंपनी टीम ने नगर के मुख्य चौराहे के निकट स्थित शर्मा फर्टिलाइजर की दुकान पर छापामार कार्रवाई कर एक नकली कैल्शियम का कट्टा बरामद किया। कार्रवाई के दौरान टीम ने दुकानदार को यारा वीरा नाइट्रोजन कैल्शियम का नकली कट्टा 500 रुपये में बेचते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया।बाजार में इसी कंपनी के असली कैल्शियम कट्टे की कीमत लगभग 1400 रुपये बताई जा रही है। सस्ते दामों का लालच देकर किसानों के साथ खुलेआम धोखाधड़ी की जा रही थी। छापेमारी करने वाली टीम का नेतृत्व कर रहे एरिया मैनेजर धर्मेंद्र कुमार ने तत्काल इसकी सूचना जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह को दी। सूचना मिलते ही जिला कृषि अधिकारी मौके पर पहुंचे। पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने टीम को नकली खाद बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए।इस कार्रवाई के बाद नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के खाद–बीज विक्रेताओं में हड़कंप मचा रहा। बता दें कि स्वार क्षेत्र में लंबे समय से नकली खाद, कीटनाशक और कृषि दवाओं का अवैध कारोबार फल–फूल रहा है। इसका सीधा नुकसान किसानों को उठाना पड़ रहा है, जहां मेहनत की कमाई लुटने के साथ–साथ फसलें भी खराब हो रही हैं। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे दुकानदारों के खिलाफ सख्त अभियान चलाकर लाइसेंस निरस्त किए जाएं, ताकि भविष्य में किसानों के साथ इस तरह का शोषण न हो।

## गिरफ्तार आरोपियों का रहा है आपराधिक इतिहास

शाहबाद। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों का आपराधिक इतिहास रहा है। गिरफ्तार आरोपी फहीम पर जनपद सम्भल, जनपद रामपुर और जनपद गाजियाबाद में 8 मुकदमे दर्ज है। वहीं दूसरे आरोपी शौलत पर जनपद सम्भल और रामपुर में 15 केस दर्ज है।

यह सामान हुआ बरामद

एक अदद चैन पीली धातु, एक जोड़ी कुंडल पीली धातु, एक नाक की लोंग पीली धातु, एक जोड़ी काम की बाली पीली, धातु चार जोड़ी पाजेब, एक जोड़ी गुलशन पट्टी सफ़ेद धातु एक जोड़ी खड्डुआ सफ़ेद धातु, चैन सफ़ेद धातु, 3200 रुपए नगद आदि मौजूद रहे।

## विवाहिता की गला घोंटकर हत्या करने में पति सहित चार पर केस

जागरण मोर्चा कार्यालय

स्वारः दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने विवाहिता की गला घोंटकर हत्या कर दी। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना अजीमनगर क्षेत्र के ग्राम कुचैटा निवासी जलील अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री मुन्तियाज जहां की शादी 9 फरवरी 2025 को जुनैद पुत्र जाकिर अली निवासी कस्बा स्वार मोहल्ला चक स्वार के साथ की थी। शादी में दहेज के रूप में करीब सात लाख रुपये की रिनॉल्ट कंपनी की कार तथा लगभग 15 लाख रुपये का अन्य दहेज, कपड़े और जेवर दिये थे। आरोप है कि इसके बावजूद ससुराल पक्ष संतुष्ट नहीं था।स्कॉर्पियो कार तथा 20 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग करने लगा। मांग पूरी न होने पर मुन्तियाज जहां को लगातार मारपीट कर प्रताड़ित किया जाता था। जान से मारने की धमकियां दी जाती थीं। 16 फरवरी को जब वह गांव के प्रधान पति और परिजनों के साथ ससुराल पहुंचे तो घर का मुख्य गेट बंद मिला। दरवाजा खुलने पर कमरे के अंदर मुन्तियाज जहां का शव फंदे से लटका मिला। आरोप है कि पति जुनैद, देवर आजम , नन्द इल्मा और सास मुरसलीन ने दहेज की मांग पूरी न होने पर पहले गला घोंटकर हत्या की। बाद में आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को पंखे से लटका दिया। परिजनों को देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर विराट हिंदू सम्मेलन

जागरण मोर्चा कार्यालय


ठाकुरद्वारा के गांव फसियापुरा पदार्थ में विराट हिंदू सम्मेलन को संबोधित करती साध्वी प्राची


कार्यक्रम में मौजूद लोग

ठाकुरद्वाराः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पसियापुर पदार्थ में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए हिंदू रक्षा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल कृष्ण जी महाराज ने कहा कि हम भारतवर्ष में सभी धर्म का सम्मान करते हैं लेकिन यदि हमारे धर्म पर कोई हाथ डालेगा तो हम उसका मुंह तोड़ जवाब देंगे विधर्मी हमारी बेटियों को लव जिहाद के जाने फंसा कर धर्म परिवर्तन करने का प्रयास करते हैं।

उन्होंने उपस्थित हिंदू समाज से आह्वान किया कि यदि हमें हिंदू धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने की आवश्यकता होगी तो हम दे देंगे हमें दूसरे धर्म का आर्थिक बहिष्कार भी करना चाहिए हिंदू धर्म तथा सनातन धर्म को कोई भी धर्म में समाप्त नहीं कर सकता हमारा प्रयास हिंदू समाज को जगाने तथा संगठित करने का रहता है उन्होंने उपस्थित जल समूह से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा में जाने का आग्रह किया शाखा में बच्चों को देशभक्ति तथा भारतीय संस्कार की प्रेरणा दी जाती है तन मन धन से सनातन धर्म की रक्षा तथा सेवा करनी चाहिए। उन्होंने हिंदू युवाओं से आग्रह किया कि यदि दूसरे धर्म की लड़की से शादी करोगे तो में 5 लाख का इनाम दूंगा।सम्मेलन को संबोधित करते हुए संघ की साध्वी प्राची ने हिंदुओं में एकता एवं संगठित रहने का आह्वान किया उन्होंने कहा कि प्रत्येक हिंदू को अपने घर में लोहे के डंडे रखना चाहिए जिससे दूसरे धर्म के जिहादियों के हमले का मुंह तोड़ जवाब दिया जा सके उन्होंने हिंदू समाज से आग्रह किया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लगभग 42 अनुषांगिक संगठन विभिन्न क्षेत्र में कार्य कर रहे है।कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय ग्राम विकास संयोजक राजकुमार ने भी संघ की 100 वर्ष की यात्रा की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिक्षा क्षेत्र में भारतवर्ष में सरस्वती शिशु मंदिर तथा विद्या मंदिर बच्चों को भारतीय संस्कृति,संस्कार, देशभक्ति की शिक्षा ग्रहण कराते हैं। कार्यक्रम में महंत बच्चा बाबा ने हिंदुओं को सावधान किया कि राजा पृथ्वीराज चौहान के साथ 900 वर्ष पूर्व मोहम्मद गौरी तथा जय चंद्र गद्दार जैसे जिहादी ने उनकी जान ले ली थी। मुसलमानों द्वारा लव जिहाद लैंड जिहाद सुख जिहाद जींद जिहाद डॉक्टर द्वारा मेडिकल जिहाद आदि से सावधान रहना चाहिए। इस कार्यक्रम में शंकर भगवान जी का तांडव नृत्य प्रस्तुत किया तथा सरस्वती विद्या मंदिर ठाकुरद्वारा की छात्रा निकिता सिंह ने नारी सम्मान के ऊपर विस्तार से प्रस्तुति दी। इस हिंदू सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी मुरादाबाद के पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान, अमित कुमार चौहान, भाजपा नेता अजय प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख पति वीर सिंह सैनी, लघु व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव चौहान, भाजपा मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाल, मनोज कुमार चौहान, मुकेश चौधरी, मुदित अग्रवाल, आरएसएस के नगर प्रचारक शिवांशु, सुनील कुमार पूठीया, दिनेश कुमार प्रजापति, डॉक्टर दिनेश कुमार सिंह, छुट्टन सिंह, राजेश सिंह, विपुल अग्रवाल, उदयवीर सिंह, संजीव कुमार चौहान सहित सैंकड़ो कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन धर्मवीर सिंह ने किया।

# प्रेमी से नाराज युवती ने प्रेमी के घर किया जहरीले पदार्थ का सेवन,हालत गम्भीर

किरतपुरः प्रेमी द्वारा प्रेमिका को शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। प्रेमिका द्वारा जहरीला पदार्थ खाने पर उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच मे जुटी हुई है। प्रेमिका की मां द्वारा पुलिस को दी तहरीर में कहा गया कि वह बसी के मोहल्ला छज्जुपुरा की निवासी है। उसकी पुत्री को किरतपुर के मोहल्ला बुद्धू पाडा निवासी एक युवक ने अपने प्रेम में फंसा लिया। उसकी अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल कर रहा था और पैसे की डिमांड करता था। यह सिलसिला लगभग दो वर्ष से चल रहा था।सोमवार 16 जनवरी की रात्रि लगभग 8 बजे प्रेमी युवक ने मिलने के लिए बुलाया और जबरदस्ती करने का प्रयास करने लगा।उसे शादी करने के लिए समझाया मगर वह इंकार करने लगा। क्षुब्ध होकर युवती ने प्रेमी युवक के घर पर उसी की मौजूदगी में जहर खा लिया। युवती को नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर होने पर उसे बिजनौर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।जहां उसकी हालात सीरियस बनी हुई है। ज़ब इस सम्बन्ध मे थाना प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार से बात की गई तो उन्हीने बताया की आरोपी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।फिलहाल युवक पुलिस की पहुंच से दूर है।घटना की सूचना पर नायब तहसीलदार अतुल भगत भी युवती का हाल जानने आए ओर युवती का बयान लिया।

# पांच दिन चला बंदर पकड़ो अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय

कंठः नगर के नागरिकों की मांग पर बंदरों के बढ़ते आतंक को देखते हुए नगर पंचायत द्वारा मथुरा से बंदर पकड़ने वाली टीम बुलाई गई थी। टीम ने पांच दिन तक अभियान चलाकर बंदरों को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन इसके बावजूद नगर में बंदरों का आतंक अभी भी बरकरार है।

इससे नागरिकों में भय का माहौल बना हुआ है। टीम ने अभियान तो चलाया लेकिन यह कारगर सिद्ध नहीं हो सका। मोहल्ला पट्टी वाला एवं क्षेत्र में अभी भी दर्जनों बंदर खुलेआम घूम रहे हैं।लोगों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिन स्थानों पर बंदरों का अधिक जमावड़ा रहता है, वहां पिंजरे नहीं लगाए गए, जिसके कारण अधिकांश बंदर पकड़ में नहीं आ सके।मंगलवार प्रातः बंदरों के एक झुंड ने मौहल्ला पट्टी वाला निवासी देशबंधु पर हमला कर दिया। शोर मचाने पर बंदर मौके से भाग गए। लोगों का कहना है कि यदि आसपास के लोग सक्रिय न होते तो पीड़ित को गंभीर चोटें आ सकती थीं। स्थानीय नागरिकों ने नगर पंचायत और बंदर पकड़ने वाली टीम पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा है कि अभियान को दोबारा चलाया जाए और प्रभावी ढंग से बंदरों को पकड़कर नगर वासियों को इस समस्या से निजात दिलाई जाए।

# बस व बाइक की टक्कर में पति पत्नी की मौत ,एक गंभीर घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

बढ़ापुर। नगीना बढ़ापुर मार्ग पर चलने वाली एक प्राइवेट बस ने अनियंत्रित होकर दो बाइक पर सवार एक महिला सहित तीन लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को दिए जाने के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों की हालत चिंताजनक देखते हुए उचित उपचार के लिए सीएससी नगीना भेजा जहां पर चिकित्सकों द्वारा एक बाइक सवार अधेड़ व महिला को मृत घोषित कर दिया। दोनों की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मौके पर मौजूद पुलिस दुर्घटनाग्रस्त बस को कब्जे में लेकर थाने ले गई । मंगलवार को देर शाम नगीना बढ़ापुर मार्ग पर चलने वाली एक प्राइवेट बस संख्या यूपी 20 एटी 3546 बढ़ापुर बस स्टैंड से सवारियां लेकर नगीना के लिए निकली थी ऊनी नदी का पुल पार करने के बाद असलम कुरैशी के कंटे के सामने पहुंचते ही बस अचानक अनियंत्रित हो गई। विपरीत दिशा से आ रही बाइक होंडा लिवो संख्या यूके 15 बी 4978 को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार शमीम 60वर्ष पुत्र अल्लाह दिया व उनकी पत्नी रशीदा 55 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद भी बस चालक से बस पर कंट्रोल नहीं पाया गया। जिसके बाद बस ने पीछे आ रही दूसरी बाइक ग्लैमर संख्या यूपी 20 सीके 6103 जिस पर सवार कमल पुत्र शिवचरण निवासी मोहल्ला वाल्मीकि बस्ती नोमी को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार कमल भी गंभीर रूप से घायल हो गया प्रत्यक्षदर्शी राहगीरों की माने तो बस चालक पहले से ही बस को उल्टा सीधा चला रहा था। जिस कारण यह घटना घट गई। राहगीरों ने बताया कि बाइक सवार शमीम पुत्र अल्लादिया निवासी मोहल्ला नौमी कलर वाली मस्जिद की मौके पर ही मौत हो गई थी। परंतु घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दिए जाने के बाद स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर तीनों घायलों को उचित उपचार के लिए सीएससी नगीना भिजवाया गया। जहां पर चिकित्सकों द्वारा शमीम व उनकी पत्नी रशीदा को भी मृत घोषित कर दिया गया साथ ही फरार बस चालक की तलाश शुरू कर दी गई है घटना की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र कुमार शर्मा भी मौके पर पहुंच गए थे।थाना प्रभारी निरीक्षक द्वारा बताया गया कि घटना की अभी कोई तहरीर नहीं मिल पाई है।

# डायट कंठ में आयोजित किया हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम

कंठःजिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट कंठ में खंड शिक्षा अधिकारी शिवम गुप्ता की अध्यक्षता में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि मृणाली अविनाश जोशी मुख्य विकास अधिकारी मुरादाबाद ने सभी शिक्षकों अभिभावकों और छात्र-छात्राओं को हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी और अभिभावकों को अपने बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित एवं जागरूक किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी शिवम गुप्ता ने कार्यक्रम के बारे में बताया और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दिशा निर्देशों के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं प्राथमिक दक्षता प्राप्त करने के लिए पूर्व प्राथमिक शिक्षा का सार्वभौमीकरण किया जाना लक्ष्य है। प्रदेश में निपुण लक्ष्य की संप्रति आयु वर्ग 5 से 8 वर्ष के समस्त बच्चों के लर्निंग आउट कट के माध्यम से प्राप्त किया जाना है। इसके बारे में उन्होंने विस्तार से बताया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी मृणाली जोशी , खंड शिक्षा अधिकारी शिवम गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया। कस्तूरबा गांधी आवास से बालिका विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्राथमिक विद्यालय कंठ मान नगर की बालिकाओं द्वारा शिक्षा पर कविता प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में बाल वाटिका आयु वर्ग 5 से 6 वर्ष एवं विद्यालय में नामांकित कक्षा एक एवं कक्षा 2 के प्रत्येक न्याय पंचायत के पांच बच्चों को प्रमाण पत्र, मेडल, स्टेशनरी किट आदि देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष गौरव यादव, वीरेंद्र कुमार ब्लॉक अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संबद्ध अध भाध प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट, बाल विकास विभाग से अनीता, वीरेंद्र कुमार, बृजेंद्र कुमार, आशुतोष कुमार, प्रियंका चौधरी, भुवनेश कुमारी, दीपिका गुप्ता, शशिबाला आदि उपस्थित रहे।

## छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

ठाकुरद्वारा। कोतवाली नगर क्षेत्र से 22 वर्षीय बीए छात्र रियाज अहमद के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। रियाज के अचानक घर से चले जाने के बाद से उसका कोई सुराग नहीं लग सका है, जिससे परिवार में चिंता और भय का माहौल बना हुआ है। परिजनों के अनुसार, रियाज ने अपने कुछ दोस्तों को व्हाट्सएप पर एक सुसाइड नोट जैसा संदेश भेजा था। यह बात सामने आते ही घर में हड़कंप मच गया। घबराए परिजन तुरंत कोतवाली पहुंचे और पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर दी। परिवार का कहना है कि पिछले लगभग 20 दिनों से रियाज ठीक से सो नहीं पा रहा था और वह मानसिक तनाव में दिखाई दे रहा था। हालांकि उसने अपने मन की बात किसी से खुलकर साझा नहीं की थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। संभावित स्थानों पर तलाश की जा रही है और रियाज के दोस्तों व परिचितों से भी पूछताछ की जा रही है। परिजनों ने पुलिस प्रशासन से अपील की है कि रियाज को जल्द से जल्द सकुशल बरामद किया जाए। पुलिस का कहना है कि हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

## जर्जर पेड़ गिरने से बड़ा हादसा

जागरण मोर्चा कार्यालय

नजीबाबादः नजीबाबाद-बुंदकी रोड पर सोमवार को एक बड़ा हादसा उस समय हो गया जब सड़क किनारे खड़ा जर्जर पेड़ अचानक भरभराकर गिर पड़ा। पेड़ की चपेट में आकर स्प्लेंडर बाइक पर सवार दो युवक घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों युवक बाइक से गुजर रहे थे, तभी अचानक पेड़ गिर गया और वे संभलने का मौका भी नहीं पा सके। हादसे में अनस नामक युवक को गंभीर चोटें आईं, जबकि उसके साथी शिवा को मामूली चोट लगी है। घायलों में एक युवक झालू का निवासी बताया जा रहा है, जबकि दूसरा खड़ियापुर गांव का रहने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची तथा दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया गया, जहां गंभीर रूप से घायल अनस का उपचार जारी है। पेड़ गिरने से सड़क किनारे रखा एक खोखा भी क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे स्थानीय दुकानदार को नुकसान उठाना पड़ा। लोगों का कहना है कि यह पेड़ लंबे समय से सूखा और जर्जर अवस्था में खड़ा था। ग्रामीणों ने कई बार संबंधित विभाग से इसे कटवाने की मांग की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का आरोप है कि समय रहते ध्यान दिया जाता तो यह हादसा टल सकता था। घटना के बाद क्षेत्रीय लोगों में नाराज़गी है। उन्होंने सड़क किनारे खड़े अन्य खतरनाक पेड़ों की भी जांच कर उन्हें हटाने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जानकारी संबंधित विभाग को भेजने की बात कही है।

## रिहायशी इलाके में पहुंचा गुलदार, खुले कुएं में गिरा , वन विभाग ने किया रेस्क्यू

जागरण मोर्चा कार्यालय

हल्दौर,बिजनौर। जिले के ग्रामीण क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया। जब जंगल से निकलकर एक गुलदार आबादी में पहुंच गया और खुले ट्यूबवेल के कुएं में गिर पड़ा। घटना से आसपास के गांवों में दहशत का माहौल बन गया।

मामला जनपद के थाना हल्दौर क्षेत्र के गांव तोफापुर का है, जहां बुधवार सुबह ग्रामीणों ने कुएं से किसी जंगली जानवर के चीखने की आवाज सुनी। आवाज सुनकर बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि एक गुलदार खुले पड़े ट्यूबवेल के कुएं में गिरा हुआ था और बाहर निकलने का प्रयास कर रहा था। ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम आवश्यक उपकरणों के साथ मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद टीम ने सुरक्षित तरीके से गुलदार को बाहर निकाल लिया।वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि गुलदार संभवतः भोजन की तलाश में जंगल से भटककर आबादी की ओर आ गया था और खुले कुएं के कारण दुर्घटनावश उसमें गिर गया। रेस्क्यू के बाद उसे चिकित्सकीय परीक्षण हेतु ले जाया गया, जहां उसकी स्थिति सामान्य पाई गई।अधिकारियों ने ग्रामीणों से खुले कुओं को ढक कर रखने और जंगली जानवर दिखाई देने पर तुरंत सूचना देने की अपील की है, ताकि किसी प्रकार की जनहानि या वन्य जीव को नुकसान न हो।

## किसान के खेत में मृत्यु पड़ा मिला तेंदुआ

कांठ/छजलैट। क्षेत्र के ग्राम नसीरपुर में किसान के खेत में एक तेंदुआ मृत अवस्था में मिला है। क्षेत्र के ग्राम नसीरपुर में किसान कृषि कार्य के लिए जंगल गए थे। जहां उन्होंने गांव के किसान रणजीत सिंह के खेत में एक तेंदुआ मृत अवस्था में पड़ा हुआदेखा। ग्रामीणों ने इस संबंध में वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलने पर डिप्टी वन डेंजर पुष्पेंद्र सिंह टीम के साथ गांव पहुंचे। डिप्टी वन रेंजर ने बताया ने बताया कि तेंदुए के शव को बरामद कर डियर पार्क मुरादाबाद में सुरक्षित रखा गया है।

## शादी कराने का झांसा देकर युवक से लाखों रुपए की ठगी

नगीनाः शादी कराने का झांसा देकर युवक से लाखों रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के स्थानीय मोहल्ला काजी सराय निवासी मोहम्मद नदीम पुत्र मोहम्मद हनीफ ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि उसका रिश्ता अमरीन पुत्री हनीफ के साथ मंगनी 5 अप्रैल 24 को हो गयी थी उसने तीन तोले सोना व चांदी के जेवर अमरीन को जेवर के रुप में दिये थे। मंगनी के बाद अमरीन के भाई आमिर, भाभी शिफा, व आमिर के पिता हनीफ ने उससे कहा की तुम अब हमारे रिश्तेदार हो गये हो हम सारा पैसा प्रॉपर्टी खरीदने में लगा रहें है तुम भी हमारे साथ पार्टनर हो जाओ, जो भी मुनाफा होगा आपस में बांट लेगें उसने इन लोगो की बात पर विश्वास करते हुए प्रोपर्टी खरीदने के लिए 9,38000 रुपये आमिर व शिपा के अकाउंट में अलग-2 दिनांक को ट्रांसफर कर दिए व 15 लाख रुपये नकद दे दिए। जब इन लोगो ने उसको न तो कोई प्रॉपर्टी दिलायी और न ही कोई बैनामा कराया। उसने अपने दोस्त से भी 5,50000 रुपये आमिर व शिफा के अकाउंट में ट्रांसफर कराये। काफी समय बीत जाने पर जब पीड़ित ने अपने पैसे वापस मांगे इन लोगों पीड़ित को पैसे वापस करने से मना कर दिया।बोल दिया हमे प्रोपर्टी मे नुकसान आ गया है और झांसा देकर सोना चांदी व रुपया ठग लिया। पीड़ित की तहरीर पर नगीना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## भूमि विवाद में मारपीट के मामले में दो गिरफ्तार

कंठ। थाना क्षेत्र में वर्षो से चले आ रहे खेती की जमीन के विवाद को लेकर गाली गलौज व मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के दो लोगों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर उन्हें एसडीएम के न्यायालय में पेश किया है। थाना कंठ के ग्राम रुस्तमपुर निवासी मोहम्मद इरफान पुत्र मोहम्मद यूनुस एवं थाना छजलैट के ग्राम चोहरा रसूलपुर निवासी मुकम्मल पुत्र मुन्ने खां में खेती की जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इरफान पक्ष ने अपनी कुर्रे बंदी कराई थी। मुकम्मल पक्ष उस जमीन को छोड़ने को तैयार नहीं है। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में मुकदमे बाजी भी चली। जमीनी विवाद को लेकर आज दोनों में पहले गाली गलौंज हुई और इसके बाद मारपीट होने लगी। पुलिस ने एक पक्ष के मुकम्मल तथा दूसरे पक्ष के इरफान को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर उन्हें एसडीएम के न्यायालय में पेश किया है।

## बिना स्वीकृति के चल रहे भत्ते को अधिकारियों ने किया सीज

कंठः बिना प्रदूषण विभाग के अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं अन्य खामियां पाए जाने पर तहसील प्रशासन पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने ईंट के भट्टे में फायर ब्रिगेड की गाड़ी से पानी की बौछार कर कर कच्ची ईंटों को नष्ट कर दिया और ईट भट्टा बंद कर दिया।ग्राम सिकंदराबाद के पास एमएस वीआईपी ब्रिक वर्क्स ईंट भट्टे पर तहसीलदार कंठ राजकुमार सिंह, नायब तहसीलदार योगेश कुमार शर्मा, पुलिस प्रशासन और फायर ब्रिगेड की टीम के साथ पहुंचे। वहां बिना प्रदूषण नियंत्रण विभाग के अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं अन्य खामियां उन्होंने देखी। मानक पूरे ना होने पर पुलिस प्रशासन और ब्रिगेड की टीम ने ईंट भट्टे की जो कच्ची ईंटें बनी हुई थी, उनमें फायर ब्रिगेड की गाड़ी से पानी चलवा कर उन्हें नष्ट कर दिया। इसके अलावा भट्टे की चिमनी की तरफ भी बौछार कर दी और पूरी तरह ईंट भट्टे बंद कर दिया। जिलाधिकारी के निर्देश पर टीम की कार्यवाही होने से अन्य अवैध रूप से ईंट भट्ठा चलाने वाले लोगों में हड़कंप मच गया है।

## ट्रक के नीचे आई बाइक हुई चकनाचूर, बाइक सवार भी गंभीर घायल

कंठः नवादा फाटक पर कंठ की तरफ से जा रहा बाइक सवार अचानक फिसल कर ट्रक के नीचे आ गया एवं बाइक चकनाचूर हो गई?। दुर्घटना में बाइक चालक घायल हो गया। ठाकुरद्वारा निवासी आकाश चौहान पुत्र संदीप चौहान मंगलवार को दिन में लगभग 3:00 बजे ठाकुरद्वारा से बाइक द्वारा सिकंदराबाद गांव में अपनी बहन को छोड़ने के लिए जा रहा था। नवादा के फाटक संख्या 432 बी? पर अचानक बाइक फिसल कर ट्रक के नीचे चली गई। जिससे भाई बहन को मामूली चोटे आई। राहगीरों के शोर मचाने पर बाइक सवार को खींचकर ट्रक के नीचे से ?बाहर निकाल लिया और थाने ले गए, जिसके बाद घायल का उपचार कराया गया। उपचार के उपरांत ट्रक चालक और बाइक सवार में समझौता हो गया। राहगीरों का कहना है कि थोड़ी सी चूक के कारण दोनों भाई बहन की जान जा सकती थी।

## बच्चों को उच्च शिक्षा के साथ-साथ दीन की शिक्षा भी दिलाएः फुजेल

जागरण मोर्चा कार्यालय

नगीनाः मुफ्ती फूजेल ने फरमाते हुए कहा कि मुसलमान को अपने बच्चों को उच्च शिक्षा के साथ-साथ दीन की शिक्षा भी दिलाए जाने की गुजारिश की है। मंगलवार की दोपहर को मौ सराय मीर स्थित एक बैंकट हॉल में मुफ्ती उवैस अकरम की सदारत व निज़ामत मुफ्ती मोहम्मद अली ने की निजामत में आयोजित प्रोग्राम में मदरसे के बच्चों ने मजहबी प्रोग्राम पेश किए और दीन के रास्तों पर चलकर हम कैसे जिंदगी गुजार सकते हैं अलग-अलग कई प्रोग्राम पेश किये। इस अवसर पर मुफ्ती फुजेल ने फरमाया कि हमें अपने बच्चों को दीन की तालीम के साथ दुनिया की तालीम भी देनी चाहिए।दीनी तालीम का माहौल बनाना चाहिए जो बच्चे स्कूल में जाते हैं उन्हें दीन के लिए पूरी पूरी समझ होनी चाहिए इसके लिए उन्होंने बच्चों के मां-बाप से कहा कि वह अपना टाइम निकाल कर अपने-अपने बच्चों को मकतब में भेजें और उनकी दीन की फिक्र करें जिससे कल कयामत के दिन वह उनकी जन्नत के लिए सिफारिश कर सके। उन्होंने कहा कि हमें अलग-अलग जगह में छोटे-छोटे मक़्तब खोलकर एक अच्छा मुसलमान होने के साथ अच्छा हिंदुस्तानी भी बनाया जा सके चुके दीन अपने मुल्क से मोहब्बत की भी बात सिखाता है इसलिए जब बच्चा दीन और दुनिया दोनों बातें अच्छी तरह सीखेगा तो समाज में अच्छा शहरी अच्छा हिंदुस्तानी बनाकर निकलेगा। संभल से आए मुफ्ती अब्दुल ग़फ़ूर ने दो बच्चों मोहम्मद जैद और मोहम्मद फहद जिन्होंने हिफ़्ज़े ऐ कुरान मुकम्मल किया की दस्तार बंदी की और 6 बच्चों ने नादरा मुकम्मल किया मुफ्ती अब्दुल ग़फ़ूर साहब ने फरमाया की रमजान का महीना आ रहा है हमें रमजान के पूरे पूरे रोजे रखना चाहिए और अल्लाह के कलाम की तिलावत जरूर सुने और पढ़ें। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों को दुनिया की तालीम के साथ दीन की तालीम भी जरूर देनी चाहिए और उनकी और अपने आखरत सुधारने का काम करना चाहिए। मदरसे के मोहतमिम मुफ्ती उस्मान ने अपने पूरे साल का प्रोग्राम पेश किया और उन्होंने तमाम ही आने वाले लोगों का शुक्रिया अदा किया इस मौक पर मुफ्ती इलियास, मुफ्ती मुशाहिद, मुफ्ती शाहिद, समाज सेवी तन्जील आलम, मुफ्ती फौजैल, कारी हिफजुर्रहमान, राशिद उस्मानी शीराज खलील, शाकिर उस्मानी, हाजी अफजल, इमरान, शाहनवाज मलिक, नौशाद मलिक, आलि मौजूद रहे।

## हज पर जाने वाले यात्रियों को दी गई हज ट्रेनिंग

जागरण मोर्चा कार्यालय

नगीनाः जामा मस्जिद मे सोमवार को एक कैंप हज पर जाने वाले हाजियों का टीकाकरण व प्रशिक्षण का अंजुमन फलाह उल हुज्जाज कमेटी नगीना की तरफ से हुआ। जिसमें लगभग हज पर जाने वाले 145 लोगों का टीकाकरण और प्रशिक्षण का कार्य पूर्ण हुआ।

सोमवार को नगीना जामा मस्जिद मे एक कैंप हज पर जाने वाले हाजियों का टीकाकरण व प्रशिक्षण का अंजुमन फलाह उल हुज्जाज कमेटी नगीना की तरफ से किया गया। जिसमें लगभग हज पर जाने वाले 145 लोगों का टीकाकरण और प्रशिक्षण का कार्य पूर्ण हुआ। जिसमें जिला हज कमेटी से जिला हज ट्रेनर फहद अली खान और मोहम्मद शादाब ने हज और टीकाकरण का काम पूर्ण कराया। इस अवसर पर मुफ्ती ओवैस अकरम , मुफ्ती फहीम व मुफ्ती अबरार ने लोगों को हज के अरकान की पूरी जानकारी दी । इन कार्यों को पूरा करने में शहर इमाम मुफ्ती उवैस अकरम , मुफ्ती अबरार ,मुफ्ती फहीम , मुफ्ती फूजेल , नगर युवा समाज सेवी हाज़ी शेख तंजील आलम , तनवीर अख्तर बैतूलमाल वाले, डॉ मोहम्मद शाकिर एडवोकेट ,शहजाद मोहम्मद, सालिक रईस, नदीम अहमद , परवेज, डॉ मुजम्मिल अज़ीम, फहीम टेंट वाले, हाफ़िज़ रफीक ,मोहम्मद आमिर ,मोहम्मद हारुन, अहमद हसन अंसारी, नौशाद, मुफ्ती शाहिद , अब्दुल कादिर आदि ने किया।

## 1100 जरूरतमंदों को रमजान राशन किट वितरित की जाएगी

स्योहारा। रमजान के अवसर पर मरकज तंजीम दावत सिदक और पयाम ए इंसानियत द्वारा इस वर्ष भी 1100 जरूरतमंद परिवारों को राशन किट वितरित करने की घोषणा की गई है।

सेक्टर रोड स्थित मक्का मस्जिद में आयोजित कार्यक्रम में शहर इमाम मौलाना हाजी कामिल कासमी ने दोनों संस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि रमजान के महीने में जरूरतमंदों की सहायता करना सराहनीय कार्य है। इस अवसर पर आयोजक मौलाना अरशद हक्की ने बताया कि राशन किट में दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री शामिल रहेगी, जिससे जरूरतमंद परिवारों को रमजान के दौरान राहत मिल सके।कार्यक्रम में कारी रिजवान, दानिश वारसी, हाफिज नफीस, मौलाना रिजवान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

# महासचिव ने बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों और अभिभावकों से की अपील

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहबादः बुधवार यानी आज से शुरू होने वाली उत्तर प्रदेश में बोर्ड परीक्षाओ को लेकर शाहबाद पत्रकार वेलफ़ेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष आफताब, महासचिव सिफत मियां, कार्यकारी अध्यक्ष राजीव भटनागर समेत सभी पदाधिकारियों ने छात्रों और अभिभावकों से अपील की है। बोर्ड परीक्षाओं में दसवीं और बारहवीं कक्षाओं के लाखों छात्र छात्राएं शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों सुबह और दोपहर में होगी।

शाहबाद पत्रकार वेलफ़ेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष आफताब तथा महासचिव सिफत मियां ने परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र छात्राओं से अपील कि है परीक्षा में बैठने से पहले टेंशन न लें। फ्री माइंड होकर प्रश्न पत्र को हल करें। ध्यान से प्रश्नों को पढ़कर उनके उत्तर लिखें। साथ ही बाइक से परीक्षा केंद्रों पर जाने वाले अभ्यर्थी बाइक को धीमा चलाएं। हेलमेट का प्रयोग करें घर से परीक्षा केंद्रों के लिए समय से निकले ताकि आप समय से परीक्षा केंद्र पहुंच सके। जल्दी के चक्कर में बाइक को तेज गति से न चलाएं।आपकी जिंदगी अनमोल है, आप देश का भविष्य है। हम अभिभावकों से भी अपील करते है कि वह खुद ही अपने बच्चों को परीक्षा केंद्रों पर छोड़ने जाएं और परीक्षा देने के बाद उन्हें स्वयं ही वापस लेकर घर आए। अभिभावक नाबालिग बच्चों को बाइक या कार न दें। लड़के भी एक बाइक पर तीन सवारी न चलें धीमे चलें, सुरक्षित पहुंचे, इस मौके पर संगठन के संरक्षक वीपी विद्यार्थी, कार्यकारी अध्यक्ष आकाश शंकर, अभिषेक शर्मा संस्थापक एहसान खा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शराफत हुसैन, संगठन मंत्री विनोद गुप्ता, उपाध्यक्ष जहीर खां, उपाध्यक्ष सुमित कश्यप, संयुक्त सचिव फैजी खां, कोषाध्यक्ष मुस्तफा हुसैन, सचिव तकरीर अहमद समेत संगठन के अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## शांति समिति कि बैठक को सम्बोधित करते सीओ



आगामी त्योहार भाईचारे और सौहार्द के प्रतीकः सीओ

स्वारः आगामी रमजान और होली पर्व के मद्देनजर मंगलवार को कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीओ अतुल कुमार पांडेय ने की। बैठक में नगर के संभ्रांत लोगों, धर्मगुरुओं एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। सीओ ने कहा कि दोनों पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्द के प्रतीक हैं। सभी नागरिक मिलजुलकर त्योहार मनाएं।

किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू करने से बचें। उन्होंने स्पष्ट किया कि परंपरागत तरीके से ही कार्यक्रम आयोजित किए जाएं और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने अफवाहों से दूर रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। साथ ही चेतावनी दी कि माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कोतवाल संजीव कुमार ने सभी लोगों से आगामी त्यौहार मिलजुल कर मनाने की अपील की। बैठक में मौजूद लोगों ने प्रशासन को सहयोग का आश्वासन दिया और शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर विधायक के भाई रफीक अहमद अंसारी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र दिवाकर, व्यापार मंडल अध्यक्ष अनवर अली, शावेज खां, अकील खां, महेन्द्र सैनी, प्रशांत शर्मा, इस्लाम अंसारी, हबीब कुरैशी, जमील अंसारी, आबिद अल्वी,मोहम्मद आरिफ, आरिफ प्रधान,अमित चंद्रा, मुंसफ अली आदि मौजूद रहें।

# वाहन को झंडी दिखाकर जिला जज ने किया रवाना

जागरण मोर्चा कार्यालय



रामपुर।जिला न्यायाधीश भानू देव शर्मा ने बहुउपयोगी प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि यह वाहन 22 फरवरी को सद्भावना मण्डप पनवड़िया में आयोजित होने वाले मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का प्रचार-प्रसार मुख्यालय स्तर पर आम जनता को जागरूक करने के लिए किया गया।

कार्यक्रम से पूर्व सभी विभागों,नगर निकाय प्राधिकरणों, विकास विभाग के अधिकारियों के साथ जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया।बैठक में उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित कि आमजन को अधिक से अधिक सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के आयोजन का उद्देश्य एक छत के नीचे विभिन्न विभागों द्वारा आम नागरिकों को त्वरित एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराना व विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ प्रदान करना है।

आम जनता से अपील है कि वह इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। कार्यक्रम के अवसर पर सभी न्यायिक अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी बिलासपुर,नोडल अधिकारी,उप मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी, वन स्टॉप सेन्टर प्रबन्धक आदि उपस्थित रहे।

# शहजादनगर में दुकानदार से मारपीट कर 25 हजार लूटने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

धमोरा। शहजादनगर थाना क्षेत्र में दबंगों ने दुकानदार से पैसे मांगने को लेकर की मारपीट कर दी। जिससे मारपीट में हुए घायल तीन लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। साथ ही सूचना पर पहुंचे पुलिस ने घायलों का मेडिकल करा दिया है।

मामला शहजादनगर गांव का है। थाने की चंद कदमों की दूरी पर देर रात का है। शहजादनगर निवासी रहमत पेशे से चौराहे पर हार्डवेयर की दुकान चलाता है,आरोप लगाया है। कि सोमवार की देर शाम दुकान बंद कर रहा था। इस दौरान गांव के ही असलम, फरमान पुत्र सलामत अपने दो अन्य साथियों के साथ दुकान पर तमंचे और छुरी के साथ आ धमके और दबंगई दिखाते हुए शराब के लिए पैसे मांगने लगे। जब पैसे देने से माना किया तो आरोपियों ने दुकान का सामान फेंकना शुरू कर दिया। घटना का वीडियो दुकान पर लगे सीसी टीवी में कैद दो गया। जब दुकान स्वामी ने सामान फेंकने को मना किया तो दबंगों ने दुकान स्वामी से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट होता देख रहमत को बचाने आए उसके बड़े भाई और भतीजे को भी मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही आरोप है। कि चारों लोग मारपीट कर दुकान से 25 हजार रुपये भी लूटकर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। मौके पर अन्य दुकानदारों ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। सीसी टी वी में कैद घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पूरी घटना की जानकारी थाना पुलिस ने लेकर घायलों को मेडिकल के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पैसे न देने पर दुकान का सामान रोड पर फेंका, वीडियो वायरल

दबंग पहले भी दे चुके हैं जान से मारने की धमकी

शहजादनगर में हार्डवेयर की दुकान स्वामी से हुई मारपीट का वीडियो सीसी टी वी कैमरे के माध्यम से सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसके चलते घायलों का कहना है। आरोपी दबंग किस्म के लोग हैं। पीड़ित का कहना है। कि यह लोग नेता लोगों से मामले रखते हैं और गांव में गुंडागर्दी के बल पर लोगों को धमकाते और रोव दिखाते हैं। आरोपी दबंग पहले भी कई बार जान से मारने की धमकी दे चुके हैं। गांव में भी आए दिन किसी न किसी के साथ मारपीट करते रहते है।

पैसे न देने पर दुकान का सामान रोड पर फेंका, वीडियो वायरल

शहजादनगर थाना क्षेत्र में दुकानदार से मारपीट और 25 हजार की घटना का सीसी टी वी फुटेज वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। आरोप है कि जब दुकान स्वामी ने पैसे देने से किया इंकार तो दबंगों ने दुकानदार का सामान रोड पर फेंकना शुरू कर दिया। जोकि सीसी टी वी कैमरे के कैद हो गया। हार्डवेयर दुकान स्वामी से मारपीट का मामला है। उनसे कोई लूट नहीं हुई है। वह सब झूठ है। जिसमें घायलों का मेडिकल करा दिया गया है। अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर ही कार्यवाही की जाएगी कुलदीप राणा थाना प्रभारी शहजादनगर

# ज्वाला क्लब ने प्रकाश क्लब को हराकर जीता मैच



रामपुरः ज्वाला क्लब के मैदान पर चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला ज्वाला क्लब वर्सेस प्रकाश क्लब के बीच खेला गया। जिसमें प्रकाश क्लब के कप्तान ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रकाश क्लब की पूरी टीम 17.2 ओवर में 98 रनों पर ऑल आउट हो गई। जिसमें अभिषेक राजपूत ने सर्वाधिक 44 रन और शुभम यादव ने 15 रन बनाए।वहीं ज्वाला क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए पवन यादव ने तीन विकेट और गौरव यादव ने दो विकेट लिए 99 रनों के लक्ष्य को ज्वाला क्लब की टीम ने 17.3 ओवर में 7 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इस तरह से यह मुकाबला ज्वाला क्लब ने तीन विकेट से जीता। फाइनल में प्रवेश किया मैन ऑफ द मैच पवन यादव रहे। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय युवा क्रांति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर नलिन सिंह रहे ! साथ में कमेटी अध्यक्ष कुलदीप सक्सेना, सुमित कुमार, विनय शर्मा, संजय,ज्वाला आदि मौजूद रहे।

## आखिरी कुल में उमड़ी भीड़, दिन भर जारी चादरों का सिलसिला



जागरण मोर्चा कार्यालय

सैदनगर। अजीमनगर थाना क्षेत्र के सींगनखेड़र से सज्जाद नशीन सैयद आरिफ मियां के घर से कुल के दिन आखिरी चादरें उठी। सींगनखेड़ा स्थित सैयद हबीब हसन शाह मियां की दरगाह पर 44 वां सालाना उर्स के आखिरी कुल में चादरपोशी की। सुबह से ही कव्वालियों की धूम रही। जिसमें अकीदतमंदों ने दिनभर लुत्फ उठाया। इस दौरान आखिरी दिन चादरपोशी का सिलसिला चलता रहा। आठ दिवसीय सालाना उर्स मंगलवार को आखिरी कुल हुआ सुबह से कव्वाली का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। बाहर से आए कव्वालों ने मौला अली की शान और अल्लाह की शान में एक से बढ़कर एक कलाम पेश किए। जिन्हें अकीदतमंदों ने खूब सराहा। विशेष रूप से सूफियाना कलामों पर अकीदतमंद झूम उठे। दिनभर दरगाह पर मे सींगनखेडा से चादरपोशी कर दुआएं मांगी। जिसके बाद चादरपोशी करने वाले अकीदतमंदों का तांता लगा रहा। दरगाह पर दूर दराज से आए महमानों ने दरगाह पर अकीदतमंदों ने मुल्क और अमन शान्ति के लिए दुआएं मांगी। बाद नमाज जौहर लंगर तस्कीम किया। दरगाह पर लगा मेले में बच्चों ने लुत्फ उठाया। इस मौके पर सैयद आरिफ मियां, सैयद आतिफ मियां, सैयद अतिर मियां, सलामत, नजाकत, अजहर, मरगूब, बब्बू, नाजिर, वकार अली, आसिफ मुकासिफ आदि मौजूद रहे।

## अधिवक्ताओं की दूसरे दिन भी जारी रही हड़ताल, कार्य से रहे विरत

रामपुर। फारूख हत्याकांड को लेकर अधिवक्ता दूसरे दिन भी न्यायिक कार्य से विरत रहे। उन्होंने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई किए जाने को लेकर धरना दिया। साथ ही एक ज्ञापन डीएम- एसपी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें अधिवक्ताओं का कहना है कि जिला पंचायत में तैनात अपर मुख्य अधिकारी की गिरफ्तारी की जाए। साथ ही मृतक के परिजनों को पांच करोड़ रूपया का मुआवजा दिलाया जाए।

मंगलवार को बार एसोसिएशन के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी ने कहा कि 11 फरवरी को दिनदहाड़े अधिवक्ता फारूख अहमद को गोली मारकर हत्या कर दी गई है। इस मामले में अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल डीएम-एसपी से मिला। लेकिन अभी तक संतोषजनक परिणाम नहीं मिले है। जिसके कारण अधिवक्ताओं में काफी आक्रोश व्याप्त हैं। इसी को लेकर मंगलवार को भी अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी रही। साथ ही उन्होंने हत्या में शामिल अपर मुख्य अधिकारी की गिरफ्तारी, मृतक के परिजनों की पांच करोड़ रूपया का मुआवजा दिलाए जाने को लेकर धरना दिया। धरना देने वालों में मोहम्मद उस्मान खां, सर्वजीत सिंह, संजीव यादव, अब्दुल खालिक, मोहम्मद अकरम, जसविन्दर सिंह, मुरताज अली, सोहन लाल, चेतराम सैनी आदि मौजूद रहे।

## नगीना चैरिटेबल ब्लड सेंटर व ब्लड डोनेशन कैंप का शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय




नगीनाः अपर जिला जज नगीना के कर कमल द्वारा फीता काटकर गोयल आयुर्वेदिक औषधालय में नवनिर्मित नगीना चैरिटेबल ब्लड सेंटर व ब्लड डोनेशन कैंप का शुभारंभ किया गया। इस ब्लड सेंटर को नगीना भारत सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट नगीना द्वारा संचालित किया जाएगा।

नगीना भारत सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नगर व आसपास के लोगों की त्वरित समस्याओं के समाधान के लिए गोयल आयुर्वेदिक औषधालय में स्थापित किए गए नगीना चैरिटेबल ब्लड सेंटर की स्थापना की गई जिसका शुभारंभ सोमवार की सुबह नगीना के अपर जिला जज अनुपम सिंह केकर कमल द्वारा फीता काटकर किया गया इस अवसर पर ट्रस्ट द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया जिसमें 8 महिलाओं सहित कल 75 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर ब्लू केंद्र को बधाई दी। आशा की गई की नगीना चैरिटेबल ब्लड सेंटर पीली तो की जान बचाने में लगातार मददगार साबित हो तथा ऐसा है लोगों की भी कम दामों पर ब्लड देकर सहायता करता रहे। नगीना भारत सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष दो श्वेत कमल, मनमीत बिश्नोई शम्मी पाल सलाउद्दीन सिद्दीकी अमन जोशी सचिन मित्तल दीपक अरोड़ा वह जतिन राजपूत ने बताया कि इस ब्लड सेंटर के खोलने का उद्देश्य क्षेत्र के पीड़ितों की सहायता करना तथा कम दामों पर ब्लू उपलब्ध कराना रहेगा उन्होंने बताया कि ब्लड डोनर को यदि ब्रेड की आवश्यकता पड़ती है,तो उसे मिनिमम खर्च मात्र 1600/ रुपए में एक यूनिट ब्लड उपलब्ध कराया जाएगा तथा जो ब्लड डोनर नहीं होंगे या बदले में ब्लड उपलब्ध नहीं कराएंगे उन्हें एक यूनिट ब्लड 3500 रुपये में उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर नगीना विधायक मनोज पारस चौधरी, कुलवीर सिंह, रुद्राक्ष वशिष्ठ , विक्की जैन, मकसूद उस्मानी, डॉक्टर विमल चौहान,डॉक्टर आकाश अग्रवाल, अमित विश्नोई, पूनम अग्रवाल मौजूद रहे।

## गांव उमरी में शिवरात्रि के पर्व पर निकाली शोभायात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय



किरतपुरः क्षेत्र के गांव उमरी में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी रविवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा का जगह-जगह पर स्वागत किया गया।वहीं स्थानीय बच्चों ने गोरा पार्वती और भोलेनाथ के वस्त्र धारण कर डीजे पर चल रहे हैं भजनों पर डांस के जरिए अपनी कला दिखा कर सबका मन मोह लिया। शोभा यात्रा में गोरा पार्वती और भोलेनाथ के भजनों पर अन्य श्रद्धालु भी झूमते नजर आए। शोभा यात्रा गांव स्थित मां काली के आश्रम से आरंभ हुई और गांव के मुख्य मार्गो से होती हुई गांव में स्थित भोलेनाथ की प्रतिमा गुंगे दास नामक से होती हुई पीपल देवता वाले मार्ग पर पहुंची और मां काली के आश्रम पर पहुंचकर संपन्न हुई।यात्रा करीब 2 बजे प्रारंभ हुई और 6 बजे संपन्न हुई।शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने काला दिखा दिखा रहे बच्चों को अपनी श्रद्धा अनुसार सहयोग किया। जिससे उनमें उत्साह और बढ़ता दिखाई दिया।वही शोभा यात्रा के समापन पर कला दिखा रहे बच्चों को जिम्मेदार लोगों द्वारा पुरस्कार देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। शोभायात्रा में सैनी समाज के सैकड़ो श्रद्धालु शामिल रहे।वहीं शोभायात्रा को सकुशल संपन्न कराने में किरतपुर पुलिस हल्का कांस्टेबल अंकुर व ,अरविंद फौजी तथा अन्य पुलिस कर्मियों का सहयोग

## अंक तालिका

ग्रुप ए

| टीम | मैच | जीता | हारा | अंक |
|---|---|---|---|---|
| भारत | ३ | ३ | ० | ६ |
| अमेरिका | ४ | २ | २ | ४ |
| पाकिस्तान | ३ | २ | १ | ४ |
| नीदरलैण्ड | ३ | १ | २ | २ |
| नामीबिया | ३ | ० | ३ | ० |

ग्रुप बी

| टीम | मैच | जीता | हारा | अंक |
|---|---|---|---|---|
| श्रीलंका | २ | २ | ० | ४ |
| जिम्बाब्वे | २ | २ | ० | ४ |
| आस्ट्रेलिया | २ | १ | १ | २ |
| आयरलैण्ड | ३ | १ | २ | २ |
| ओमान | ३ | ० | ३ | ० |

ग्रुप सी

| टीम | मैच | जीता | हारा | अंक |
|---|---|---|---|---|
| वेस्टइण्डीज | ३ | ३ | ० | ६ |
| इंगलैण्ड | ४ | ३ | १ | ६ |
| स्काटलैण्ड | ३ | १ | २ | २ |
| इटली | ३ | १ | २ | २ |
| नेपाल | ३ | ० | ३ | ० |

ग्रुप डी

| टीम | मैच | जीता | हारा | अंक |
|---|---|---|---|---|
| द. अफ्रीका | ३ | ३ | ० | ६ |
| न्यूजीलैण्ड | ३ | २ | १ | ४ |
| अफगानिस्तान | ३ | १ | २ | २ |
| यूएई | ३ | १ | २ | २ |
| कनाडा | २ | ० | २ | ० |

# हिल गयी आस्ट्रेलिया की मजबूत नींव

**टी-२० विश्वकप**

## मिचेल मार्श और ट्रैविस हेड का अर्द्धशतक, श्रीलंका को मिला १८२ रन का लक्ष्य



**पल्लेकल ( आससे )।** कप्तान मिचेल मार्श और ट्रैविस हेड के विस्फोटक अर्द्धशतकों के दम पर मजबूत शुरुआत करने के बावजूद आस्ट्रेलिया सोमवार को यहां टी-२० विश्वकप ग्रुप बी मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ २०वें ओवर की आखिरी गेंद पर १८१ रन पर सिमट गया। चोट के कारण टूर्नामेंट के शुरुआती दो मैच नहीं खेल पाये मार्श ने वापसी करते ही आक्रामक अंदाज अपनाया और २७ गेंदों में ५४ रन ठोक डाले। हेड ने भी २९ गेंदों में ५६ रन की तूफानी पारी खेली। दोनों ने मिलकर नौ ओवर से कम समय में १०४ रन जोड़कर आस्ट्रेलिया की मजबूत नींव चैयार की। श्रीलंका के गेंदबाजों ने हालांकि आखिरी १० ओवरों में शानदार वापसी की। लेग स्पिनर दुशान हेमंथा (चार ओवर में ३७ रन पर तीन विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रहे। आस्ट्रेलिया ने आखिरी चार विकेट महज छह रन के अंदर गंवा दिये। 'करो या मरो' के मु ाबले में टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आस्ट्रेलिया को ट्रैविस हेड और मिचेल मार्श की सलामी जोड़ी ने आक्रामक शुरुआत दी। श्रीलंका की ओर से गेंदबाजी का आगाज करने आये दुश्मांथा चमीरा पर मार्श दूसरी ही गेंद से हमलावर हो गये और उन्होंने इस गेंदबाज पर एक चौका और एक छक्के जड़ स्कोर बोर्ड पर १६ रन अंकित करा दिये। दूसरे छोर से आये महेश तीक्ष्णा पर ट्रैविस हेड ने हमला बोला और दो चौके जड़ दिये। श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने एक ओवर बाद ही चमीरा को हटा कर मथीसा पथिराना को मोरचे पर लगा दिये लेकिन वे चौथी गेंद पर घायल होकर मैदान से बाहर चले गये और शेष बची दो गेंद फेंकने दासुन खुद आये जिनका स्वागत ट्रैविस हेड ने चौके से किया। हेड ने प्रहार जारी रखते हुए महेश तीक्ष्णा की गेंद चार रन के लिए सीमारेखा के पार करायी फिर दासुन शनाका पर छक्का और चौका लगा दिया। पहले ओवर के बाद खामोशी की चादर ओढ़ लिए मार्श एका-एक फिर जागे और उन्होंने महेश तीक्ष्णा की तबियत से धुनाई करते हुए लगातार पांच चौके लगा कर पावर प्ले में टीम का स्कोर बिना नुकसान के ७० रन बना लिए। पावर प्ले के बाद भी हेड और मार्श का प्रहार जारी रहा और दोनों ने आक्रामक अंदाज में अर्द्धशतक पूरा कर लिया। आठ ओवर के इंताजार के बाद आखिरकार श्रीलंका इस जोड़ी को तोड़ने में सफल रही। उसे पहली सफलता दासुन हेमंथा ने ट्रैविस हेड को कामिंडु मेंडिस के हाथों कैच करा दिलायी जिन्होंने २९ गेंद में सात चौके, तीन छक्के की मदद से ५६ रन बनाये। मार्श भी २७ गेंद में आठ चौके, दो छक्के की मदद से ५४ रन बना कर दासुन हेमंथा की गेंद पर पगबाधा हो गये। कैमरुन ग्रीन (तीन) का बल्ला फिर खामोश रहा और वे वेललांगे के शिकार हो गये। टिम डेविड से बड़ी पारी की उम्मीद थी लेकिन वो भी केवल छह रन बना कर कामिंडु मेंडिस को अपना विकेट दे बैठे। इसके बाद जोश इंग्लिश और ग्लेन मैक्सवेल कुछ देर विकेट पर रुके और तेजी से २७ और २२ रन बनाये लेकिन इनके पवेलियन लौटते ही विकटों के गिरने का सिलसिला शुरू हो गया और टीम २० ओवर में १८१ रन पर सिमट गयी। दासुन हेमंथा ने ३७ रन देकर तीन तथा दुश्मांथा चमीरा ने ३६ रन देकर दो विकेट लिए।

## थोड़ा अधिक दबाव होता है-अक्षर पटेल

**कोलंबो ( एजेन्सियां )।** आलराउंडर अक्षर पटेल ने स्वीकार किया कि भारत और उसके चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच के दौरान अतिरिक्त दबाव होता है लेकिन उन्होंने कहा कि खिलाड़ी सदियों पुरानी प्रतिद्वंद्विता को लेकर बाहर हो रही चर्चाओं पर गौर न करके शांतचित्त होकर अपने काम पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करते हैं। इन दोनों देशों के बीच रविवार को यहां खेले गये मैच में भारत ने पाकिस्तान को ६१ रन से करारी शिकस्त देकर टी-२० विश्वकप के सुपर आठ चरण में प्रवेश कर लिया। अक्षर ने कहा आपके आस-पास के लोग, आपका परिवार या दोस्त इसके बारे में आपसे बात करते हैं। इसलिए एक आम मैच की तुलना में थोड़ा अधिक दबाव होता है। उन्होंने कहा पेशेवर क्रिकेटर होने के कारण हम केवल अपनी भावनाओं को नियंत्रित करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। हम प्रतिद्वंद्विता के बारे में ज्यादा नहीं सोचते और न ही इसकी वजह से खुद पर अतिरिक्त दबाव डालते हैं। नअक्षर ने कहा हम उसे एक अन्य टीम के रूप में ही देखते हैं। हम आपस की प्रतिद्वंद्विताओं आदि के बारे में नहीं सोचते। हम सिर्फ क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

# जैक्स के विस्फोटसे इंगलैण्ड सुपर आठमें

**टी-२० विश्वकप**

### हारकर भी दिल जीत गया इटली

**कोलकाता ( आससे )।** विल जैक्स (अजेय ५३) के विस्फोटक अर्द्धशतक के बाद जेमी ओवरटन (३-१८) और सैम कुरेन (३-२२) की उम्दा गेंदबाजी के दम पर इंगलैण्ड ने आखिर तक जुझारू प्रदर्शन करने वाले इटली को २४ रन से हराकर सोमवार को टी-२० विश्वकप के ग्रुप सी से सुपर आठ में प्रवेश कर लिया। शुरुआत में लड़खड़ाने के बाद संभलते हुए इंगलैण्ड ने २० ओवर में सात विकेट पर इस टूर्नामेंट में पहली बार २०० का आंकड़ा पार करते हुए २०२ रन बनाये। जवाब में इटली ने भी जोरदार टक्कर दी लेकिन अनुभव की कमी के कारण टीम २० ओवर में १७८ रन पर सिमट गयी। २०३ रन के लक्ष्य के साथ उतरी इटली की शुरुआत खराब रही। पारी की दूसरी ही गेंद पर पिछले मैच का नायकों में से एक एंथनी मोस्का खाता खोले बिना जोफ्रा आर्चर का शिकार हो गये। अगले ही ओवर की अन्तिम गेंद पर जेजे स्मिट्स भी खाता खोले बिना जोफ्रा को अपना विकेट दे बैठे। इधर एक छोर पर जस्टिन मोस्का डटे हुए थे जबकि दूसरे छोर से विकटों के गिरने का सिलसिला जारी था। कप्तान हैरी मानेंटी (१२) को जेमी ओवरटन ने पवेलियन लौटाया तो मार्कस कैम्पोपियानो (दो) सैम कुरेन के शिकार हो गये। जियान पियरो मीड भी निराश कर गये और खाता खोलने से पहले ही सैम कुरेन को अपना विकेट दे बैठे। जस्टिन मोस्का एक और अर्द्धशतक की ओर बढ़ रहे थे लेकिन जब वे ३४ गेंद में सात चौके की मदद से ४३ रन पर थे उन्हें आदिल रशीद ने टाम बेंटन के हाथों कैच करा दिया। इसके बाद बेन मानेंटी ने २५ गेंद में चार चौके, छह छक्के की मदद से ६० और ग्रांट स्टीवर्ट ने २३ गेंद में दो चौके, पांच छक्के की मदद से ४५ रन की विस्फोटक पारी खेल दी जिससे लगा कि कहीं उलटफेर न हो जाय लेकिन जैक्स ने समय पर मानेंटी को आउट करके इंगलैंड की वापसी करा दी जबकि सैम कुरेन ने स्टीवर्ट को चलता कर इटली के मंसूबे पर पानी फेर दिया। नतीजा रहा कि इटली की टीम २० ओवर में सिमटने से पहले १७८ रन ही बना सकी। इससे पहले टास जीत कर लक्ष्य निर्धारित करने के इरादे से उतरी दो बार की चैम्पियन इंगलैण्ड को फिल साल्ट ने १५ गेंद में दो चौकों और दो छक्कों की मदद से २८ रन की तेज पारी खेल कर अच्छी शुरुआत दिलायी। पांच ओवर में इंगलैंड ने ५० रन बना लिये थे। लेकिन अनुभवी जोस बटलर का खराब फार्म जारी रहा और वह तीन रन बनाकर तीसरे ओवर में ग्रांट स्टीवर्ट का शिकार हुए। पावरप्ले के बाद इंगलैण्ड का स्कोर दो विकेट पर ५४ रन था। साल्ट को छठे ओवर में अली हसन ने आउट किया जिनका शानदार कैच डीप स्क्वेयर लेग में एंथोनी मोस्का ने लपका। जैकब बेथेल ने २० गेंद में २३ रन बनाये लेकिन वह भी साल्ट के जाने के बाद टिक नहीं सके। कप्तान हैरी ब्रूक नौ गेंद में १४ रन बनाकर जेजे स्मट्स की गेंद पर आउट हुए। इससे पहले उन्होंने इसी गेंदबाज को लांग आफ और स्क्वेयर लेग पर छक्का लगाया था। टाम बेंटोन ने २१ गेंद में ३० रन बनाये। एक समय पर इंगलैण्ड के पांच विकेट १०५ रन पर गिर गये थे और वह संघर्ष करती दिख रही थी लेकिन विल जैक्स और सैम कुरेन (१९ गेंद में २५ रन) ने छठे विकेट के लिये २५ गेंद में ५४ रन जोड़ कर टीम को संभाल लिया। जैक्स ने मात्र २२ गेंद में तीन चौके, चार छक्के की सहायता से ५३ रन की आक्रामक पारी खेल दी जिससे इंगलैण्ड की टीम २० ओवर में सात विकेट पर २०२ रन बनाने में सफल हो गयी।



तूफानी पारी के दौरान स्ट्रोक लगाते ट्रेविस हेड।



तूफानी पारी के दौरान गेंद को सीमारेखा के पार कराते जैक्स।

# अफगानिस्तान ने भी किया जीत का दीदार

**टी-२० विश्वकप**

### यूएई को पांच विकेट से हराया

**नयी दिल्ली ( एजेन्सियां )।** अजमतुल्लाह उमरजई (४० रन, चार विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन और सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान (५३) के अर्द्धशतकसे अफगानिस्तानने टी-२० विश्वकपके ग्रुप डी मैचमें सोमवारको यहां यूएईको पांच विकेटसे हराकर पहली जीत दर्जकी। यूएईके २० ओवरमें नौ विकेटपर १६० रनके जवाब में अफगास्तिानने १९.२ ओवरमें पांच विकेटपर १६२ रन बना लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे अफगानिस्तानने मैच की दूसरी ही गेंदपर रहमानुल्लाह गुरबाज (शून्य) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने जुनैदकी गेंदपर शोएबको कैच थमाया। जादरानने चौथे ओवरमें हैदर अलीको निशाना बनाते हुए उनके ओवरमें तीन चौकों और एक छक्केसे १८ रन जुटाये। गुलबदिन नईब (१३) ने भी मोहम्मद जवादुल्लाहपर छक्का और चौका मारा लेकिन अगले ओवरमें मोहम्मद अरफान की गेंदको प्वाइंटपर हर्षिक कौशिक को कैच दे बैठे। अफगानिस्तानने पावरप्ले में दो विकेटपर ४१ रन बनाए। सेदिकुल्लाह अटल (१६) ने अरफानपर चौके के साथ आठवें ओवरमें टीमके रनोंका अर्द्धशतक पूरा किया और फिर अगले ओवरमें सिमरनजीत सिंहपर छक्का जड़ा लेकिन जवादुल्लाहने यार्करपर उनके विकेट उखाड़ दिए। जादराननने सिमरनजीत पर चौके और फिर दो रन के साथ ३७ गेंदमें अर्द्धशतक पूरा किया लेकिन इसके बाद अरफानकी गेंद पर यूएईके कप्तान मुहम्मद वसीमको कैच दे बैठे। जादरान ४१ गेंदोंपर छह चौकों और एक छक्केकी मदद से ५३ रन बनाये। अफगानिस्तानको अंतिम पांच ओवरमें जीतके लिए ५२ रनकी दरकार थी। अजमातुल्लाहने सिमरनजीत जबकि दारविशने अरफान पर छक्केके साथ रन और गेंदके बीचके अंतरको कम किया। अजमातुल्लाह ने अगले अगले ओवर में जुनैद पर भी छक्का जड़ा लेकिन दारविश बोल्ड हो गये। उन्होंने २३ गेंद की अपनी पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। अफगानिस्तान को अंतिम दो ओवर में १७ रन की जरूरत थी और अजमातुल्लाह ने जवादुल्लाह पर छक्के और चौके के साथ उसकी जीत तय की। इससे पहले टास हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी यूएई की टीम ने दूसरे ओवर में १३ रन पर ही अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों आर्यांश शर्मा (शून्य) और कप्तान मुहम्मद वसीम (१०) के विकेट गंवा दिए। मैच की चौथी ही गेंद पर आर्यांश ने अजमतुल्लाह की गेंद पर विकेटकीपर रहमानुल्लह गुरबाज को कैच थमाया जबकि अगले ओवर में वसीम ने मुजीब पर लगातार दो चौके मारे लेकिन इस आफ स्पिनर की अगली गेंद को चूककर पगबाधा हो गये। ओमरजई ने १५ रन देकर चार विकेट झटके, जबकि मुजीब उर रहमान और राशिद खान को एक-एक विकेट मिला। राशिद ने इसके साथ ही टी-२० में ७०० विकेट पूरे किए। शोएब ने मुजीब पर लान्ग आफ पर छक्का जड़ा और अगले ओवर में तेज गेंदबाज जियाउर रहमान पर तीन चौके मारे जबकि शराफू ने भी मुजीब पर दो चौके जड़े जिससे यूएई ने पावर प्ले में दो विकेट पर ५५ रन बनाये। शराफू ने राशिद का स्वागत मिडविकेट पर छक्के के साथ किया और फिर नूर अहमद की गेंद को भी दर्शकों के बीच पहुंचाया। यह साझेदारी हालांकि जब यूएई को मजबूत स्थिति में पहुंचा रही थी तब राशिद ने मुजीब को गेंदबाजी में वापसी कराई और उनकी गेंद पर बड़ा शाट खेलने की कोशिश में शराफू ने इब्राहिम जादरान को कैच थमा दिया। उन्होंने ३१ गेंद का सामना करते हुए तीन चौके और दो छक्के की मदद से ४० रन बनाये। अजमतुल्लाह ने १५वें ओवर में सैयद हैदर (१३) और हर्षित कौशिक (शून्य) को पवेलियन भेजकर यूएई को दोहरा झटका दिया। शोएब ने राशिद पर छक्के के साथ ३७ गेंद में अर्द्धशतक पूरा किया। अरफान (शून्य) इसके बाद राशिद की गेंद पर हिट विकेट हो गये। शोएब ने १८वें ओवर में जियाउर पर छक्का जड़ा जबकि हैदर अली ने भी इस तेज गेंदबाज पर दो चौके मारे। शोएब ने अजमतुल्लाह पर चौके के साथ १९वें ओवर में टीम के १५०रन पूरे किए लेकिन अगली गेंद पर मुजीब को कैच दे बैठे। उन्होंने ४८ गेंद में चार छक्कों और छह चौकों की सहायता से ६८ रन बनाये जिसकी बदौलत यूएई की टीम २० ओवर में नौ विकेट पर १६० रन तक पहुंच सकी। जुनैद सिद्दिकी ने २३ जबकि मोहम्मद अरफान ने ३० रन देकर दो-दो विकेट चटकाए।

## बाहर होकर भी देश को गौरवान्वित करेंगे-राशिद

**नयी दिल्ली ( एजेन्सियां )।** टी-२० विश्वकप के सुपर आठ में प्रवेश अब अफगानिस्तान के हाथ में भले ही नहीं हो लेकिन कप्तान राशिद खान ने कहा कि टूर्नामेंट से जल्दी बाहर होने की दशा में भी उनकी टीम अपने खेल से देश को गौरवान्वित करेगी। अफगानिस्तान ने ग्रुप डी में यूएई को पांच विकेट से हराया जबकि दक्षिण अफ्रीका तीन मैचों में छह अंक के साथ सुपर आठ में पहुंच गया है। न्यूजीलैण्ड के तीन मैचों में चार अंक है और चेन्नई में कनाडा को हराने पर वह सुपर आठ में पहुंच जायेगा। ऐसे में अफगानिस्तान आखिरी मैच में कनाडा को हराने पर भी बाहर हो जायेगा। राशिद ने कहा हम सर्वश्रेष्ठ की उम्मीद कर रहे हैं लेकिन अभी भी अगले दौर में पहुंचने की उम्मीद है। हमें कनाडा के खिलाफ सकारात्मक मानसिकता के साथ उतरना होगा। उन्होंने कहा अगले मैच में क्या होगा कह नहीं सकते। यह टी-२० क्रिकेट है और हम सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। अगर सुपर आठ में नहीं भी पहुंचे तो भी ऐसे ही खेलकर अपने देशवासियों को गौरवान्वित करेंगे। उन्होंने कहा यूएई को १६० के भीतर रोकना अच्छा प्रयास था।

# आयरलैण्ड पर जीत दर्ज करने उतरेगा जिम्बाब्वे

ICC MEN'S T20 WORLD CUP INDIA & SRI LANKA 2026

**पल्लीकल ( एजेन्सियां )।** पूर्व चैम्पियन आस्ट्रेलिया पर शानदार जीत के बाद जोश से भरी जिम्बाब्वे की टीम मंगलवार को यहां होने वाले टी-२० विश्वकप में आयरलैंड के खिलाफ अपनी लय बरकरार रखकर पहली बार सुपर आठ में जगह बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगी। आयरलैंड पर जीत से जिम्बाब्वे के छह अंक हो जायेगे लेकिन तब भी उसकी ग्रुप बी से सुपर आठ में जगह पक्की नहीं होगी। आस्ट्रेलिया (दो मैचों में दो अंक) और श्रीलंका (दो मैचों में चार अंक) अब भी छह अंक तक पहुंच सकते हैं। उस स्थिति में नेट रन रेट निर्णायक होगा। जिम्बाब्वे अपना आखिरी ग्रुप मैच १९ फरवरी को कोलंबो में मेजबान श्रीलंका के खिलाफ खेलेगा। अगर जिम्बाब्वे सुपर आठ में पहुंच जाता है तो यह सात प्रयासों में पहली बार होगा जब उसकी टीम इस चरण में जगह बनायेगी। टूर्नामेंट में अब तक जिम्बाब्वे का प्रदर्शन शानदार रहा है। उसके तीन तेज गेंदबाजों रिचर्ड नगारवा, ब्लेसिंग मुजरबानी और ब्रैड इवांस ने कोलंबो में खेले गये अपने पहले मैच में तीन तीन विकेट लेकर ओमान को केवल १०३ रन पर आउट कर दिया था। ब्रायन बेनेट (४८ नाबाद) की अगुवाई में उसके बल्लेबाजों को आठ विकेट से जीत हासिल करने के लिए केवल १३.३ ओवरों की जरूरत पड़ी। इसके बाद जिम्बाब्वे टूर्नामेंट में दिग्गज टीमों को हराने वाली टीम के रूप में उभरी। उसने आस्ट्रेलिया के खिलाफ दो विकेट पर १६९ रन बनाये और फिर विपक्षी टीम को सिर्फ १४६ रन पर आउट कर २३ रन से जीत हासिल की। ओपनर बेनेट ने एक बार फिर बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए नाबाद ६४ रन बनाये जबकि मुजरबानी और इवांस ने क्रमश: चार और तीन विकेट लेकर बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। चोटों से जूझ रही आस्ट्रेलिया की टीम इस टूर्नामेंट में कमजोर नजर आ रही है लेकिन उसके जैसी शीर्ष टीम को हराने से जिम्बाब्वे को आयरलैंड के खिलाफ होने वाले मैच से पहले एक बड़ा मनोवैज्ञानिक लाभ मिलेगा। टीम प्रबंधन बेनेट से उम्मीद करेगा कि वे अपनी शानदार फॉर्म बरकरार रखें। सलामी बल्लेबाज तादिवानाशे मारुमानी, रयान बर्ल और कप्तान सिकंदर रजा जैसे अन्य बल्लेबाजों ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था और वे आयरलैंड के खिलाफ मैच में भी उसी लय को बनाये रखना चाहेंगे। दूसरी ओर आयरलैण्ड ओमान पर आसान जीत के बाद इस मैच में उतरेगा। मेजबान श्रीलंका और आस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने शुरुआती दो मैच हारने के बाद वह टूर्नामेंट का अंत जीत के साथ करना चाहेगा। जिम्बाब्वे की तुलना में आयरलैंड के लिए दांव पर कुछ खास नहीं लगा है लेकिन वह जीत हासिल करके जिम्बाब्वे के सुपर आठ में जगह बनाने की संभावनाओं को जटिल बना सकता है। आयरलैंड को शुक्रवार को एक बड़ा झटका लगा क्योंकि उसके कप्तान पाल स्टर्लिंग दाहिने घुटने में चोट के कारण टी-२० विश्वकप के शेष मैचों से बाहर हो गये।

# पडिक्कलके दोहरे शतकसे कर्नाटकका विशाल स्कोर

**रणजी ट्राफी सेमीफाइनल**

### शमी के झटके के बाद संभला जम्मू-कश्मीर

**लखनऊ ( एजेन्सियां )।** कप्तान देवदत्त पड्क्किल (२३२) के प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पहले दोहरे शतक और रविटन्द्रन स्मरण (अजेय १२१) के शतक की मदद से कर्नाटक ने रणजी ट्राफी सेमीफाइनल में सोमवार को उत्तराखंड के खिलाफ छह विकेट पर ६८९ रन का पहाड़ सरीखा स्कोर खड़ा कर लिया। अपने कल के स्कोर दो विकेट पर ३५५ रन से आगे खेलते हुए कर्नाटक ने उसी लय को कायम रखा। पडिक्कल और करूण नायर (१०५ गेंद में ६० रन ) ने तीसरे विकेट के लिये १२९ रन जोड़े। उत्तरखंड को आज की पहली सफलता अभय नेगी ने दिलाई जिन्होंने करूण को विकेटकीपर सौरभ रावत के हाथों लपकवाया । पड्क्किल ने २८८ गेंद में अपना दोहरा शतक पूरा किया। वह स्मरण के साथ ५९ रन की साझेदारी करने के बाद लक्ष्य रायचंदानी की गेंद पर विकेटकीपर रावत को कैच देकर लौटे। पड्क्किल ने ३३० गेंद में २९ चौकों और तीन छक्कों की मदद से २३२ रन की पारी खेली। श्रेयस गोपाल खाता भी नहीं खोल सके और आदित्य रावत की गेंद पर बोल्ड हो गये। वहीं पड्क्किल के आउट होने के बाद स्मरण ने विकेटकीपर कृतिक कृष्णा के साथ १२३ रन की साझेदारी की। कृष्णा ने १०३ गेंद में ६० रन बनाये जिसमें छह चौके और एक छक्का शामिल था। आफ स्पिनर अवनीश सुधा ने कृष्णा को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद विद्याधर पाटिल (नाबाद ३५) ने स्मरण के साथ सातवें विकेट की अटूट साझेदारी में ८१ रन जोड़ लिये हैं। रविचंद्रन स्मरण १९१ गेंद में ११ चौकों की मदद से १२१ रन बना कर क्रीज पर मौजूद है। पहले दिन भारत के टेस्ट और एकदिनी बल्लेबाज केएल राहुल ने १४१ रन बनाये थे। वहीं कल्याणी में मोहम्मद शमी के तीन विकेट के बावजूद जम्मू कश्मीर ने बंगाल के खिलाफ दूसरे दिन सोमवार को पांच विकेट पर १९८ रन बना लिये जिससे मुकाबला अभी भी बराबरी का है। बंगाल ने पांच विकेट पर २४९ रन से आगे खेलते हुए पहली पारी में ३२८ रन बनाये। जम्मू कश्मीर के लिये आकिब नबी ने २६ ओवरों में ८७ रन देकर पांच विकेट लिये। इस रणजी सत्र में उनके ५० विकेट पूरे हो गये हैं। बंगाल के लिये फार्म में चल रहे बल्लेबाज सुदीप कुमार घरामी कल के स्कोर में दस रन और जोड़कर १४६ रन पर आउट हो गये। अनुभवी सुमंता गुप्त ने ३६ गेंद में ३९ रन बनाये। बायें हाथ के तेज गेंदबाज सुनील कुमार ने २० ओवरों में ४१ रन देकर तीन विकेट लिये। जम्मू कश्मीर की पारी में भारत के पूर्व गेंदबाज शमी ने बंगाल के लिये शानदार पहला स्पैल डाला। उन्होंने सलामी बल्लेबाज शुभमन खजूरिया (तीन) और ताविर हुसैन (दो ) को पगबाधा आउट किया जबकि शुभम पुंडीर ने मुकेश कुमार की गेंद पर स्लिप में सुदीप चटर्जी को कैच थमाया। तीन विकेट १३ रन पर गिरने के बाद जम्मू कश्मीर के लिये अनुभवी कप्तान पारस डोगरा ने ११२ गेंद में ५८ रन बनाये और युवा आईपीएल स्टार अब्दुल समद ने ८५ गेंद में ८२ रन की पारी खेली। डोगरा ने इसी के साथ रणजी ट्राफी में १०००० रन भी पूरे कर लिये । उनसे आगे केवल वसीम जाफर है जिन्होंने १२००० रन बनाये है।


## अयोग्य व्यक्ति को बड़ा काम सौंप दिया-अख्तर

**नयी दिल्ली ( एजेन्सियां )।** पाकिस्तान की हार के बाद पड़ोसी मुल्क में विवाद बढ़ता ही जा रहा है। टीम के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी पर निशाना साधा है और उनके नेतृत्व पर सवाल खड़े किए हैं। पाकिस्तान को कोलंबो में खेले गये टी-२० विश्वकप के मुकाबले में भारत के खिलाफ ६१ रनों से हार का सामना करना पड़ा। अख्तर ने कहा अब एक आदमी को तो यह भी नहीं पता कि वह पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) का चेयरमैन है। अब टीम कैसे चलेगी? आप कह रहे हैं कि एक आदमी (बाबर आजम) को आपने सुपरस्टार बना दिया लेकिन वह एक भी मैच नहीं जीता सकता। भाई जब आप इस तरह के स्टार बनाते हैं, जब आप उन्हें चुनते हैं, जब आप उन्हें छांटते हैं, तभी आपको यह समस्या आयेगी लेकिन बात यह है कि अगर आप देखें तो आपको पता है दुनिया का सबसे बड़ा अपराध क्या है? दुनिया का सबसे बड़ा अपराध यह है कि आप किसी अयोग्य व्यक्ति को कोई बड़ा काम सौंप दें। अख्तर ने कहा जब आप किसी अयोग्य और अज्ञानी व्यक्ति को कोई बड़ा काम सौंपते हैं, तो वह देश को बर्बाद कर देगा। वह किसी भी संगठन को ध्वस्त कर देगा। उदाहरण आपके सामने है, आप इतने बुद्धिमान हैं कि इसे समझ सकें। स्टार बल्लेबाज बाबर आजम आलोचनाओं के घेरे में आ गये हैं तथा देश के कई पूर्व खिलाड़ियों ने कुछ अन्य सीनियर खिलाड़ियों के साथ-साथ उन्हें भी टीम से बाहर करने की मांग की है।

# पदक पर दांव लगाने को तैयार पहलवान

### अण्डर-१५ बालक-बालिका स्टेट कुश्ती आजसे

**वाराणसी।** मुगल शाहिद बाबा और मेखुंडी उस्ताद स्मृति अण्डर-१५ बालक-बालिका कुश्ती चैम्पियनशिप १७ से १९ फरवरी तक आरटीओ आफिस गैस प्लांट रमई पट्टी जमालपुर में आयोजित की गयी है। भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह बबलू के निर्देश पर वाराणसी कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजीव सिंह रानू की देखरेख में होनेवाली इस कुश्ती प्रतियोगिता के लिए १८ फरवरी को प्रात: सात से नौ बजे तक बालिकाओं का वजन होगा। इसके उपरांत अपराह्न १० बजे से कुश्ती प्रारंभ हो जायेगी जिसमें ये बालिकाएं ३३, ३६,३९, ४२, ४६, ५०, ५४, ५८, ६२ और ६६ किलोग्राम भारवर्ग में पदक के लिए अपनी दावेदारी पेश करेंगी। बालकों के फ्री स्टाइल एवं रोमन के लिए वजन इसी दिन होगा जबकि इनकी भी कुश्ती १० बजे से होगी जिसमें ५७, ६२, ६८, ७५ तथा ८५ किलो भारवर्ग के पहलवान कुश्ती के दांव-पेंच आजमाते दिखेंगे। १९ फरवरी को वजन के उपरांत फ्री स्टाइल और ग्रीको रोमन के ३८, ४१, ४४, ४८ और ५२ किलोग्राम भारवर्ग के मुकाबले होंगे। इसी दिन पंडित गुप्तेश्वर मिश्र मेमोरियल उत्तर प्रदेश केशरी के लिए ७४ से १२५ किलोग्राम भारवर्ग के मुकाबले भी होंगे। इससे पहले १७ फरवरी को अपराह्न तीन बजे से मैनेजर, कोच और आफिसियल की मीटिंग होगी। वाराणसी कुश्ती संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोरख यादव के अनुसार तीन मैट पर होने वाली इस चैम्पियनशिप के लिए उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ की ओर से ३५ आफिसियल आयेंगे।



### बालिका हैण्डबाल : यूथ क्लब की शानदार जीत

**वाराणसी।** महिमा, अंशिका और आरती के शानदार प्रदर्शन के सहारे यूथ क्लब ने सोमवार को सुखनंदन पटेल बालिका हैण्डबाल प्रतियोगिता में रायल क्लब को २५-२० से पराजित कर दिया। परमानंदपुर मिनी स्टेडियम में खेली जा रही इस प्रतियोगिता में दोनों टीमों के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिली। कभी यूथ क्लब की टीम आगे हो जाती तो कभी रायल क्लब। आगे-पीछे होने के क्रम में मध्यांतर तक यूथ क्लब ने १६-१५ की बढ़त ले ली। दूसरे हाफ में खेल शुरू होते ही महिमा, अंशिका और आरती ने हमले की झड़ी लगा दी। इन तीनों के स्पीड और तेज शाट का जवाब रायल की डिफेंस लाइन नहीं दे सकी जिसका परिणाम रहा कि यूथ क्लब ने मुकाबला २५-२० से अपने पक्ष में कर लिया। उसके लिए महिमा, अंशिका यादव और आरती ने सात-सात और स्नेहा ने चार गोल किये। रायल क्लब के लिए दिव्या, श्रेया सिंह, आकृति और सुषमा ने पांच-पांच गोल दागे।

### हाकी : चयन परीक्षण २१ और २२ को

**वाराणसी।** गोरखपुर में २३ से २६ फरवरी तक होनेवाली प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालिका हाकी प्रतियोगिता के लिए वाराणसी की जिला स्तरीय टीम का चयन परीक्षण २१ फरवरी को तथा मंडल स्तर पर २२ फरवरी को डाक्टर भीवराव अम्बेडकर क्रीड़ा संकुल बड़ा लालपुर में आयोजित किया गया है। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी बिमला सिंह के अनुसार इच्छुक खिलाड़ी ओलम्पियन शकील अहमद, उप क्रीड़ाधिकारी अकरम महमूद और हाकी प्रशिक्षक अंकित गुप्त से संपर्क कर सकते हैं। इस परीक्षण शिविर में एक जनवरी २००७ के बाद जन्म लेने वाले बालक-बालिका ही हिस्सा ले सकते हैं।

## डोपिंग रोधी प्रयासों की हुई समीक्षा

**नयी दिल्ली ( एजेन्सियां )।** खेलों में डोपिंग से जुड़ी नयी चुनौतियों पर विचार करने के लिए सोमवार को आयोजित चौथे राष्ट्रीय अनुपालन मंच की बैठक में खराब सप्लीमेंट, दवाओं के दुरुपयोग और प्रतिबंधित पदार्थों की ऑनलाइन बिक्री जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। खेल सचिव हरि रंजन राव की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में विभिन्न हितधारकों द्वारा लागू किए गए डोपिंग रोधी प्रयासों की समीक्षा की गयी और डोपिंग रोकने के लिए अंतर-मंत्रालय समन्वय को मजबूत करने के उपायों पर विचार किया गया। राव ने आपूर्ति श्रृंखला की निगरानी को मजबूत करने और 'अनजाने में डोपिंग के जोखिम को कम करने और स्वच्छ खेल की अखंडता की रक्षा करने' के लिए जागरूकता कार्यक्रम बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक में प्रतिबंधित और अप्रमाणित पदार्थों की आनलाइन बिक्री और प्रचार सहित उभरती चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। खेल मंत्रालय ने बताया कि हितधारकों ने निगरानी बढ़ाने, नमूना परीक्षण बढ़ाने, प्रयोगशाला क्षमता का मूल्यांकन करने और पोषण सप्लीमेंट का परीक्षण भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण से मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में कराने की आवश्यकता पर बल दिया गया। इस बैठक में मंत्रालयों और संगठनों के प्रतिनिधि सहित प्रमुख हितधारक शामिल हुए।

# (इंटरव्यू) लहजे से नहीं, लगन से बनती है पहचान : मृणाल ठाकुर



रोशनी से भरे इस दौर में कुछ चेहरे ऐसे होते हैं, जो सिर्फ पर्दे पर नहीं, दिलों में बस जाते हैं। मृणाल ठाकुर उन्हीं में से एक हैं, जिनकी आंखों में सपनों की चमक है और मुस्कान में संघर्ष की कहानी। छोटे पर्दे की सादगी भरी शुरुआत से लेकर बड़े परदे की दमदार मौजूदगी तक, उनका हर कदम जुनून और आत्मविश्वास की मिसाल रहा है।

टीवी शो 'मुझसे कुछ कहती... ये खामोशियां' और 'कुमकुम भाग्य' से पहचान बनाने वाली मृणाल ने जब फिल्मों की दुनिया में कदम रखा, तो संवेदनशील फिल्म 'लव सोनिया' से अपने अभिनय की गहराई का एहसास कराया। इसके बाद 'सुपर 30', 'बटला हाउस', 'तूफान' और 'जर्सी' में उनकी मौजूदगी ने साबित किया कि वह सिर्फ एक अभिनेत्री नहीं, बल्कि हर किरदार को जीने वाली कलाकार हैं। साउथ सिनेमा में 'सीता रामम' और हाय नन्ना ने उन्हें पैन-इंडिया पहचान दिलाई। अब प्यार के इस खास मौसम में वह अपनी नई फिल्म 'दो दीवाने सहर में' के जरिए एक बार फिर भावनाओं की नई दास्तां लेकर आ रही हैं। 20 फरवरी 2026 को रिलीज हो रही इस फिल्म के मौके पर उन्होंने 'हिन्दुस्थान समाचार' से अपने सफर, संघर्ष और सपनों पर दिल खोलकर बात की।


सवाल : फिल्म के टाइटल में 'सहर' शब्द का क्या अर्थ है? मृणाल ठाकुर : उन्होंने कहा, 'सहर' का मतलब होता है भोर, अंधेरे को चीरती हुई रोशनी की पहली किरण। इस शब्द में एक सादगी है, एक देसीपन है, जो हमारी कहानी की आत्मा से जुड़ता है। इसमें उम्मीद है, नई शुरुआत है और एक कोमल भावनात्मक स्पर्श भी। पुराने गीत 'दो दीवाने शहर में' से जो शहर, सपनों और प्रेम का एहसास जुड़ा है, वही संवेदना हमारे टाइटल में भी छिपी है। बस हमने उसे थोड़ा अपना रंग दिया है। दिलचस्प बात यह है कि इस टाइटल का सुझाव संजय लीला भंसाली सर ने दिया था। इसके पीछे एक खूबसूरत सोच भी है। फिल्म में शशांक 'श' का सही उच्चारण नहीं कर पाता और 'शहर' की जगह 'सहर' बोलता है। यह केवल एक उच्चारण की गलती नहीं, बल्कि कहानी का एक मासूम और प्यारा पहलू है। इस तरह 'सहर' सिर्फ एक शहर का नाम नहीं, बल्कि नई सुबह, उम्मीद और प्रेम की शुरुआत का प्रतीक बन जाता है। सवाल : करियर की शुरुआत में क्या आपको रास्ता अनिश्चित या जोखिम भरा लगा? उस दौर में आपने खुद को कैसे संभाला?

मृणाल ठाकुर : हाँ, बिल्कुल। बचपन से ही मेरे भीतर एक झिझक थी। कई बार क्लास में जवाब पता होने के बावजूद मैं हाथ उठाने की हिम्मत नहीं जुटा पाती थी। मुझे अपनी अंग्रेज़ी को लेकर हीन भावना होती थी, क्योंकि उसमें मराठी लहजा साफ झलकता था। इतना ही नहीं, मेरा नाम 'मृणाल' लड़कों जैसा लगता है, इस वजह से स्कूल में बच्चे मुझे चिढ़ाते भी थे। फिल्म इंडस्ट्री में आने के बाद भी यह असुरक्षा मेरे साथ रही। मुझे लगता था कि मुझे और धाराप्रवाह अंग्रेज़ी बोलनी चाहिए, मेरे उच्चारण में मराठी लहजा कम होना चाहिए। लेकिन समय के साथ समझ आया कि हमारी असुरक्षाएँ तभी बड़ी बनती हैं, जब हम उन्हें खुद बड़ा बना देते हैं। आज मैं अपने व्यक्तित्व और अपनी जड़ों के साथ पूरी तरह सहज और संतुष्ट हूँ। जहां तक फिल्म 'दो दीवाने सहर में' की बात है, इसमें मेरा किरदार 'रोशनी' मेरे व्यक्तित्व का करीब साठ प्रतिशत हिस्सा दर्शाता है। बाकी चालीस प्रतिशत उसकी अपनी यात्रा और रचनात्मक निर्माण से आता है। यह कहानी दो लोगों के एक-दूसरे की कमियों को समझने, स्वीकारने और उन्हें खूबसूरती में बदल देने की है। हमने एक नरम, सादगी भरी प्रेम कहानी पेश करने की कोशिश की है, ऐसी कहानी जो आज के सोशल मीडिया के शोर में खोती जा रही सच्ची भावनाओं को फिर से जगाने का एक ईमानदार प्रयास है।

सवाल : ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री के पीछे ऑफ-स्क्रीन बॉन्डिंग कितनी अहम रही?

मृणाल ठाकुर : हमारा रिश्ता सिर्फ को-एक्टर्स वाला नहीं रहा, बल्कि सच में दोस्ती में बदल गया। हम एक-दूसरे की परवाह करते हैं, कभी हल्की-फुल्की नोकझोंक भी हो जाती है, मज़ाक-मस्ती भी होती है, लेकिन अंत में दिल से जुड़े रहते हैं। मेरे लिए सबसे खास बात उनकी काम के प्रति ईमानदारी है। मैंने कई कलाकारों को लोकप्रियता की चकाचौंध में खोते देखा है, लेकिन सिद्धांत जमीन से जुड़े इंसान हैं। सेट पर उनकी सादगी और फोकस साफ नजर आता था। वह हमेशा कुछ नया करने की कोशिश करते हैं, ताकि दर्शक सिर्फ किरदार ही नहीं, बल्कि उनके भीतर की सच्चाई भी महसूस कर सकें। ऐसे समर्पित सह-कलाकार के साथ काम करना किसी सौभाग्य से कम नहीं। पूरा अनुभव बेहद यादगार रहा। शूट के दौरान हमने मुंबई को साथ जिया, मैं उन्हें स्कूटर पर कॉलेज तक ले जाती थी, ठीक वैसे ही जैसे फिल्म में दिखाया गया है।

# बदली सनी देओल की 'गबरू' की रिलीज डेट






अभिनेता सनी देओल इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'बॉर्डर 2' की कामयाबी का जश्न मना रहे हैं। 23 जनवरी को सिनेमाघरों में आई इस फिल्म ने दुनियाभर में 440 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर बॉक्स ऑफिस पर मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया है। इसी बीच सनी ने अपनी अगली परियोजना को लेकर भी उत्सुकता बढ़ा दी है। उन्होंने अपने 68वें जन्मदिन के मौके पर नई फिल्म 'गबरू' की घोषणा की थी, जिसका निर्देशन शशांक उदापुरकर कर रहे हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म 'गबरू' का निर्माण विशाल राणा और ओम छंगानी कर रहे हैं। पहले इस फिल्म को 13 मार्च 2026 को रिलीज करने की योजना थी, लेकिन अब इसकी नई रिलीज डेट 8 मई 2026 तय की गई है। निर्माता इसे बड़े पैमाने पर सिनेमाघरों में उतारने की तैयारी में हैं। बताया जा रहा है कि 'गबरू' एक इमोशनल ड्रामा फिल्म होगी, जिसमें सनी देओल एक सशक्त और प्रभावशाली किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में उनका अंदाज पावर और जोश से भरपूर होगा, जो उनके प्रशंसकों के लिए खास आकर्षण का केंद्र बनेगा। हालांकि, कहानी और अन्य कलाकारों से जुड़ी जानकारी फिलहाल गोपनीय रखी गई है, जिससे फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्सुकता बनी हुई है।

## 'ओ रोमियो' का नया गाना 'जलवा' रिलीज, शाहिद कपूर का दिखा गुस्से और बदले वाला अंदाज




शाहिद कपूर की हालिया रिलीज फिल्म 'ओ रोमियो' सिनेमाघरों में दर्शकों का ध्यान खींच रही है। इसी बीच निर्माताओं ने फिल्म का नया गाना 'जलवा' जारी कर दिया है, जो अपने तीव्र संगीत और जोशीले अंदाज के कारण चर्चा में है।

इस गाने के बोल मशहूर गीतकार गुलजार ने लिखे हैं, जबकि इसे आवाज सोबा सिंह सितारा ने दी है। संगीत निर्देशन विशाल भारद्वाज का है। 'जलवा' की धुन दमदार और ऊर्जावान है, जो कहानी के भावनात्मक और तीखे मोड़ों को और प्रभावी बनाती है। गाने को टी-सीरीज के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इसे शेयर करते हुए शाहिद कपूर ने लिखा, ''शोले की तरह, फलक चूम के, जलवा मेरे आशिक का बड़ी धूम से निकला।'' वीडियो में शाहिद का किरदार गुस्से और बदले की भावना से भरा नजर आता है। अधिकतर दृश्य फिल्म के अहम पलों से लिए गए हैं। 13 फरवरी को रिलीज हुई इस फिल्म में तृप्ति डिमरी, अविनाश तिवारी, नाना पाटेकर, दिशा पाटनी, विक्रांत मैसी और तमन्ना भाटिया भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। 'जलवा' के रिलीज होने के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच उत्साह और बढ़ गया है।

सच के नए पहलू दिखाएगा 'द केरल स्टोरी 2', ट्रेलर रिलीज

निर्माता विपुल अमृतलाल शाह और उनके बैनर सनशाइन पिक्चर्स के समर्थन से बनी फिल्म 'द केरल स्टोरी 2ऽगोज बियॉन्ड' का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। यह फिल्म चर्चित फिल्म 'द केरल स्टोरी' का सीक्वल है और पहले भाग से अधिक व्यापक और गहन कहानी का दावा करती है। ट्रेलर की शुरुआत एक चेतावनी भरे संवाद से होती है, जिसके बाद कहानी राजस्थान, मध्य प्रदेश और केरल जैसे राज्यों में घटित घटनाओं की ओर बढ़ती है। इसमें अलग-अलग परिवारों और युवतियों की व्यक्तिगत त्रासदियों को दर्शाया गया है, जहां कथित तौर पर धोखे, जबरन धर्म परिवर्तन और रिश्तों में विश्वासघात जैसे मुद्दों को उठाया गया है। एक हिस्से में राजस्थान का परिवार अपनी नाबालिग बेटी के मामले में पुलिस स्टेशन पहुंचता है, वहीं मध्य प्रदेश में एक युवती के साथ धोखे से शादी और दबाव की कहानी दिखाई गई है। फिल्म का तीसरा आयाम केरल में स्थापित है, जहां एक अंतरधार्मिक रिश्ते के बहाने पहचान, आस्था और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के टकराव को दिखाया गया है। निर्देशक कामाख्या नारायण सिंह ने कहानी को तीन युवतियों, उल्का गुप्ता, अदिति भाटिया और ऐश्वर्या ओझा के नजरिए से प्रस्तुत किया है, जिनकी जिंदगी रिश्तों के चलते अप्रत्याशित मोड़ लेती है। फिल्म के निर्माता विपुल अमृतलाल शाह हैं, जबकि आशिन ए. शाह सह-निर्माता के रूप में जुड़े हैं। मेकर्स के अनुसार, 'द केरल स्टोरी 2ऽगोज बियॉन्ड' 27 फरवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## ई-बीआरटीएस और रोपवे परियोजनाओं को मिली रफ्तार, प्राथमिकता पर होगा क्रियान्वयन

देहरादून । आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को उत्तराखंड ई-बीआरटीएस (इलेक्ट्रिक-बस रैपिड ट्रांजिट) सहित विभिन्न ट्रांजिट परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उत्तराखंड मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक बृजेश कुमार मिश्रा सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने देहरादून, हरिद्वार और ऋषिकेश क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति प्रस्तुत की। सचिव ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार भविष्य की जरूरतों के अनुरूप शहरी ट्रांसपोर्ट सिस्टम विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में बताया गया कि ऋषिकेश में त्रिवेणी घाट से नीलकंठ मंदिर तक प्रस्तावित रोपवे परियोजना को आवश्यक अनुमोदन प्राप्त हो चुका है। स्टेज-1 फॉरेस्ट क्लीयरेंस के लिए आवेदन भी किया जा चुका है। यह परियोजना श्रद्धालुओं की सुविधा बढ़ाने के साथ पर्वतीय यातायात दबाव कम करने में सहायक होगी। बैठक में हरिद्वार में डीडीयू पार्किंग-चंडी देवी-मनसा देवी मल्टीमॉडल हब को जोड़ने वाली इंटीग्रेटेड रोपवे परियोजना पर भी चर्चा हुई। पीआरटी परियोजना के तहत चार कॉरिडोर प्रस्तावित हैं, जिनकी कुल लंबाई 20.73 किमी और 21 स्टेशन होंगे। तीर्थ सीजन में यातायात प्रबंधन को यह परियोजना नई दिशा दे सकती है। देहरादून में ई-बीआरटीएस परियोजना के अंतर्गत आईएसबीटी से रायपुर तक 31.52 किमी लंबा मेगा कॉरिडोर प्रस्तावित है, जिसमें 35 स्टेशन होंगे। बैठक के बाद सचिव ने आईएसबीटी से मसूरी डायवर्जन तक 17 प्रस्तावित स्टेशनों का स्थलीय निरीक्षण भी किया। देहरादून में पीआरटी के अंतर्गत क्लेमेंटटाउनऽबल्लूपुर, पंडितवाड़ीऽरेलवे स्टेशन और गांधी पार्कऽआईएसबीटी पार्क कॉरिडोर प्रस्तावित हैं। सचिव ने परियोजनाओं को ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी) मॉडल से जोड़ने के निर्देश दिए। बैठक में कार पार्किंग पॉलिसी-2022 के समन्वय और पीपीपी मॉडल को मजबूत करने पर बल दिया गया। सचिव ने कहा कि त्रिवेणी-नीलकंठ और हरिद्वार रोपवे परियोजनाएं एडवांस स्टेज में हैं, इसलिए इन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र क्रियान्वित किया जाए।



उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड के प्रमुख शहरों में आधुनिक, सुरक्षित और सतत सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। ई-बीआरटीएस, पीआरटी और रोपवे परियोजनाएं यातायात दबाव कम करने के साथ पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति देंगी। सरकार की इस पहल को प्रदेश में शहरी परिवहन के नए युग की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है।

## राजा बने रालोद के एससी एसटी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष



हरिद्वार,। रालोद ने उत्तराखंड में संगठन को मजबूत करने की दिशा में कदम उठाते हुए उदयवीर सिंह राजा को अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है।

मंगलवार 17 फरवरी को मध्य हरिद्वार स्थित होटल में संगठन विस्तार और पार्टी की मजबूती को लेकर आयोजित बैठक में पार्टी पदाधिकारियों ने उदयवीर सिंह राजा को एससी एसटी प्रकोष्ठ का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने की घोषणा की।

बैठक के बाद आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए रालोद के एससी एसटी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओ.पी. सागर एवं राष्ट्रीय सचिव व प्रभारी प्रभुद्ध कुमार ने कहा कि सामाजिक न्याय, किसान सम्मान और सर्वसमाज की भागीदारी ही पार्टी की असली शक्ति है। प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र पंत ने बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने पर जोर देते हुए कहा कि जब तक हर कार्यकर्ता को स्पष्ट जिम्मेदारी नहीं दी जाएगी, तब तक राजनीतिक परिवर्तन संभव नहीं है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी निशांत चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के नेतृत्व में पार्टी नई रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है। रालोद स्थानीय राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाने की तैयारी कर रहा है। एसएसी एसटी प्रकोष्ठ के नवनियुक्त अध्यक्ष उदयवीर सिंह राजा ने पार्टी नेतृत्व और संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तराखंड में रालोद को मजबूत करने के लिए समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पार्टी की नीतियां पहुंचाने का काम करेंगे। बैठक में अशोक चौधरी, निशांत चौधरी, हरमीत, उदयवीर चहल, प्रमोद डोभाल, पप्पू मेजर सिंह, आरती जायसवाल, आशीष उनियाल, सिद्धान्त चौधरी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बिलखेत में होने वाले नयार वैली एडवेंचर फ़ेस्टिवल की तैयारियों का डीएम ने लिया जायज़ा

पौड़ी गढ़वाल। सतपुली स्थित बिलखेत में 26 से 28 फरवरी तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय नयार वैली एडवेंचर फ़ेस्टिवलऽ2026 की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों को सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि नयार फ़ेस्टिवल का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें माउंटेन बाइकिंग, पैराग्लाइडिंग, एंगलिंग, कयाकिंग, पैरामोटरिंग, हॉट एयर बैलून जैसी अलग अलग गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिसमें सभी प्रतियोगिताओं के लिए आकर्षक पुरस्कारों की व्यवस्था की गयी है। साथ ही आम जनता हेतु टेंडम फ्लाइंग की व्यवस्था भी की गई है, जिससे स्थानीय नागरिकों में पैराग्लाइडिंग का रुझान बढ़ेगा। इसके अतिरिक्त युवाओं तथा स्कूली बच्चों में साहसिक खेलों का रुझान पैदा करने के लिए एडवेंचर जोन बनाया जाएगा, जिसमें विविध गतिविधियां जैसे बर्मा ब्रिज, जिपलाइन, कमांडो नेट तथा रिवर्स बंजी जंपिंग जैसी गतिविधियां रहेंगी।

# मोहित रैना और प्रियामणि का अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में बड़ा कदम



टीवी शो 'देवों के देव महादेव' से लोकप्रिय हुए अभिनेता मोहित रैना अब एक नई इंडो-हॉलीवुड फीचर फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म का निर्माण हर्ष महादेश्वर कर रहे हैं और इसमें उनके साथ राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री प्रियामणि अहम भूमिका निभाती नजर आएंगी। प्रियामणि हाल ही में 'जवान' और वेब सीरीज 'द फ़ैमिली मैन' में अपनी दमदार अदाकारी के लिए सराही गई थीं। बताया जा रहा है कि यह फिल्म एक सच्ची घटना से प्रेरित है, हालांकि इसका शीर्षक अभी तय नहीं किया गया है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, यह परियोजना अमेरिकी प्रोडक्शन कंपनी रेड बिसन प्रोडक्शंस और मुंबई स्थित एज़्योर एंटरटेनमेंट के बीच रचनात्मक सहयोग का परिणाम है। फिल्म की कहानी एक अप्रवासी परिवार की भावनात्मक और सांस्कृतिक यात्रा पर आधारित है, जो अमेरिका में अपनी पहचान और अपनेपन की तलाश में संघर्ष करता है। इसमें पारिवारिक मूल्यों, जड़ों से जुड़ाव और नए परिवेश में सामंजस्य जैसे विषयों को संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत किया जाएगा। फिल्म की शूटिंग अप्रैल 2026 से शुरू होने की योजना है। इसका अधिकांश हिस्सा अमेरिका के 'न्यूयॉर्क' और 'न्यू जर्सी' में फिल्माया जाएगा, जबकि कुछ महत्वपूर्ण दृश्य दिल्ली और 'जम्मू-कश्मीर' में शूट किए जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय पृष्ठभूमि और सशक्त कहानी के चलते इस परियोजना को लेकर फिल्म जगत में खास उत्सुकता देखी जा रही है।

# फरहान और रणवीर के बीच सुलह कराएंगे आमिर खान







फिल्म 'डॉन 3' को लेकर अभिनेता फरहान अख्तर और रणवीर सिंह के बीच विवाद गहराता नजर आ रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, रणवीर द्वारा प्रोजेक्ट बीच में छोड़ने के बाद फरहान की प्रोडक्शन कंपनी एक्सेल एंटरटेनमेंट ने 40 करोड़ रुपये मुआवजे की मांग की है। बताया जा रहा है कि रणवीर ने यह कहते हुए मुआवजा देने से इनकार कर दिया कि फिल्म इंडस्ट्री में प्रोजेक्ट्स का बनना और रुक जाना आम बात है, इसलिए वे इसके लिए जिम्मेदार नहीं हैं। वहीं निर्माताओं का कहना है कि अभिनेता के पीछे हटने से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है, क्योंकि फिल्म के प्री-प्रोडक्शन पर पहले ही बड़ी रकम खर्च की जा चुकी थी।

इसी बीच खबर है कि आमिर खान ने दोनों पक्षों के बीच सुलह कराने की पहल की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आमिर के घर पर एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें फरहान, रितेश सिधवानी के प्रोडक्शन हाउस के प्रतिनिधि और रणवीर के बीच विवाद सुलझाने की कोशिश हुई। सूत्रों का कहना है कि आमिर दोनों पक्षों के बीच चल रहे अनसुलझे मुद्दों को बातचीत से सुलझाना चाहते हैं।

रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि रणवीर ने स्क्रिप्ट से असंतुष्ट होने के कारण फिल्म छोड़ी। उनका कहना था कि निर्माता कहानी में बदलाव के लिए तैयार नहीं थे। साथ ही यह भी सामने आया है कि उन्होंने इस प्रोजेक्ट के लिए कोई अग्रिम भुगतान नहीं लिया था। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या आमिर खान की पहल से यह विवाद सुलझ पाएगा और 'डॉन 3' की राह दोबारा साफ होगी या नहीं।

# सलीम खान की तबीयत बिगड़ी अस्पताल में भर्ती, लीलावती पहुंचे सलमान खान





बॉलीवुड के दिग्गज लेखक सलीम खान की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें मुंबई के बांद्रा स्थित लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह खबर सामने आते ही उनके प्रशंसकों और फिल्म इंडस्ट्री में चिंता का माहौल है। बताया जा रहा है कि 17 फरवरी को तबीयत खराब होने के बाद उन्हें लीलावती अस्पताल लाया गया। हालांकि, अब तक उनकी सेहत को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी शेयर नहीं की गई है। पिता की तबीयत बिगड़ने की खबर मिलते ही अभिनेता सलमान खान तुरंत अस्पताल पहुंचे। अस्पताल परिसर से उनका वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें वे चिंतित नजर आ रहे हैं। सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच सलमान अपने पिता से मिलने पहुंचे। सलीम खान हिंदी सिनेमा के प्रतिष्ठित लेखकों में गिने जाते हैं और उन्होंने कई सुपरहिट फिल्मों की पटकथा लिखी है। हाल ही में नवंबर 2025 में उन्होंने अपनी पत्नी सलमा खान के साथ शादी की 61वीं सालगिरह मनाई थी। फिलहाल परिवार की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। प्रशंसक उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

जागरण मोर्चा
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, ( उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, ( उ0प्र0) से प्रकाशित ।
सम्पादक
योगेश कुमार वर्मा
मो0- 7579849555,9627739857
E-mail:
jagranmorchadaily@gmail.com
RNI.No.-UPHIN/2022/82743
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।

# नीतीश ने योजना के तहत 25 लाख महिलाओं के खातों में दस-दस हजार रुपये हस्तांतरित किए

एजेंसी



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' के तहत 25 लाख लाभुक महिलाओं के खाते में 2,500 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की।

मुख्यमंत्री श्री कुमार ने आज 1, अणे मार्ग स्थित 'संकल्प सभागार' से 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' की 25 लाख लाभुक महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपये प्रति लाभुक की दर से 2,500 करोड़ रुपये की राशि रिमोट का बटन दबाकर हस्तांतरित की। इसके पूर्व एक करोड़ 50 लाख लाभुक महिलाओं के खाते में 15 हजार 600 करोड़ रुपये की राशि हस्तांरित की जा चुकी है। अब कुल मिलाकर एक करोड़ 81 लाख महिलाओं के खाते में 18 हजार 100 करोड़ रूपये की राशि हस्तांरित कर दी गई है। मुख्यमंत्री श्री कुमार ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि बहुत खुशी की बात है कि आज 'महिला रोजगार योजना के तहत अपनी पसंद का रोजगार करने के लिए 25 लाख महिलाओं को दस-दस हजार रुपये की सहायता राशि भेजी जा रही है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर एक करोड़ 81 लाख महिलाओं को इसका फायदा मिल जायेगा। इस योजना में दी गयी सहायता से काफी संख्या में महिलाओं ने अपनी पसंद का रोजगार शुरू किया है। उन्होंने बताया कि जो महिलाएं अपना रोजगार अच्छे से करेंगी, उन्हें आगे दो लाख रुपये तक की सहायता दी जायेगी। उन्होंने कहा कि अब इसके बाद जो परिवार बचे हैं, उनको भी जल्द ही सहायता राशि दे दी जायेगी। इससे राज्य के सभी परिवारों की महिलाओं को काफी फायदा होगा। मुख्यमंत्री श्री कुमार ने कहा कि सरकार ने शुरू से ही महिला सशक्तीकरण पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि पहले बिहार में स्वयं सहायता समूह की संख्या बहुत कम थी। वर्ष 2006 में विश्व बैंक से कर्ज लेकर राज्य में स्वयं सहायता समूह का गठन किया जिसे 'जीविका नाम दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि सभी महिलाओं को इस 10 हजार रुपये की राशि से अपना काम शुरू करने में काफी मदद मिलेगी। इससे उनका परिवार खुशहाल होगा तथा बिहार का और तेजी से विकास होगा। सरकार सभी लोगों के विकास के लिये लगातार काम कर रही है। केन्द्र सरकार का भी राज्य के विकास में पूरा सहयोग मिल रहा है। गौरतलब है कि अगले पांच वर्षों (2025-2030) में विकास की गति को और तेज करने के लिए 'सात निश्चय-3' का गठन किया गया है। इसके अंतर्गत अगले 5 वर्षों में पहले निश्चय 'दोगुना रोजगार-दोगुनी आय' के तहत राज्य की प्रति व्यक्ति औसत आय को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है तथा इसके लिए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत हर परिवार की एक महिला को 10 हजार रूपये तक की सहायता दी जा रही है।

# नेहरू प्लेस में 6 मंजिला मल्टी लेवल पार्किंग का उद्घाटन

एजेंसी



नई दिल्ली। दिल्ली के नेहरू प्लेस में पार्किंग समस्या के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। सोमवार को यहां मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की उपस्थिति में 6 मंजिला मल्टी लेवल पार्किंग का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, निगम पार्षद योगिता सिंह, राजपाल, जिलाध्यक्ष माया बिष्ट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि नेहरू प्लेस का नवनिर्मित छह मंजिला पार्किंग यहां आने वाले लोगों के लिए अत्याधुनिक पार्किंग सुविधा प्रदान करेगा। उन्होंने रिकॉर्ड समय में इसे बनाकर तैयार करने के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पार्किंग की समस्या के समाधान के लिए सभी एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की पार्किंग पर अनेकों नए प्रोजेक्ट बनाने की दिशा में काम आगे बढ़ रहा है। डीडीए अपना काम कर रही है और दिल्ली सरकार भी हर जगह पार्किंग सुव्यवस्थित हो, ट्रैफिक कंजेशन कम हो और सड़कों पर ट्रांसपोर्टेशन सुचारु रूप से चल सके, इस दिशा में कार्य कर रही है। रेखा गुप्ता ने कहा कि यह मल्टी लेवल पार्किंग पूरी तरह भूकंपरोधी है, हर जगह सीसीटीवी से लैस है, ईवी चार्जिंग की सुविधा है और दिव्यांगजनों के लिए भी पूरी तरह अनुकूल है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की लीगेसी समस्याओं का समाधान अब तेजी से हो रहा है। दिल्ली को जो आधुनिक सुविधाएं चाहिए, उन्हें मिशन मोड में विकसित किया जा रहा है। अब यहां आने वाले हजारों लोगों को पार्किंग के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और इस पूरे इलाके में ट्रैफिक जाम से भी राहत मिलेगी।

# पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को अस्पताल से छुट्टी मिली

एजेंसी



चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को सोमवार को मोहाली के फोर्टिस अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उन्हें थकान महसूस होने पर एक दिन पहले अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल से छुट्टी मिलने से पहले मान ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आम आदमी पार्टी द्वारा आज मोगा के पास किल्ली चाहलां गांव में एक विशाल रैली आयोजित की जा रही है। दोस्तों, आपसे वहीं मिलते हैं। आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार नशा-विरोधी अभियान 'युद्ध नशियां विरुद्ध' के तहत मोगा में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इस कार्यक्रम में आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, राज्य के मंत्री और पार्टी के अन्य नेता शामिल होंगे। रविवार को थकान महसूस होने पर मान को मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में जांच के लिए भर्ती कराया गया था। अस्पताल के अधिकारियों ने कहा था कि मान की हालत स्थिर है। रविवार को तबीयत खराब होने के बाद मान को संगरूर से मोहाली लाया गया था। महाशिवरात्रि के अवसर पर केजरीवाल के साथ मान प्रार्थना करने संगरूर के धूरी में श्री रणकेश्वर महादेव शिव मंदिर गए थे।

# बिहार विधानसभा के बजट सत्र में इथेनॉल, पत्रकार पेंशन और नशे का मुद्दा उठा

एजेंसी



पटना। बिहार विधानसभा के बजट सत्र में सोमवार को इथेनॉल खरीद, पत्रकार पेंशन और सुखा नशा जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। जनता दल यूनाइटेड (जदयू)के विधायक श्याम रजक ने इथेनॉल प्लांट से इथेनॉल खरीद का मुद्दा उठाते हुए कहा कि प्लांट के बंद होने का खतरा उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि जब अन्य राज्यों में अधिक इथेनॉल खरीदा जा रहा है, तब बिहार का कोटा आधा कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार स्वयं बक्सर इथेनॉल प्लांट गए थे, इसके बावजूद समस्या बरकरार है। प्लांट बंद होने की स्थिति में मजदूरों के बेरोजगार होने की आशंका जताई गई। इस पर उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने जवाब देते हुए कहा कि अनुबंध के तहत 1060 किलोलीटर प्रतिदिन इथेनॉल उत्पादन की बाध्यता थी, लेकिन उत्पादन 1602 किलोलीटर प्रतिदिन से अधिक होने लगा। सरकार 1060 किलोलीटर लेने के लिए बाध्य है, फिर भी इस संबंध में केंद्र सरकार को पत्र लिखा गया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के विधायक अजय कुमार ने पत्रकार पेंशन नियमावली 2015 का मुद्दा उठाया। जवाब में मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि न्यूनतम सेवा अवधि के आधार पर ही पेंशन दी जाती है और कई राज्यों की तुलना में बिहार में अधिक पेंशन दी जा रही है। अजय कुमार ने कहा कि वर्तमान में केवल 75 पत्रकारों को पेंशन मिल रही है, जबकि पात्र पत्रकारों की संख्या अधिक है। इस पर मंत्री ने कहा कि अधिकांश पत्रकारों के पास 20 वर्ष का अनुभव नहीं है। सरकार इस विषय पर नई समिति बनाकर विचार करेगी। सहरसा से विधायक इंद्रजीत प्रसाद गुप्ता ने भी राज्य में बढ़ते सुखा नशे के मामलों पर प्रश्न उठाया और कहा कि 14 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवा इसकी चपेट में आ रहे हैं। इस पर उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने जवाब दिया कि सरकार सुखा नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर नारकोटिक्स विभाग का गठन किया गया है। बिहार की सीमाओं पर एक उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) स्तर के अधिकारी की नियुक्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि सुखा नशे के खिलाफ हर हाल में कार्रवाई जारी रहेगी।

## फिल्लौर में जानवर से युवक का कुकर्म की खबरों पर आयोग ने मांगी रिपोर्ट

फगवाड़ा। पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने फिल्लौर से सामने आयी एक बेहद परेशान करने वाली घटना का स्वतः संज्ञान लिया है, जहां कथित तौर पर एक बौद्धिक रूप से अक्षम दलित युवक के साथ एक जानवर का इस्तेमाल करके यौन शोषण किया गया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो के वायरल होने और मीडिया के कुछ हिस्सों में प्रकाशित खबरों के बाद यह मामला आयोग के संज्ञान में आया।

आयोग के अध्यक्ष जसवीर सिंह गढ़ी ने सोमवार को बताया कि आयोग ने इस मामले में जालंधर ग्रामीण पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह विर्क को 19 फरवरी तक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि स्थिति रिपोर्ट दो प्रतियों में प्रस्तुत की जाये, एक मूल प्रति और एक फोटोकॉपी और उपाधीक्षक भरत मसीह स्वयं आयोग के कार्यालय में उपस्थित होकर अपने निष्कर्ष प्रस्तुत करें।

## लूट के दो मामलों में भगोड़ा गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दो अलग-अलग लूट मामलों में भगोड़े को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान बुराड़ी निवासी मंगलू उर्फ मंगू (35) के रूप में हुई है। आरोपित को दोनों मामलों में अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित किया गया था। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने सोमवार को बताया कि वर्ष 2015 और 2024 में संबंधित अदालतों ने मंगलू को भगोड़ा करार दिया था। पुलिस के मुताबिक, 4 जुलाई 2011 को आरोपित ने अपने दो साथियों के साथ बुराड़ी इलाके में एक मकान में जबरन घुसकर परिवार को डराया-धमकाया और नकदी व जेवरात लूट लिए थे। इसके बाद 3 दिसंबर 2011 को उसने एक अन्य वारदात में चाकू की नोक पर मोबाइल फोन लूट लिया था। दोनों घटनाओं के बाद से वह लगातार फरार चल रहा था।

# एशियाई विकास बैंक के साथ बिहार की अहम रणनीतिक बैठक

■ बुनियादी ढांचा, कौशल और विनिर्माण विकास पर फोकस

एजेंसी



पटना। बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में सोमवार को एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के साथ एक महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठक आयोजित की गई। इस उच्चस्तरीय बैठक में राज्य सरकार के वित्त, शिक्षा, जल संसाधन, कृषि, नगर विकास एवं आवास, नागरिक विमानन, पथ निर्माण, उद्योग, पर्यटन तथा युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा कि बिहार आर्थिक और बुनियादी ढांचे के विकास के क्षेत्र में बड़ी छलांग लगाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि एडीबी के साथ साझेदारी राज्य के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने एडीबी टीम को आश्वस्त किया कि प्रस्तावित परियोजनाओं पर शीघ्र विचार कर राज्य सरकार ठोस कार्ययोजना तैयार करेगी। बैठक के दौरान भारत के लिए एडीबी की कंट्री डायरेक्टर मियो ओका ने विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। इस प्रस्तुतीकरण में बिहार सरकार के साथ संभावित सहयोग के कई प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा की गई। इनमें बौद्ध सर्किट का व्यापक विकास, जल संसाधन और कृषि क्षेत्र में परिवर्तन, कौशल विकास परियोजनाएं, चयनित शहरों में शहरी बुनियादी ढांचे का सुदृढ़ीकरण तथा ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित योजनाएं शामिल हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में सुधार से जुड़ी परियोजनाओं पर भी विचार किया गया। बैठक में भविष्य की प्राथमिकताओं पर विशेष ध्यान दिया गया। इसमें महिलाओं पर केंद्रित एमएसएमई विकास, विनिर्माण क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाना, लॉजिस्टिक्स प्रणाली को मजबूत करना तथा सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन में सुधार जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। साथ ही, पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल को बढ़ावा देने और स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए 'स्कूल रेडीनेस गैप' को कम करने पर भी चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त गया और मुजफ्फरपुर में एकीकृत औद्योगिक क्लस्टर विकसित करने की योजना पर भी विचार किया गया।

## भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने पताही एयरपोर्ट रनवे के लिए 43 करोड़ का टेंडर किया जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरपुर। उत्तर बिहार की आर्थिक राजधानी मुजफ्फरपुर के पताही एयरपोर्ट के विकास की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने रनवे के उन्नयन और सुदृढ़ीकरण के लिए लगभग 43 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया है। लंबे समय से नियमित हवाई सेवा की प्रतीक्षा कर रहे जिलेवासियों के लिए यह महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। जारी टेंडर के तहत रनवे को मजबूत बनाने, आधुनिक तकनीकी मानकों के अनुरूप अपग्रेड करने और आवश्यक मरम्मत कार्य किए जाएंगे। विशेषज्ञों के अनुसार, इस परियोजना के पूरा होते ही एयरपोर्ट को परिचालन के लिए तैयार करने की दिशा में सबसे बड़ी बाधा दूर हो जाएगी। लंबे समय से उपेक्षित पड़ी पताही हवाई पट्टी को अब आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा, जिससे विमानों की सुरक्षित लैंडिंग और टेक-ऑफ सुनिश्चित हो सके। टेंडर जारी होने की सूचना मिलते ही स्थानीय व्यापारियों, सामाजिक संगठनों और आम लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। मुजफ्फरपुर को 'लीची की राजधानी' के रूप में भी जाना जाता है। एयरपोर्ट के चालू होने से लीची के निर्यात को नई गति मिलने के साथ-साथ कपड़ा और अन्य स्थानीय उद्योगों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक सीधी पहुंच मिल सकेगी। एयरपोर्ट के शुरू होने से सीतामढ़ी और शिवहर जैसे आसपास के जिलों के यात्रियों को भी बड़ी राहत मिलेगी। उन्हें अब हवाई यात्रा के लिए पटना या दरभंगा जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

# यूजीसी गाइडलाइन और निष्कासन आदेश के खिलाफ जेएनयूएसयू ने किया प्रदर्शन

एजेंसी




नई दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्रसंघ (जेएनयूएसयू) ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के परामर्श को लागू करने और छात्रों के निष्कासन आदेशों को रद्द करने जैसे मुद्दों पर विश्वविद्यालय परिसर में रविवार रात छात्रों ने चेतावनी रैली निकाल के विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहें छात्रों ने अपने हाथों में बड़ा पोस्टर पकड़ रखा था, जिसमें चेतावनी रैली लिखा था। इसके साथ ही छात्रों ने नारेबाजी भी की। उल्लेखनीय है कि, विश्वविद्यालय प्रशासन ने हाल के वर्षों की सबसे सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए जेएनयूएसयू अध्यक्ष अदिति मिश्रा, उपाध्यक्ष गोपिका के. बाबू, महासचिव सुनील यादव और संयुक्त सचिव दानिश अली को दो सेमेस्टर के लिए निष्कासित कर दिया था। पूर्व अध्यक्ष नीतीश कुमार पर भी कार्रवाई की गई है। प्रशासन का आरोप है कि 21 नवंबर, 2025 को डॉ. बीआर अम्बेडकर केंद्रीय पुस्तकालय में लगाए गए फ़ेस रिकॉग्निशन आधारित एक्सेस गेट्स को नुकसान पहुंचाया गया था। इन गेट्स की स्थापना लगभग 20 लाख की लागत से की गई थी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने नीतीश कुमार पर 20,000 का जुर्माना भी लगाया है और सभी संबंधित छात्रों को तत्काल प्रभाव से पूरे परिसर से बाहर घोषित कर दिया है। छात्रसंघ ने इस कार्रवाई की निंदा करते हुए कहा कि यह कदम यूजीसी प्रमोशन ऑफ इक्विटी रेगुलेशन, 2026 के निलंबन के खिलाफ प्रस्तावित विरोध से पहले छात्रों की आवाज दबाने की कोशिश है।

